E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 121 | गुवाहाटी | शनिवार, 30 नवंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



# इंडियन ऑयल और फेयरफैक्स ने पूर्वोत्तर में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए मिलाया हाथ

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर राज्यों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को बढ़ाने के लिए एक परिवर्तनकारी पहल में, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और फेयरफैक्स इंडिया चैरिटेबल फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) के तहत हेमोडायलिसिस मशीनें उपलब्ध कराने के लिए असम, मिजोरम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और नगालैंड की सरकारों के साथ भागीदारी की है। इस सहयोग को गुवाहाटी में हस्ताक्षरित एक त्रिपक्षीय समझौते के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया। पूर्वोत्तर राज्यों में जहां स्वास्थ्य सेवा की स्थिति विशेष रूप से गंभीर है, कई जिलों में पर्याप्त हेमोडायलिसिस सुविधाओं का अभाव है। क्षेत्र का चुनौतीपूर्ण भूभाग शहरी चिकित्सा केंद्रों तक पहुंचने से असमर्थ होता है, जिससे ग्रामीण मरीज और उनके परिवार रसद और वित्तीय बोझ से जूझते हैं। इस पहल का उद्देश्य हेमोडायलिसिस सेवाओं का विकेंद्रीकरण करके, मरीजों के अस्पताल में जाने की संख्या को कम करके, मृत्यु दर को कम करके और पूर्वोत्तर में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करके इन महत्वपूर्ण अंतरालों को दूर करना है। इंडियनऑयल ने पीएमएनडीपी के तहत पूर्वोत्तर राज्यों को 110 हेमोडायलिसिस मशीनें देकर इस स्वास्थ्य सेवा अंतर को पाटने के लिए कदम उठाया है। यह पहल हेमोडायलिसिस सेवाओं का विकेंद्रीकरण करेगी, मरीजों के अस्पताल में जाने की संख्या को कम करेगी, मृत्यु दर को कम करेगी और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करेगी। हस्ताक्षर समारोह को संबोधित करते हुए इंडियन ऑयल के मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी और ईआर) उदित जैन ने साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह साझेदारी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुद्दों से निपटने में सार्वजनिक-निजी सहयोग की शक्ति का उदाहरण है। हेमोडायलिसिस सेवाओं का विकेंद्रीकरण करके, हम पूर्वोत्तर क्षेत्र में वंचित समुदायों को जीवन रक्षक देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फेयरफैक्स इंडिया चैरिटेबल फाउंडेशन के ट्रस्टी विशाल सूरी ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कदम इन क्षेत्रों के स्थानीय समुदायों की मदद करेगा, जिनके पास इस जीवन रक्षक सेवा के लिए कोई व्यवहार्य विकल्प नहीं था। इस प्रतिबद्धता को जोड़ते हुए, इंडियन ऑयल असम ऑयल डिवीजन स्टेट ऑफिस के कार्यकारी निदेशक और राज्य प्रमुख राजेश नांबियार ने कहा कि हमारा लक्ष्य पूर्वोत्तर में स्वास्थ्य सेवा की कमी को पूरा करना है। यह पहल पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे दूरदराज के इलाकों में भी समान स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए इंडियन ऑयल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पहल स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति इंडियन ऑयल की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। पूर्वोत्तर राज्यों को हेमोडायलिसिस मशीनों से लैस करके, यह सहयोग सीकेडी रोगियों और उनके परिवारों को राहत प्रदान करेगा, जिससे पूरे क्षेत्र में सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित होगी।

## हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी की वशिष्ठ पुलिस ने इलाके में अभियान चलाकर भारी मात्रा में हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि विश्वसनीय स्रोत से मिली सूचना के आधार पर बशिष्ठ पुलिस थाना क्षेत्र के भाजपा कार्यालय के पास बशिष्ठ फ्लाईओवर पर एक नाका चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान (एएस-01 क्यूसी-4643) ऑल्टो के10 वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान कार से हेरोइन बरामद किया गया। जिसके बाद चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान पहचान तैबुर रहमान (27, बरपेटा) के रूप में की गई है। जब्त किए गए वाहन का उपयोग अवैध ड्रग्स के परिवहन और वितरण के लिए किया जा रहा था। गहन तलाशी लेने पर आरोपी के पास से उसकी पैंट की जेब में छिपा कर रखी गई दो साबुनदानी में संदिग्ध हेरोइन बरामद किया गया। जिनका वजन कुल 20.91 ग्राम है।

## उपचुनाव में निर्वाचित विधायकों ने ली शपथ



**गुवाहाटी ( हिंस )।** 13 नवंबर को संपन्न हुए असम विधानसभा उपचुनाव में असम की सभी पांच सीटों पर निर्वाचित एनडीए के विधायकों ने आज असम विधानसभा में अपने पद की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के साथ ही उनके कैबिनेट के कई मंत्री तथा राज्य के विधायक विधानसभा कक्ष में मौजूद रहे। समारोह के बाद मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि आज का दिन खास है। हमारे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन के उन विधायकों ने असम विधानसभा के पटल पर शपथ ली है, जिन्हें हाल ही में उप-चुनावों में लोगों का आशीर्वाद मिलने के बाद चुना गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर खुशी हो रही है। विदित हो कि इस शपथ ग्रहण के साथ ही असम विधानसभा में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन के सदस्यों की संख्या बढ़कर 82 हो गई है। नवनिर्वाचित सदस्यों को मुख्यमंत्री ने बधाई दी है।

## कामरूप में पहाड़ों की अवैध कटाई पर प्रतिबंध

**रंगिया ( विभास )।** कामरूप जिले के जिला दंडाधिश देव कुमार मिश्रा ने आज बीएनएसएस की धारा 163 के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए कामरूप जिले में पहाड़ की अवैध कटाई, जिले के अंतर्गत सभी पहाड़ और पर्यावरण की दृष्टि से संरक्षित क्षेत्रों से भूमि और पहाड़ की मिट्टी (लाल मिट्टी) को अवैध रूप से संग्रह करने और परिवहन करने पर तत्कालीन प्रतिबंध लगाने के लिए एक निर्देश जारी किया है यह निर्देश अगली सूचना तक लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने डी असम हिल्स एंड इकोलॉजिकल साइट्स प्रोटेक्शन एक्ट, 2006 लागू कर राज्य की पहाड़ियों/नदी तलों/जलाशय क्षेत्रों में कटाई पर प्रतिबंध के बावजूद कामरूप जिले के विभिन्न स्थानों में अवैध पहाड़ों की कटाई को देखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतिबंध के लागू होने के समय कुछ व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा कामरूप जिले के विभिन्न पहाड़ों, नदी तलों और जलाशयों से अवैध रूप से रेत/मिट्टी/चट्टानों को काटना और परिवहन करने का काम जारी है जिसके फलस्वरूप जिले में भूमि संस्खलन/ नालियां बंध होने जैसा खतरा उत्पन्न हो गया है।

## जीएमसी ने शुरू की मुक्ति रथ शवगृह वैन सेवा



**गुवाहाटी ( हिंस )।** सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने और करुणामयी सेवाएं प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, गुवाहाटी नगर निगम (जीएमसी) ने शुक्रवार को मुक्ति रथ पहल शुरू की। फेडरल बैंक के तत्वावधान में, गुवाहाटी के मेयर मृगेन शरनिया ने नेहरू स्टेडियम में गुवाहाटी के लोगों को समर्पित शवगृह वैन सेवा को हरी झंडी दिखाई। मुक्ति रथ एक नि:शुल्क शवगृह वैन सुविधा है, जो स्थायी समाधानों के साथ महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए जीएमसी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह पहल जरूरत के समय अपने नागरिकों के लिए एक करुणामयी और सहायक वातावरण को बढ़ावा देने के शहर के संकल्प को रेखांकित करती है। शुभारंभ समारोह में उप महापौर स्मिता रॉय, आयुक्त मेघ निधि दहाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति देखी गई। उनका सामूहिक समर्थन शहर के सामाजिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए सहयोगी प्रयासों को उजागर करता है। नागरिक +91 8811007000 डायल करके इस नि:शुल्क सेवा का लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेयर सरानिया ने कहा कि यह पहल चुनौतीपूर्ण समय के दौरान सम्मान और समर्थन सुनिश्चित करने की दिशा में एक विनम्र कदम है। मुक्ति रथ गुवाहाटी को देखभाल और करुणा का शहर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। गुवाहाटी नगर निगम इस नेक प्रयास का समर्थन करने के लिए फेडरल बैंक के प्रति आभार व्यक्त किया ।

## ड्रग्स के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिले के कलियाबर के जखलाबंधा पुलिस ने ड्रग्स तस्करी में शामिल एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जखलाबंधा थाना क्षेत्र के सिखनी-बरहोला इलाके में चलाए गए अभियान के दौरान महिला ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिला की पहचान अकलिमा खातून (22) के रूप में की गई है। गिरफ्तार महिला को ड्रग्स बेचते समय पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने 4.35 ग्राम ड्रग्स बरामद किया। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार महिला ड्रग्स तस्कर से सघन पूछताछ कर रही है।

## इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित



**बरपेटारोड।** जेसीआई बरपेटारोड ने मास्टर कुश दुधोरिया और मिस सान्वी अग्रवाल को उनके घर जाकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में असाधारण उपलब्धियों के लिए फूलाम गमछा और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जेसी स्नेहा खेमका, अन्य जेसीआई सदस्य और दोनों बच्चों के परिवारजन उपस्थित थे। मास्टर कुश दुधोरिया ने *एक मिनट में लेटकर एक पैर पर सर्वाधिक 122 हुला हूप स्पिन* कर अपना रिकॉर्ड स्थापित किया। वहीं, मिस सान्वी अग्रवाल ने *शिव रुद्राष्टकम स्तोत्र* को मात्र 1 मिनट और 5 सेकंड में सस्वर पाठ कर अपनी विलक्षण स्मरणशक्ति और समर्पण का परिचय दिया। अध्यक्ष जेसी स्नेहा खेमका ने कहा कि इन बच्चों की मेहनत और लगन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। जेसीआई बरपेटारोड इनकी इस अद्भुत उपलब्धि पर गर्व करता है और इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। बच्चों के परिवारजनों ने भी इस सम्मान के लिए जेसीआई बरपेटारोड को धन्यवाद दिया और अपनी खुशी एवं गर्व व्यक्त किया।


## भ्रष्टाचार के आरोप में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधीक्षक निलंबित

**धुबड़ी ( हिंस )।** भ्रष्टाचार के आरोप में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। शुक्रवार को दी गई जानकारी के अनुसार धुबड़ी जिले में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधीक्षक अशोक कुमार शर्मा को अवैध रूप से राशन कार्ड आवंटित करने के आरोपों के बाद खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के निदेशालय द्वारा निलंबित कर दिया गया। आरोप है कि शर्मा द्वारा अनाधिकृत राशन कार्ड जारी किए गए हैं। विभिन्न स्तर पर आरोप लगाए गए कि शर्मा ने अन्य लोगों के साथ मिलकर बड़ी संख्या में फर्जी राशन कार्ड जारी किए। आरोपों के आधार पर अधीक्षक शर्मा को निलंबित कर दिया गया।

## व्लॉगर की हत्या के मामले में मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम की पेशेवर व्लॉगर माया गोगोई (26) की नृशंस हत्या के मुख्य आरोपी आरव हनोई को बेंगलूरू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुछ लोगों का कहना है कि संदिग्ध ने कई दिनों तक फरार रहने के बाद स्वेच्छा से आत्मसमर्पण कर दिया। संदिग्ध द्वारा खुद पुलिस से संपर्क करने और आत्मसमर्पण करने की इच्छा व्यक्त करने के बाद गिरफ्तारी हुई। जबकि, शुक्रवार को पुलिस ने कहा कि हनोई को कर्नाटक के बाहर गहन तलाशी अभियान के दौरान हिरासत में लिया गया। उल्लेखनीय है कि यह मौत बेंगलुरू के इंदिरा नगर इलाके के एक अपार्टमेंट में हुई थी। रॉयल लिविंग्स अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के एक कमरे से दुर्गंध आने की शिकायत मिलने के बाद जांचकर्ताओं ने माया गोगोई का शव बरामद किया।

## रिलायंस डिजिटल ने गुवाहाटी के छह माइल में खोला अपना नया स्टोर




**गुवाहाटी।** भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक रिटेलर का नया स्टोर अब गुवाहाटी, एनएसओ सिक्स माइल उत्सव टावर, सिक्स माइल फ्लाईओवर के पास, जीएस रोड, गुवाहाटी में सिक्स माइल रिलायंस डिजिटल आउटलेट गुवाहाटी में चौथा, असम में 9वां और पूर्वोत्तर में 13वां आउटलेट बन गया है। उद्घाटन ऑफरों व नवीनतम तकनीक की एक बड़ी रेंज के साथ, यहां ग्राहकों को मिलेग बेहतर खरीदारी का अनुभव गुवाहाटी, सिक्स माइल, 29 नवंबर 2024: हाल ही में, रिलायंस डिजिटल ने गुवाहाटी के सिक्स माइल फ्लाईओवर के पास, उत्सव बिल्डिंग में अपना नया स्टोर खोला है। बता दें कि यह टेक डेस्टिनेशन 11,852 वर्ग फुट के एक विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है, और यहां आपको सबसे अच्छी कीमतों पर नवीनतम इलेक्ट्रॉनिक्स की सबसे व्यापक रेंज मुहैया करवाई जाएगी। इतना ही नहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स की नवीनतम रेंज के साथ-साथ आपको स्टोर में सहायता के लिए एक विशेषज्ञ टेक स्क्वाड और इलेक्ट्रॉनिक्स की खरीद के बाद की देखभाल के लिए समर्पित रैस्क्यू सेवा विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे। साथ ही यहां से ग्राहक सबसे तेज डिलीवरी और इंस्टॉलेशन के साथ, बिना किसी देरी के अपने पसंदीदा इलेक्ट्रॉनिक्स आईटम प्राप्त कर सकते हैं। रिलायंस डिजिटल के इस नए स्टोर पर सबसे रोमांचक बात यह होगी, कि स्टोर में ग्राहक प्रमुख बैंक कार्डों पर 10 प्रतिशत तक कैशबैक और आकर्षक अर्ली बर्ड ऑफर का लाभ उठा सकेंगे। यह बताने योग्य है कि रिलायंस डिजिटल 500 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय ब्रैंडों के 2,000 से ज्यादा उत्पाद बेचता है, जिसमें कि घरेलू उपकरणों, जैसे कि स्मार्ट टीवी, वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, होम थिएटर व नवीनतम स्मार्टफोन, डिजिटल कैमरा, लैपटॉप, एक्सेसरीज और कई अन्य छोटे इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम की पूरी रेंज शामिल हैं। रिलायंस डिजिटल *पर्सनलाइजिंग टेक्नोलॉजी* यानि प्रौद्योगिकी को व्यक्तिगत करने के आदर्श पर चलता है, और इसी आदर्श वाक्य को सच करते हुए, रिलायंस डिजिटल का लक्ष्य अपने ग्राहकों को किफायती कीमतों पर नवीनतम तकनीक उत्पाद उपलब्ध कराना व हर ग्राहक को उनकी जीवनशैली के अनुरूप सही तकनीक मुहैया कराने में मदद करना है। इसी लक्ष्य की और अग्रसर यह अपने ग्राहकों को आसान किशतों सहित कई फाइनेंस विकल्प और शानदार ऑफर देता है।

## होजाई सदर का नाम श्रीमंत शंकरदेव नगर किए जाने पर होजाईवासियों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

**होजाई ( निसं )।** राज्य मंत्रिमंडल ने एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत होजाई जिला मुख्यालय का नाम श्रीमंत शंकरदेव नगर किए जाने को लेकर गुरुवार को होजाई जिलावासियों ने राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा को धन्यवाद दिया। जिला सदर श्रीमंत शंकरदेव नगर स्थित शंकरदेव समन्वय क्षेत्र में स्थापित महापुरुष शंकरदेव की प्रतिमूर्ति के समक्ष जिला आयुक्त विद्युत विकास भगवती ने दीप प्रज्ज्वलित किया। वहीं होजाई जिला के पूर्व विधायक तथा असम भाषिक संख्या लघु उन्नयन बोर्ड के अध्यक्ष शिलादित्य देव ने माल्या अर्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय का नाम महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव नगर किए जाने से हम होजाई जिलावासी तहे दिल से असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को धन्यवाद देते हैं। जिलावासी महापुरुष शंकरदेव के आदर्श के साथ उन्नति के शिखर पर आगे बढ़ेगा हमें पूर्ण विश्वास है। शिलादित्य देव ने आगे कहा कि 4 सितंबर को जब हमने श्रीमंत शंकरदेव नगर की तिरोभाव तिथि का आयोजन किया था। उसी वक्त हमने मुख्यमंत्री महोदय से अनुरोध किया था कि शंकरदेव नगर का नाम अगर श्रीमंत शंकरदेव नगर किया जाए तो हमें बहुत खुशी होगी और उन्होंने हमारी भावनाओं को सम्मान करते हुए श्रीमंत शंकरदेव नगर किया। वही होजाई जिले के अभिभावक मंत्री पिजुष हजारीका ने भी सामाजिक माध्यम में असम सरकार व असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को धन्यवाद दिया। आज के कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ भारी संख्या में होजाई जिलावासी उपस्थित थे।

## शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार

**मोरीगांव ( हिंस )।** मोरीगांव पुलिस की अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने एक साइबर अपराध में शामिल एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि जिले के अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीरन वैद्य के नेतृत्व में मोइराबारी पुलिस के इंस्पेक्टर पंकज दास के सहयोग से मोरीगांव पुलिस ने उक्त शातिर साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। मोइराबारी थाने में दर्ज केस नंबर 178/2024 के मामले में शातिर साइबर अपराधी एतियाबूर मुस्तफा को गिरफ्तार किया गया है।

## धुबड़ी जेल मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी जेल मामले के मुख्य आरोपी कृष्ण बर्मन को धुबड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कृष्ण बर्मन को मेडिकल जांच के लिए धुबड़ी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। धुबड़ी सदर थाने में दर्ज केस नंबर 446/24 के सिलसिले में उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार कृष्ण बर्मन को जेल परिसर से गिरफ्तार किया गया। अन्य दो आरोपितों प्रशांत राजवंशी (जेल अधीक्षक) और कैदी मुजीबुर रहमान के खिलाफ जांच चल रही है। उधर, पीड़िता को मैनेज करने गए दो दलालों के खिलाफ पुलिस ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं की है।


CONSULTATION WITH APOLLO EXPERTS

Apollo HOSPITALS

NEPHROLOGY CLINIC

DR VENKATESH RAJKUMAR

MD (Gen Medicine), DM (Nephrology) FISN(Interventions)

visiting GUWAHATI on 8th December'2024

Consultation for Urinary incontinence, bladder problems high level of urea & Creatinine, Chronic Renal failure, Kidney problems

APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE

Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10

Ph :8404037649, 03613102669, 0361-3102166


## फेफड़ों के कैंसर का पता लगाने के लिए भारत का पहला लंगलाइफ स्क्रीनिंग कार्यक्रम शुरू



**गुवाहाटी ( विभास )।** अपोलो एक्सेलकेयर हॉस्पिटल ने अपोलो कैंसर सेंटर्स (एसीसी) के सहयोग से फेफड़ों के कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए भारत का पहला लंगलाइफ स्क्रीनिंग कार्यक्रम शुरू किया है। इस अभूतपूर्व पहल का उद्देश्य फेफड़ों के कैंसर से निपटना है, जो भारत में सभी कैंसर का 5.9 प्रतिशत और कैंसर से संबंधित मौतों का 8.1 प्रतिशत है। लांच कार्यक्रम सलाहकारों (डॉक्टरों) और अन्य अस्पताल अधिकारियों की उपस्थिति में अस्पताल परिसर में आयोजित किया गया था। डॉ. एएस सीमा कुंवर (चिकित्सा अधीक्षक) ने उद्घाटन भाषण दिया और कहा कि अपोलो कैंसर केंद्रों के हिस्से के रूप में, हमें लंग-लाइफ स्क्रीनिंग कार्यक्रम शुरू करने वाले भारत के पहले व्यक्ति होने पर गर्व है, जो एक अभूतपूर्व पहल है जो ऑन्कोलॉजी में अपोलो कैंसर केंद्र के नेतृत्व को दर्शाता है। देखभाल हमारा लक्ष्य केवल जीवन बचाना नहीं है, बल्कि व्यक्तियों को उनके स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखने के लिए ज्ञान और उपकरणों से सशक्त बनाना है। डॉ. एएस राहुल करवा (सलाहकार पल्मोनोलॉजिस्ट) ने कहा कि फेफड़ों का कैंसर विश्व स्तर पर सबसे घातक कैंसरों में से एक है, लेकिन जल्दी पता लगने से जीवित रहने की संभावना काफी बढ़ जाती है। हमारे फेफड़े-जीवन स्क्रीनिंग कार्यक्रम के माध्यम से, हमारा लक्ष्य उन्नत कम खुराक वाले सीटी का उपयोग करके उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की जल्दी पहचान करना है। प्रौद्योगिकी, जो नैदानिक सटीकता को अधिकतम करते हुए विकिरण जोखिम को कम करती है धूम्रपान का इतिहास, निष्क्रिय धूम्रपान जोखिम, या फेफड़ों के कैंसर का पारिवारिक इतिहास उपचार योग्य चरण में फेफड़ों के कैंसर का पता लगाकर, हम रोगियों को बेहतर उपचार परिणामों के साथ सशक्त बनाते हैं और एक स्वस्थ भविष्य के लिए नई आशा पैदा करते हैं। डॉ. एएस आदिल हसन (सलाहकार मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट) ने कहा कि अपोलो कैंसर सेंटर के फेफड़े-जीवन स्क्रीनिंग कार्यक्रम की शुरूआत भारत में फेफड़ों के कैंसर की खतरनाक वृद्धि को संबोधित करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस व्यापक स्क्रीनिंग कार्यक्रम के साथ, हम प्रारंभिक चरण का पता लगाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जहां प्रभावी उपचार और ठीक होने की संभावना तेजी से अधिक होती है। कार्यक्रम अत्याधुनिक कम खुराक वाले सीटी स्कैन का लाभ उठाता है, जिससे रोगी की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सटीक निदान सुनिश्चित किया जाता है।

*No.DDB/BTC/Cultural/NIT-01/2024-25/* *Dated: 27/11/2024*

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders affixing a non-refundable Court Fee Stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight &Twenty Five Paisa) only with a validity period of 180 (One Hundred Eighty) days,which will subsequently to be converted and drawn up in the APWD's printed F-2 forms are invited from the registered contractors of class-II and class-I(A,B & C) category of Assam PWD (Roads & Building) and BTC, according to their eligibility for submitting tenders for the following works under Cultural Affairs Department (SOPD) fund for the year 2024-25. The Tenders will be received by the undersigned up to 01.00 P.M. on 19.12.2024 and will be opened on the same date & place at 01.30 P.M.

| Sl. No. | Name of Work | Tender Value (Rs. In Lakh) | EMD/Bid Security. (in Rs. 1% ST, SC & 2% Oth) | Cost of Tender Paper | Time of Completion (Month) | Pre-bid Date & Time. | Last date & Time of Bid submission. | Date & Time of Bid Opening.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Extension and renovation of Cultural open Stage at Naigaon Batabari village in Dotma, Kokrajhar under Cultural Affairs Department (SOPD) fund for the year 2024-25 | Rs. 8,00,000.00/- | Rs.8,000.00/- | Rs.240/- | 2 Months | 12.12.2024 (10.30 A.M) | 19.12.2024 (01.00 P.M.) | 19.12.2024 (01.30 P.M.) |

The Tender document can be seen/obtained from the undersigned during Office hours a and pre-bid meeting will be held as mentioned above. The address for the meeting is BDO's Chamber Dotma Dev. Block, Dotma. The bid will be opened in the Office of the undersigned as per the scheduled mentioned above. The TIA reserves the right of accepting of tenders paper or outright rejection of the same without assigning any reason therefore.

Sd/-Block Development Officer,
Dotma Development Block, Dotma.

*IPR(BTC)/C/2024-25/981*

শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित



राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 121 | गुवाहाटी | शनिवार, 30 नवंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

पर्यटन क्षेत्र में लोगों के जीवन में समृद्धि लाने की क्षमता : प्रधानमंत्री पेज 4
राजस्थान की 27 सड़कों के लिए केंद्र ने 1154.47 करोड़ की दी मंजूरी पेज 5
उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्ष भयभीत : योगी पेज 8
पर्थ की जीत भारत कीसबसे बड़ी विदेशी जीतों में से एक : रिकी पोंटिंग पेज 11

## बेंगलुरु में असम की महिला की हत्या मामले में ब्वॉयफ्रेंड गिरफ्तार

### शव के साथ दिनभर होटल में रहा था आरोपी



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में असम की एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को 21 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि यहां इंदिरानगर के एक सर्विस अपार्टमेंट में तीन दिन पहले असम की रहने वाली एक महिला की हत्या की गई थी। सूत्रों ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से बताया कि माया गोगोई (19) की उसके पुरुष मित्र आरव हनोय ने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी केरल के कन्नूर का रहने वाला है। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) डी देवराज ने कहा कि हमने आरोपी को पकड़ लिया है और उसे बेंगलुरु लाया गया है। हम फिलहाल उससे पूछताछ कर रहे हैं। हालांकि, अधिकारी ने उस स्थान का खुलासा नहीं किया, जहां से आरोपी को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, गोगोई की हत्या मंगलवार को सर्विस अपार्टमेंट में की गई थी, उसका शव आंशिक रूप से सड़ चुका था। अपार्टमेंट के सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि महिला और संदिग्ध 23 नवंबर को वहां पहुंचे थे। कथित तौर पर आरोपी उसकी हत्या करने के बाद वहां से भाग गया। कमरे से दुर्गंध आने पर सर्विस अपार्टमेंट के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस की एक टीम फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि गोगोई के शरीर पर कई चोट के निशान थे, जिसमें उनकी छाती पर चाकू से वार और सिर पर चोट शामिल है। प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि दोनों 23 नवंबर को दोपहर 12.28 बजे लॉज (सर्विस अपार्टमेंट) में दाखिल हुए। संदिग्ध व्यक्ति मंगलवार, 26 नवंबर को सुबह 8.19 बजे लॉज से निकला। अधिकारी ने बताया कि अपार्टमेंट से निकलने के बाद हनोय पास के इलाके में चला गया और अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (हत्या) और 238 (साक्ष्य मिटाने) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि पिछले शनिवार को माया गोगोई नाम की युवती को मुस्कुराते हुए होटल में प्रवेश करते देखा गया था। उस दौरान उसका बॉयफ्रेंड भी उसके साथ में था। होटल में घुसने की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। माया ने 23 नवंबर को बॉयफ्रेंड आरव हरनी के साथ सर्विस अपार्टमेंट किराए पर लिया था। वह बेंगलुरु में एक निजी कंपनी में काम करता है। पूरा दिन उस शव के साथ बिताने के बाद वह मंगलवार सुबह होटल के कमरे से निकल गया तभी से फरार है। करीब तीन दिन तक शव होटल के कमरे में पड़ा रहा।

## मंगलदै को मिलेगा पूर्वोत्तर का पहला सरकारी कौशल विश्वविद्यालय



**नई दिल्ली / गुवाहाटी।** केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा के अनुसार, असम के मंगलदै में पूर्वोत्तर का पहला सरकारी कौशल विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए मार्गेरिटा ने कौशल विकास पहल के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और इस मिशन में वस्त्र मंत्रालय की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। मार्गेरिटा ने समर्थ योजना पर प्रकाश डाला, जो कपड़ा क्षेत्र में रोजगार और उत्पादकता बढ़ाने के लिए बनाई गई एक पहल है। इस कार्यक्रम के तहत 3.48 लाख लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 79 प्रतिशत को सफलतापूर्वक नौकरी मिल गई है। उल्लेखनीय है कि लाभार्थियों में 88 प्रतिशत महिलाएं हैं, जिनमें अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व है। मंत्री ने इस कार्यक्रम को 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था प्राप्त करने के सरकार के लक्ष्य के साथ संरेखित करने पर जोर दिया, जो *विकसित भारत* (विकसित भारत) के दृष्टिकोण में योगदान देता है। मंत्रालय ने तकनीकी वस्त्रों में 12 स्टार्टअप परियोजनाओं के लिए 6.27 करोड़ की मंजूरी दी है और इस क्षेत्र में अनुसंधान और उद्यमिता का समर्थन करने वाली पहल शुरू की है। 2014 के बाद, भारत के कौशल पारिस्थितिकी तंत्र में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत एक परिवर्तनकारी समेकन देखा गया है। मार्गेरिटा ने 36 सेक्टर स्किल काउंसिल की स्थापना, 978 आईटीआई में दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली और एक उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम सहित महत्वपूर्ण प्रगति की ओर इशारा किया। स्टार्टअप की संख्या 2016 में 13 यूनिकॉर्न से बढ़कर 2024 में 354 बिलियन डॉलर मूल्य के 118 यूनिकॉर्न हो गई है। मार्गेरिटा ने मंत्रालय के 5 *एफ* पर ध्यान केंद्रित करने को भी रेखांकित किया: किसान – फाइबर – फैक्ट्री – फैशन – विदेशी, जिसका उद्देश्य मूल्य श्रृंखला को एकीकृत करना और निर्यात को बढ़ावा देना है। कपड़ा क्षेत्र, भारत में दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता, वर्तमान में 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करता है, जिसका लक्ष्य 2030 तक 10 करोड़ तक पहुंचना है। पीएम विश्वकर्मा योजना 18 ट्रेडों में कारीगरों को व्यापक सहायता प्रदान कर रही है, जो पारंपरिक शिल्प पर सरकार के फोकस को दर्शाती है। -शेष पृष्ठ पांच पर

## विपक्षी देश के खिलाफ साजिश में जुटे हैं : नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा में एक जनसभा में कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और देश में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में विश्वास भरा है। उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि ऐसे में सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले देश के खिलाफ साजिश में जुटे हैं। ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। महाराष्ट्र और हरियाणा में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव तथा देशभर में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में जो विश्वास भर दिया है, वो आपकी आंखों में मैं देख रहा हूं। पहले ओडिशा, फिर हरियाणा और अब महाराष्ट्र। यही तो भाजपा की विशेषता है। यही तो भाजपा के कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार करते रहते हैं लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है।

## प्रदेश भाजपा ने सांस्कृतिक और आर्थिक सहयोग के लिए असमिया एनआरआई को शामिल किया



**गुवाहाटी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), असम प्रदेश ने असमिया अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) को शामिल करने और सांस्कृतिक, आर्थिक और शैक्षिक क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से नवीन रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। पार्टी असमिया अनिवासी भारतीयों के साथ संपर्क स्थापित करने के लिए ढांचा स्थापित करने की योजना बना रही है, ताकि राज्य के विकास कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके। इस प्रयास का उद्देश्य प्रवासी समुदाय की विशेषज्ञता, संसाधनों और सद्भावना का उपयोग करना है। चर्चा में सांस्कृतिक और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक समुदायों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों, खासकर पड़ोसी बांग्लादेश के साथ, को सुलझाने के लिए समाधान -शेष पृष्ठ पांच पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### हरियाणा-महाराष्ट्र में करारी हार के बाद खड़गे सख्त, कहा-

## जवाबदेही तय करनी होगी



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार पर मंथन किया। बैठक में खड़गे ने कहा कि चुनाव परिणामों से सबक लेकर कठोर निर्णय लेने होंगे। जवाबदेही तय करनी होगी और खामियों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने पार्टी की कलह पर मंथन किया। उनका मानना है कि इसकी वजह से पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एकजुटता की कमी और अपने ही पार्टी नेताओं के खिलाफ बयानबाजी से काफी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि जब तक हम एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं करेंगे और एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ेंगे तब तक अपने विरोधियों को कैसे हरा पाएंगे। सभी को कड़ाई से अनुशासन का पालन करना होगा। सभी को यह सोचना होगा कि कांग्रेस -शेष पृष्ठ पांच पर

### महाराष्ट्र : 5 दिसंबर को हो सकता है शपथ ग्रहण

## अमित शाह के साथ बैठक के बाद भी नए सीएम पर सस्पेंस जारी



**मुंबई।** भले ही महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री चेहरे के नाम पर सस्पेंस जारी है। वहीं, अब अटकलें तेज हो गई हैं कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को आजाद मैदान में होगा। सीएम की रेस में अब भी देवेंद्र फडणवीस आगे हैं। एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को दो प्रमुख बैठकें रद्द कर दीं और सूत्रों की मानें तो वह अपने गांव सतारा के लिए रवाना हो गए हैं। विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा प्रचंड बहुमत हासिल करने के बाद महाराष्ट्र में अगली सरकार के लिए सत्ता-साझाकरण समझौते को तैयार करने के लिए शिंदे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ गुरुवार देर रात शाह और नड्डा से मुलाकात की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा में पुराने और नए चेहरों को मिलाकर 17 कैबिनेट मंत्री हो सकते हैं। एकनाथ शिंदे की शिवसेना के नौ कैबिनेट मंत्री और अजित पवार की एनसीपी के सात कैबिनेट मंत्री हो सकते हैं। एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि गुरुवार रात राज्य में सरकार गठन के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ उनकी *अच्छी और सकारात्मक* चर्चा हुई। मुंबई रवाना होने से पहले नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री पर फैसला राज्य की राजधानी में महायुति गठबंधन की -शेष पृष्ठ पांच पर

सुप्रभात

*ज्ञानी और छल-कपट से रहित शुद्ध मन वाले व्यक्ति को ही मंत्री बनाएं।*

- आचार्य चाणक्य

## रंग घर और चिड़ियाघर के लिए केंद्र ने फंड को दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** असम के दो प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के अब दिन बदलने वाले हैं। इनके विकास के लिए केंद्र सरकार ने फंज जारी किया है। केंद्र सरकार ने इन दोनों पर्यटन स्थलों के लिए करीब 200 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। पर्यटन स्थल रंग घर और राज्य चिड़ियाघर कम बॉटनिकल गार्डन को राज्य के पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता के तहत बढ़ावा मिला है। असम के पर्यटन क्षेत्र को भारी बढ़ावा मिलने के बाद, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस मंजूरी केलिए आभार व्यक्त किया। अपने आधिकारिक एक हैंडल पर मुख्यमंत्री हिमंत ने लिखा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने असम के दो प्रमुख पर्यटन स्थलों – रंग घर और राज्य चिड़ियाघर के विकास के लिए करीब 200 करोड़ की मंजूरी दी है, जो कि राज्यों के लिए पूंजी निवेश के तहत विशेष सहायता के रूप में है। गुवाहाटी स्थित असम राज्य चिड़ियाघर -शेष पृष्ठ पांच पर

## बरपेटा से गिरफ्तार हुआ लॉरेंस विश्नोई गैंग का सख्स, ले जाया गया नेपाल




**काठमांडू (हि.स.)।** केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) की टीम ने पिछले कुछ हफ्तों से नेपाल के 50 से अधिक व्यवसायियों को फोन कर रंगदारी देने की धमकी देने वाले शख्स को भारत के असम से गिरफ्तार किया है। भारतीय सुरक्षा बलों की सहायता से गिरफ्तार किए गए इस शख्स को नेपाल की सीमा तक लाया गया, जिसके बाद उसे नेपाली सुरक्षाबलों के हवाले कर दिया गया। सीआईबी के प्रवक्ता हविंद्र बोगटी ने शुक्रवार को बताया कि खुद को लॉरेंस विश्नोई गैंग का बताते हुए एक व्यक्ति ने नेपाल के पचास से अधिक व्यापारियों, उद्योगपतियों और बैंकर्स को फोन कर रंगदारी मांगी -शेष पृष्ठ पांच पर

## महाराष्ट्र के गोंदिया में बस पलटने से 11 की मौत, 35 घायल



**मुंबई (हि.स.)।** गोंदिया जिले के अर्जुनी तहसील के खजरी गांव के पास शुक्रवार दोपहर एक एसटी महामंडल की शिवशाही बस एक कार बचाने के चक्कर में पलट जाने से 11 लोगों की मौके पर मौत हो गई है। इस घटना में करीब 35 लोग घायल हैं और इन सभी को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रत्येक मृतक के परिजन को 10 लाख रुपए देने की घोषणा की है। शिंदे ने घायलों का सरकारी खर्च पर इलाज करवाए जाने का आदेश दिया है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है, इसलिए इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार एसटी महामंडल की शिवशाही बस आज नागपुर से गोंदिया जा रही थी। अचानक अर्जुनी तहसील के खजरी गांव के पास एक कार को बचाते समय बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही -शेष पृष्ठ पांच पर

## दिल्ली विस चुनाव में अकेले उतरेगी कांग्रेस, आप नहीं करेगी गठबंधन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के साथ किसी भी गठबंधन से इनकार करते हुए आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने के अपने फैसले की घोषणा की। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में सभी 70 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने साफ किया कि चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं होगा। यादव ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में फैसला चुनाव के बाद कांग्रेस विधायक दल द्वारा किया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों की तुलना महाभारत के समान *धर्मयुद्ध* से की थी। पूर्व सीएम ने जिला -शेष पृष्ठ पांच पर

## पहले ही दिन सीजफायर का उल्लंघन फिर भिड़ गए इजरायल-लेबनान



**तेल अबीब।** सीजफायर समझौते के तहत हिज्बुल्लाह के लड़ाकों और इजरायली सेना को 60 दिनों के भीतर दक्षिणी लेबनान से पूरी तरह पीछे हटना था। इसके बाद लेबनान की सेना और संयुक्त राष्ट्र के शांतिदूतों को इस क्षेत्र में तैनात किया जाना था। इजरायली सेना ने कहा कि उन्होंने दक्षिणी लेबनान की ओर संदिग्ध गाड़ियों के काफिले को जाते देखा, जिसके बाद हमला किया गया। सेना का आरोप है कि हिज्बुल्लाह ने सीजफायर की शर्तों का उल्लंघन किया। इसके जवाब में उन्होंने दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों पर हमला किया। लेबनान की सेना ने आरोप लगाया कि इजरायली सेना ने बुधवार और गुरुवार को कई बार सीजफायर का उल्लंघन किया। हिज्बुल्लाह की केंद्रीय नेतृत्व ने चेतावनी दी कि वे सीमा पार इजरायली गतिविधियों पर नजर बनाए रखेंगे और उनकी *उंगलियां ट्रिगर पर* हैं। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को किसी भी उल्लंघन का तुरंत जवाब देने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर हिज्बुल्लाह हथियारबंद होने, रॉकेट लॉन्च करने, सुरंग -शेष पृष्ठ पांच पर

## चटगांव में मंदिरों पर हमला, हिंदू समुदाय के लोगों ने ली सुरक्षित स्थानों पर शरण



**चटगांव।** बांग्लादेश के चटगांव में शुक्रवार को चरमपंथी समूहों ने दो हिंदू मंदिरों पर हमला किया और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर भी हमला किया, जिससे इलाके में रहने वाले हिंदू परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह हमला शुक्रवार की नमाज के बाद हुआ, जब कई दुकानों को भी निशाना बनाया गया। सूत्रों के मुताबिक, हमलावरों में जमात-ए-इस्लामी और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चरमपंथी शामिल थे। उन्होंने राधा गोविंदा और शांतनेश्वरी मातृ मंदिरों को निशाना बनाया। यह घटना उस समय हुई, जब इलाके में हिंदू धार्मिक संगठन इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर एक मार्च निकाला जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पुलिस और सेना के जवान हिंसा में शामिल नहीं हुए और मूकदर्शक बने रहे। यह इलाका मुख्य रूप से हिंदू बहुल है, जहां की लगभग 90 प्रतिशत आबादी हिंदू समुदाय की है। हिंसा बढ़ने के डर से कई हिंदू परिवारों ने इलाके को छोड़ दिया और -शेष पृष्ठ पांच पर

# पर्यटन क्षेत्र में लोगों के जीवन में समृद्धि लाने की क्षमता : प्रधानमंत्री



नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि पर्यटन क्षेत्र में अनेक लोगों के जीवन में समृद्धि लाने की क्षमता है, इसे देखते हुए सरकार भारत के पर्यटन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ह्लपर्यटन में अनेक लोगों के जीवन में समृद्धि लाने की क्षमता है। हमारी सरकार भारत के पर्यटन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिक से अधिक लोग अतुल्य भारत के चमत्कारों का अनुभव कर सकें। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एक्स पर पोस्ट में कहा कि यह सुनिश्चित करना कि पूरी दुनिया भारत के हर कोने को देखे। भारत के पर्यटन क्षेत्र को भारी बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने आज पूंजी निवेश के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत 23 राज्यों में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, ताकि प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि 3,295.76 करोड़ रुपये की लागत वाली ये परियोजनाएं स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी और स्थायी पर्यटन के माध्यम से रोजगार पैदा करेंगी। लोकप्रिय स्थलों पर भीड़भाड़ कम करने, उन्नत तकनीकों को एकीकृत करने, स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे और आगंतुकों के अनुभवों को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने से लेकर, भारत की प्राकृतिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक भव्यता का आनंद लेने की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए विश्व स्तरीय अनुभव सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए जाएंगे।

**प्रधानमंत्री ने मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया** – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया। मंगल मुंडा का सड़क दुर्घटना के बाद झारखंड के रिम्स में इलाज चल रहा था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भगवान बिरसा मुंडा जी के वंशज मंगल मुंडा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना उनके परिवार के साथ ही झारखंड के जनजातीय समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करे। ओम शांतिः!

## राज्य के औद्योगिक विकास के लिए अडानी से कई बार मिले लेकिन राज्य सरकार से उनके साथ कोई समझौता नहीं हुआः जगनमोहन रेड्डी




अमरावती, (हि.स.)। वाईएसआर कांग्रेस नेता और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने अडानी मामले पर सनसनीखेज बयान और इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के राजधानी अमरावती के अपने कार्यालय ताडेपल्ली में मीडिया से बात की। उन्होंने अपनी सरकार के दौरान किए गए बिजली खरीद समझौतों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में इनसे सरकार का राजस्व बढ़ा है। जगन ने कहा कि चंद्रबाबू सरकार के राजस्व को हड़पने की कोशिश करने और अडानी के खिलाफ दर्ज मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि उनका नाम कहीं भी नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पिछले पांच वर्षों में कई बार अडानी से मिल चुके हैं। उन्होंने खुलासा किया कि यहां कुछ परियोजनाओं पर समझौते भी किये गए लेकिन कोई तीसरा पक्ष इस समझौता में भाग नहीं लिया है। जगन मोहन रेड्डी ने चेतावनी दी कि वह उनके खिलाफ झूठ फैलाने वालों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। जगनमोहन रेड्डी ने कहा कि वे यह दिखाने की साजिश रच रहे हैं कि उनकी सरकार के शासनकाल के दौरान बिजली खरीद समझौते गलत थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य के इतिहास में सबसे सस्ती बिजली खरीद हमारे शासनकाल के दौरान की गई थी। केंद्र सरकार ने कहा कि वे विशेष प्रोत्साहन देंगे। 5.10 रुपये से घटाकर 2.49 रुपये प्रति यूनिट हमारे पास 15 हजार 9 मी. बिजली की खपत है.. इससे लाखों करोड़ों की बचत होना क्या संपत्ति सृजन नहीं है? जब आपको केंद्र से लेकर राज्य तक इतना अच्छा ऑफर मिलता है तो मैं इसे किनारे रख दूं तो आप मेरे बारे में क्या सोचते हैं? जगन ने पूछा कि क्या सीएम चंद्रबाबू जानबूझकर झूठ फैलाकर अधर्म निभा रहे हैं? वाईएस जगन ने कहा कि पहले कभी इतनी सस्ती कीमत पर बिजली नहीं खरीदी गई। चंद्रबाबू के कार्यकाल के दौरान 2014-19 के बीच 133 पीपीए बनाए गए। पवन ऊर्जा के औसत 4.80 रुपये प्रति यूनिट पर बनाए गए खरीदा। जगन ने कहा कि उन्होंने औसतन 5.90 रुपये में सौर ऊर्जा की एक यूनिट खरीदी। क्या ऐसे समझौते करने वाले चंद्रबाबू कुशल और ईमानदार हैं? वाईएस जगन ने कहा कि चंद्रबाबू के सोलर ठेकों की वजह से हर साल 2 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा.. 25 साल में 50 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। क्या यह राज्य के नागरिकों से धोखा करना नहीं है?

## प्रशांत विहार धमाका, पुलिस ने दर्ज किया केस



नई दिल्ली, (हि.स.)। रोहिणी जिले के प्रशांत विहार स्थित क्राइम ब्रांच कार्यालय और मारग्रेट स्कूल से कुछ कदम की दूरी पर गुरुवार सुबह हुए धमाके में प्रशांत विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 326 (जी) (सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर परिणाम वाली शरारत), सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम की धारा 4 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3 के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उक्त मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस की 15 से अधिक टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज खंगाले हैं लेकिन अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी तक स्थानीय निवासियों, सफाईकर्मियों और सुरक्षा गार्डों समेत 150 लोगों से पूछताछ की गई है। शुक्रवार को भी स्थानीय पुलिस के अलावा अन्य जांच एजेंसियां भी मौके पर पहुंचीं। उल्लेखनीय है प्रशांत विहार स्थित क्राइम ब्रांच कार्यालय और मारग्रेट स्कूल से कुछ कदम की दूरी पर पार्क की दीवार पर धमाका हुआ। यह धमाका गुरुवार सुबह 11 बजकर 48 मिनट पर हुआ। यह धमाका प्रशांत विहार के वीर सावरकर पार्क के फुटपाथ के पास हुआ था। इस घटना में एक तिपहिया वाहन चालक को मामूली चोट लगी थी, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद कल ही अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।

## संसद के दोनों सदनों में व्यवधान जारी, कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित



नई दिल्ली, (हि.स.)। लोकसभा और राज्यसभा में आज भी व्यवधान जारी रहा। इसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही थोड़े अंतराल के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष अडाणी और संभल मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग कर रहा था। राज्यसभा में आज कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्ष ने विरोध स्वरूप हंगामा शुरू कर दिया। सभापति ने कहा कि नियम 267 को व्यवधान का एक हथियार बनाया जा रहा है। उन्होंने व्यवधान पर गहरी पीड़ा और दुख व्यक्त किया। सभापति ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से बार-बार विपक्ष उन्हीं मुद्दों को उठा रहा है। इसके चलते हमने तीन कार्य दिवस खो दिए हैं। हम एक बड़ा उदाहरण पेश कर सकते हैं लेकिन हम उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं। व्यवधान को बढ़ता देख कार्यवाही को सदन शुरू होने के कुछ ही समय बाद सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दूसरी ओर लोकसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे और फिर बाद में दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश की जनता सदन को सुचारू रूप से चलते हुए देखना चाहती है। संवाद होना चाहिए सहमति और असहमति लोकतंत्र की असली ताकत है।

# दिल्ली के बीकानेर हाउस को अटैच करने के आदेश पर फिलहाल रोक




नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली के बीकानेर हाउस को अटैच करने के आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी। पटियाला हाउस कोर्ट के कमर्शियल कोर्ट के स्पेशल जज विद्या प्रकाश ने राजस्थान के नोखा नगरपालिका को एफ हफ्ते के अंदर 50,31,512 रुपये की रकम जमा करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी 2025 को होगी। पटियाला हाउस कोर्ट ने एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड और राजस्थान के नोखा नगरपालिका के बीच के विवाद में हुए समझौते का पालन नहीं करने पर बीकानेर हाउस को अटैच करने का आदेश जारी किया था। कोर्ट ने आदेश में कहा था कि नोखा नगरपालिका 21 जनवरी 2020 को एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में 50,31,512 रुपये की आर्बिट्रल अवार्ड पारित किया गया था। इस अवार्ड के खिलाफ नोखा नगरपालिका की अपील खारिज कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा था कि नोखा नगरपालिका को बार-बार ये कहा गया कि वो अपनी संपत्तियों की जानकारी संबंधी हलफनामा दाखिल करे लेकिन उसने किसी भी आदेश का पालन नहीं किया। ऐसे में बीकानेर हाउस को अटैच करने के सिवाय कोई विकल्प नहीं बचा है। कोर्ट ने बीकानेर हाउस की बिक्री की घोषणा की शर्तों को तय करने के लिए नोखा नगरपालिका के संबंधित अधिकारी को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया था। जिसके बाद आज नोखा नगरपालिका की ओर से बीकानेर हाउस को अटैच करने के आदेश पर रोक की मांग की गई।

# नौसेना ने अरब सागर में दो श्रीलंकाई नावों से बरामद की 500 किलो ड्रग्स

**- दोनों नावों के 09 लोगों को गिरफ्तार करके श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंप दिया गया**



नई दिल्ली, (हि.स.)। अरब सागर में मछली पकड़ने वाली दो श्रीलंकाई नावों से 500 किलो ड्रग्स बरामद करके 09 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जब्ती की यह कार्रवाई भारत और श्रीलंका की नौसेनाओं के संयुक्त अभियान में की गई है। चालक दल और जब्त नशीले पदार्थों के साथ दोनों नावों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंप दिया गया है। भारतीय नौसेना के गुरुग्राम स्थित सूचना संलयन केंद्र (हिंद महासागर क्षेत्र) को श्रीलंकाई नौसेना से अरब सागर में श्रीलंकाई ध्वज वाली मछली पकड़ने वाली दो नावों से मादक पदार्थों की तस्करी किये जाने के बारे में जानकारी मिली। इस इनपुट पर भारतीय नौसेना के लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान और दूर से संचालित विमान से व्यापक निगरानी की गई। साथ ही निगरानी प्रयासों को बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना जहाज के एक जहाज को भी तैनात किया गया। मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में सूचना के आधार पर भारतीय नौसेना ने दोनों नावों को रोकने के लिए एक समन्वित अभियान के माध्यम से त्वरित प्रतिक्रिया दी। श्रीलंकाई नौसेना से लगातार मिल रही सूचनाओं और भारतीय नौसेना के विमानों से हवाई निगरानी के आधार पर 24 और 25 नवंबर को दो नावों की पहचान की गई।

मादक पदार्थ विरोधी अभियानों का संचालन करने के लिए भारतीय नौसेना के एक अतिरिक्त जहाज को भी तैनात किया गया था। इसके बाद जहाज और हवाई संपत्तियों के बीच दोनों नावों के चालक दल को सचेत किया गया, जिस पर सभी सदस्यों ने हाथ खड़े करके समर्पण कर दिया। भारतीय और श्रीलंकाई नौसेना के समन्वित अभियान में जहाज की बोर्डिंग टीम ने दोनों नावों पर चढ़ाई की और लगभग 500 किलोग्राम नशीले पदार्थ (क्रिस्टल मेथ) जब्त किए गए। चालक दल और जब्त नशीले पदार्थों के साथ दोनों नावों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

## संभल मस्जिद मामले पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश तक ट्रायल कोर्ट कोई कार्रवाई न करे : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने संभल के ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया है कि वो जामा मस्जिद विवाद मामले पर तब तक कोई कार्रवाई नहीं करें जब तक इलाहाबाद हाई कोर्ट कोई निर्देश न दे दे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम पक्ष सर्वे के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट जा सकते हैं। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश का पालन करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से शांति और सद्भाव बनाए रखने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट कमिश्नर की रिपोर्ट को सील कवर रखने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि ये रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की जाए। सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने देश भर में ऐसे कई मुकदमों पर सवाल उठाया। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर अलग से सुनवाई चल रही है, इस मामले को वहीं रखा जाएगा। संभल जामा मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर निचली अदालत के सर्वे के आदेश को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि यह असाधारण मामला है इसलिए कोर्ट की ओर से असाधारण कदम उठाया जाए। मस्जिद कमेटी ने निचली अदालत के फैसले पर तुरंत रोक लगाने की मांग की थी। निचली अदालत ने मस्जिद के सर्वे का आदेश दिया था। संभल की जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें कुछ लोग मारे गए थे।

# संविधान को लेकर भ्रम फैलाते हैं राहुल गांधी, जनता ने नकारा : आठवले



लखनऊ, (हि.स.)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के अध्यक्ष रामदास आठवले ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी संविधान को लेकर भ्रम फैलाते हैं लेकिन महाराष्ट्र की जनता ने उनके झूठ को नकार दिया। विपक्ष बेकार के मुद्दों को उठाता रहता है और स्वयं की समीक्षा नहीं करता। अब राहुल गांधी ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं। आठवले ने लखनऊ के गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता में कहा कि राहुल गांधी ईवीएम को हटाने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि ईवीएम भाजपा सरकार में नहीं आई। अगर बैलेट पेपर से चुनाव होता है तो उसके लिए भी हम तैयार हैं। बैलेट पेपर में एनडीए को इससे ज्यादा सफलता मिलेगी। विपक्ष महाराष्ट्र हार गया तो ईवीएम का रोना रो रहा है लेकिन झारखंड में जीत हुई तो उस पर कुछ नहीं बोल रहा। मोदी ने पिछले 10 साल में देश का खूब विकास किया लेकिन विपक्ष उनको इस विकास का क्रेडिट नहीं देना चाहता। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। पिछले तीन महीनों में करीब 50 लोगों ने अन्य पार्टियों में अलग-अलग पदों पर रहने वाले लोगों ने आरपीआई की सदस्यता ली है। सुहेलदेव समाज पार्टी से 26, समाजवादी पार्टी से 4 और बहुजन समाज पार्टी से 20 लोग छोड़कर आरपीआई में शामिल हुए हैं। इसके अलावा प्रदेश के अलग-अलग जिलों से करीब 20 हजार नए लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। आठवले ने कहा कि आरपीआई(ए) उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के नेतृत्व में 2026 में जिला पंचायत का चुनाव लड़ने जा रही है। आरपीआई (ए) केंद्र में एनडीए के साथ है। उत्तर प्रदेश में भी आरपीआई (ए) को अपना दल, निषाद पार्टी, सुहेलदेव समाज पार्टी की तरह गठबंधन में शामिल कर प्रतिनिधित्व देना चाहिए। इससे 2027 में भाजपा की और ज्यादा सीटें आएंगी।

## महाराष्ट्र के गोंदिया में बस पलटने से 10 की मौत, 35 घायल

**कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की**



मुंबई, (हि.स.)। गोंदिया जिले के अजुर्नी तहसील के खजरी गांव के पास शुक्रवार दोपहर एक एसटी महामंडल की शिवशाही बस एक कार बचाने के चक्कर में पलट जाने से 10 लोगों की मौके पर मौत हो गई है। इस घटना में करीब 35 लोग घायल हैं और इन सभी को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रत्येक मृतक के परिजन को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की है। शिंदे ने घायलों का सरकारी खर्च पर इलाज करवाए जाने का आदेश दिया है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है, इसलिए इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार एसटी महामंडल की शिवशाही बस आज नागपुर से गोंदिया जा रही थी। अचानक अजुर्नी तहसील के खजरी गांव के पास एक कार को बचाते समय बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही एसटी प्रशासन, स्थानीय पुलिस की टीम और राहत और बचाव दल तत्काल मौके पर पहुंचा और मौके पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया है। पुलिस के अनुसार एसटी बस में से खबर लिखे जाने तक 10 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। जानकारी मिलते ही कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उक्त दुर्घटना के संबंध में स्थानीय प्रशासन से स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने घायलों को तत्काल और उचित इलाज देने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री शिंदे ने भी मृतकों के आश्रितों को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का भी आदेश दिया है। भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गोंदिया में शिवशाही बस दुर्घटना को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि गोंदिया जिले में सडक अजुर्नी के पास एक शिवशाही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई और कुछ यात्रियों की मौत हो गई। दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम उनके परिवार का दुख साझा करते हैं। इस घटना में घायल हुए लोगों का अगर किसी निजी अस्पताल में इलाज कराना भी पड़े तो उन्हें तुरंत ऐसा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने लिखा कि गोंदिया के कलेक्टर से भी कहा है कि यदि आवश्यकता हो तो उन्हें नागपुर स्थानांतरित करने की व्यवस्था करें। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत कार्य का समन्वय कर रहे हैं।

## ईडी ने डेयरी कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रमोटरों के 1.3 करोड़ रुपये किए जब्त




नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डेयरी कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रमोटरों के ठिकानों पर छापेमारी के बाद 1.3 करोड़ रुपये की नकदी और मुखौटा कंपनियों से जुड़े साक्ष्य जब्त किए हैं। ईडी ने यह कार्रवाई 1400.62 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की है। ईडी ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि उसने डेयरी कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों के ठिकानों पर छापेमारी के बाद 1.3 करोड़ रुपये की नकदी और मुखौटा कंपनियों से जुड़े साक्ष्य जब्त किए हैं। एजेंसी ने इस मामले में 27 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें तत्कालीन निदेशक संजय ढींगरा और सिद्धांत गुप्ता और उनसे संबंधित अन्य फर्जी कंपनियों से जुड़े 15 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान 1.3 करोड़ रुपये की नकदी और विभिन्न अपराध-संकेती साक्ष्य बरामद कर जब्त किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान लगभग 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की लग्जरी कारें और डीमैट खाते भी मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत फ्रीज किए गए हैं। दरअसल क्वालिटी लिमिटेड का परिसमापन (लिक्विडेशन) हो चुका है। ये कंपनी अब नए मालिकों के पास है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने ये कार्रवाई सितंबर 2020 में सीबीआई की ओर से उक्त प्रमोटरों और क्वालिटी लिमिटेड के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर की गई है, जो दूध, आइस्क्रीम और अन्य डेयरी उत्पादों के प्रसंस्करण एवं व्यापार में लगी हुई थी।

# नौसेना के जहाजों में प्रोपल्शन सिस्टम के लिए ब्रिटेन के साथ हुआ करार

**- भारतीय शिपयार्ड में निर्मित होने वाले लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स में लगेगी अत्याधुनिक तकनीक**



नई दिल्ली, (हि.स.)। रक्षा मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के लिए पोर्ट्समाउथ में तीसरी संयुक्त कार्य समूह बैठक के दौरान ब्रिटेन के साथ एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए अत्याधुनिक तकनीक के सह-डिजाइन, सह-निर्माण और सह-उत्पादन को सक्षम बनाएगा, जिसमें पूर्ण इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के साथ नियोजित लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत और ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालयों के बीच भारतीय नौसेना के लिए इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के डिजाइन और विकास पर सहयोग से जुड़े एक आशय पत्र (एसओआई) पर 28 नवंबर को पोर्ट्समाउथ में हस्ताक्षर किए गए हैं। आशय पत्र पर भारत की ओर से संयुक्त सचिव (नौसेना प्रणाली) राजीव प्रकाश और ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के जहाज संचालन एवं क्षमता एकीकरण निदेशक रियर एडमिरल स्टीव मैकार्थी ने हस्ताक्षर किये। यह एसओआई इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन क्षमता साझेदारी की तीसरी संयुक्त कार्य समूह बैठक का हिस्सा हैं। यह समझौता उन्नत प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह आशय पत्र भविष्य में नौसेना के स्वदेशी नवाचार और गहन रक्षा सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा। इस आशय-पत्र के माध्यम से भविष्य में नौसैनिक जहाजों के लिए इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन क्षमता के सह-डिजाइन, सह-निर्माण और सह-उत्पादन में सहयोग के लिए एक व्यापक रूपरेखा के तौर पर कार्य किया जाएगा। इसके जरिये भारतीय शिपयार्ड में निर्मित होने वाले लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स में पूर्ण इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम लगाने की परिकल्पना की गई है।

# राजस्थान की 27 सड़कों के लिए केंद्र ने 1154.47 करोड़ की दी मंजूरी

**जयपुर ( हिंस )।** प्रदेश की 27 सड़कों के विकास के लिए केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 1154.47 करोड़ की तथा श्रीगंगानगर में रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण के लिए 30 करोड़ की स्वीकृति दी है। इस राशि से राज्य की 748.80 किमी की सड़कों का चौड़ाई करण एवं सुदृढ़करण तथा कोटा में कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के प्रयासों से केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) से राज्य सड़कों के विकास के लिए तथा सेतु बंधन योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा यह राशि स्वीकृत की गई है। प्रदेश की विभिन्न सड़कों एवं नवीन वृहद परियोजनाओ के विकास मे सहयोग के लिए उप मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के लिए यह महत्वपूर्ण सौगात है। केंद्र सरकार द्वारा 27 राज्य सड़कों के लिए 1154.47 करोड़ रुपए की मंजूरी मिलना, राज्य के बुनियादी



ढांचे और विकास को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से राजस्थान के कई क्षेत्रों को लाभ होगा। इससे न केवल परिवहन सुगम होगा बल्कि व्यापार, पर्यटन और कृषि क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही बेहतर सड़क नेटवर्क से राज्य में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इस राशि से अलवर लोकसभा क्षेत्र के अलवर जिले में 24 करोड़ की लागत से 24 किलोमीटर, खैरथल-तिजारा जिले में 69 करोड़ की लागत से 51 किलोमीटर, कोटपूतली-बहरोड जिले में 49.30 करोड़ की लागत से 28.62किलोमीटर, बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र के बालोतरा जिले में 57.50 करोड़ की लागत से 49किलोमीटर, भीलवाड़ा के शाहपुरा जिले में 74 करोड़ की लागत से 44 किलोमीटर, बीकानेर जिले में 73.30 करोड़ की लागत से 71.80 किलोमीटर, प्रतापगढ़ जिले में 20 करोड़ की लागत से 17 किलोमीटर, जयपुर ग्रामीण तथा सीकर लोकसभा क्षेत्र के जयपुर ग्रामीण में 65 करोड़ की लागत से 57.70 किलोमीटर सड़कों का निर्माण चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण करवाया जाएगा। इसी प्रकार जालोर में 65 करोड़ की लागत से 49 किलोमीटर, झालावाड़ जिले में 149.97 करोड़ की लागत से 81.25 किलोमीटर, जोधपुर के फलौदी जिले में 55.65 करोड़ की लागत से 53 किलोमीटर, कोटा के बूंदी जिले में 80 करोड़ की लागत से 33 किलोमीटर तथा कोटा में 70 करोड़ की लागत से कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण, पाली के जोधपुर ग्रामीण में 98 करोड़ की लागत से 67 किलोमीटर, राजसमंद में 70 करोड़ की लागत से 58 किलोमीटर, टोंक में 58.50 करोड़ की लागत से 25.43 किलोमीटर तथा उदयपुर में 65.25 करोड़ की लागत से 39 किलोमीटर राज्य सड़कों का सुदृढ़करण एवं चौड़ाईकरण करवाया जाएगा।

# लापरवाही पर सीएम हुए सख्त, उपायुक्तों को हर रोज मुख्य सचिव कार्यालय में फीडबैक भेजने के निर्देश

## समाधान शिविर में अधिकारी रहेंगे मौजूद, समस्याओं का समय पर हो समाधान

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने वाले लापरवाह अधिकारियों को मुख्यमंत्री नायब सैनी फटकार लगाई है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जिला उपायुक्तों से समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का फीडबैक लिया। सीएम ने लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगाते हुए हिदायत दी कि मुख्य सचिव कार्यालय में हर रोज समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की फीडबैक रिपोर्ट भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हर रोज सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का न केवल अधिकारी समाधान करेंगे, बल्कि शिविर में खुद मौजूद रहेंगे। समस्याओं का निवारण करने के साथ शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि भी जरूरी है। बता दें कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे थे और न ही मुख्य सचिव कार्यालय फीडबैक रिपोर्ट भेजी जा रही है। इसको लेकर मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जिला उपायुक्तों को पत्र लिखकर हर रोज फीडबैक रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए थे। शुकवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचने वाले शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद किया और अधिकारियों को सख्ती भरे लहजे में चेतावनी दी कि शिकायतकर्ता की समस्या का निवारण जरूरी है। प्रदेशभर के अधिकारी इन शिविरों को गंभीरता से लें और उनका समाधान करना अपने कार्यों की प्राथमिकता में रखें। उन्होंने कहा कि इन समाधान शिविरों में अधिकारियों के साथ-साथ ग्रीवेंसिज कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि उपायुक्त अपने जिलों के समाधान शिविरों की रोजाना की रिपोर्ट मुख्य सचिव कार्यालय को भेजें और जो शिकायत मुख्यालयों से संबन्धित हो उसे जिला स्तर से डिस्पॉज ऑफ करें। उन्होंने उपायुक्तों को पेंडिंग शिकायतों को जल्द से जल्द निपटान करने के लिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि परिवार पहचान पत्र को हरियाणा सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया है। पात्र व्यक्तियों को अब ऑनलाइन ही योजना का लाभ घर बैठे मिल रहा है। इसलिए परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं जैसे आय, जाति, रिहायशी प्रमाण पत्र, राशन कार्ड बनवाने के अलावा वृद्धावस्था पेंशन भत्ता सहित अन्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का तत्परता से समाधान कर तथा जो समस्याएं मुख्यालय चंडीगढ़ से संबंधित हैं, उन्हें हाइलाइट करके मुख्यमंत्री कार्यालय भेजें ताकि उनका समाधान करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी समस्याएं जिन्हें रद्द कर दिया जाता है, उनके रद्द होने का कारण जरूर जांच करें ताकि इन समस्याओं पर भी संज्ञान लिया जा सके। इसलिए आयोजित शिविरों में टीवी स्क्रीन व माईक की व्यवस्था हो ताकि सीएम को शिविरों में आए लोगों से बात करने में किसी प्रकार की समस्या न हो।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि की होगी प्रस्तुति

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि मुख्य मंच पर द्रौपदी के रुप में नजर आएंगी। उक्त फिल्म अभिनेत्री पहली बार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आएंगी। फिल्म अभिनेत्री ने स्वयं महोत्सव में आने का वीडियो क्लिप भी जारी किया है। अहम पहलू यह है कि फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि और उनकी टीम के सदस्य 11 दिसंबर को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग के मुख्य मंच पर सायं के समय महाभारत पर आधारित नाटक द्रौपदी की प्रस्तुति देंगी। सरकारी प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गीता महोत्सव 2024 में 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में रोजाना शाम को होने वाले मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस वर्ष देश के कोने-कोने से आने वाले पर्यटकों और यात्रियों को पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों के साथ जोड़ने और महाभारत के अहम यादगार लम्हों से रुबरु करवाने के विषय को लेकर सरकार की अनुमति से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शेड्यूल तैयार किया गया है और फिल्म जगत के जाने-माने अभिनेता और अभिनेत्रियों को आमंत्रित किया गया है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम इस महोत्सव के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि 5 दिसंबर को पुरुषोत्तमपुरा बाग के मुख्य मंच पर शाम के समय तंजानिया और हरियाणा के कलाकारों द्वारा कोरियोग्राफी की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही 7 दिसंबर को फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा व उनकी टीम द्वारा *हमारे राम* नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी। यह नाटक विश्व प्रसिद्ध है और लोग *हमारे राम* नाटक को देखने के लिए दूर-दूर से पहुंचते हैं।

# नीट पीजी दाखिले की अंतिम सूची पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**जोधपुर ( हिंस )।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नीट (पीजी) 2024 की अस्थायी राज्य मेरिट लिस्ट में हुई तकनीकी गलती को लेकर राज्य के काउंसलिंग बोर्ड को अगले आदेश तक राज्य कोटे के तहत चिकित्सा पीजी पाठ्यक्रमों में उम्मीदवारों के दाखिले की सूची को अंतिम रूप देने से रोक दिया है। न्यायाधीश दिनेश मेहता की एकल पीठ में 45 याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता कैलाश जांगिड़ तथा मोहनसिंह शेखावत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को अधिक अंक मिले थे। वे मेरिट लिस्ट में उच्च स्थान पर थे लेकिन काउंसलिंग बोर्ड उन्हें कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों से नीचे रख रहा है। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर, 2024 को जारी की गई अस्थायी राज्य मेरिट लिस्ट में तकनीकी या प्रक्रियागत त्रुटियां हैं। इसके कारण गलत उम्मीदवारों को दाखिला दिया जा रहा है।

# बस स्टैंड पर अनिल विज का छापा, सवारियों से धक्का लगवाने वाला बस चालक निलंबित

## टॉयलेट की हालत देखकर अनिल विज खफा, स्टेशन सुपरवाइजर को भी किया निलंबित

**कैथल ( हिंस )।** प्रदेश के परिवहन मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार शाम को सिरसा से लौटते हुए अचानक कैथल के बस स्टैंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सवारियों से बस को धक्का लगवाने पर चालक को सस्पेंड कर दिया। अनिल विज शौचालय की साफ सफाई न रखने पर स्टेशन सुपरवाइजर को भी सस्पेंड करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को सिरसा में जिला शिकायत निवारण कमेटी की बैठक से लौटने के बाद चंडीगढ़ लौटते हुए परिवहन मंत्री अनिल विज अचानक कैथल के बस अड्डे पर पहुंचे। वहां सवारियां एक बस को धक्का लगा रही थी। अनिल विज ने बस को धक्का लगाने का कारण पूछा तो पता चला कि बस की बैटरी खराब है। इस पर उन्होंने नाराज होते हुए कहा की सवारी ने तो पूरा किराया दिया है। उनका क्या कसूर है। अगर कहीं बीच रास्ते में बस खराब हो जाए तो सवारियों को कितने परेशानी होगी। इसके बारे में क्यों नहीं सोचा गया। चालक परिचालक को बस ले जाने से पहले बैटरी चेक करनी चाहिए थी। इस पर उन्होंने बस के चालक मोनू को तुरंत सस्पेंड करने के निर्देश दिए। इसके बाद अनिल विज अपने स्टाफ सहित शौचालय पहुंचे। उन्होंने एक व्यक्ति को शौचालय के अंदर जाने के लिए कहा। बाहर आने पर उसने शौचालय की खराब हालत के बारे में परिवहन मंत्री को बताया। इस पर उन्होंने तुरंत पास खड़े जीएम से पूछा कि शौचालय की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी है। इस पर उन्हें बताया गया कि शौचालय की व्यवस्था की जिम्मेदारी स्टेशन सुपरवाइजर की है। इसके बाद परिवहन मंत्री चलकर स्टेशन सुपरवाइजर के कार्यालय में पहुंचे। जब वहां उन्हें कोई कर्मचारी नहीं मिला तो उन्होंने ड्यूटी के बारे में पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने शौचालय की सफाई व्यवस्था करने और कार्यालय में न बैठने पर स्टेशन सुपरवाइजर सुनील को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। रोडवेज कर्मचारियों ने व्यवस्था पर परिवहन मंत्री से माफी मांगी तो विज बोले कि जब जनता हमें माफ नहीं करती तो हम आपको कैसे माफ कर दें। जनता हमसे हर बात का जवाब मांगतीहै। मैं सातवीं बार विधायक ऐसे ही नहीं बन गया हूं। दिन रात जनता के लिए काम करता हूं। कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला द्वारा कैथल को खटारा बसें दिए जाने के सवाल पर अनिल विज ने कहा कि वह तो खुद इस बात से परेशान है कि लोगों को खटारा बसें सफर के लिए मिल रही हैं। वे चाहते हैं कि लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि वह महीने में दूसरे शुक्रवार को कैथल के बस अड्डे का निरीक्षण करने के लिए पहुंचेंगे और अंतिम शुक्रवार को सिरसा के बस अड्डे का निरीक्षण किया करेंगे। अपने निरीक्षण के दौरान अनिल विज ने बस अड्डे की कैंटीन और पूछताछ केंद्र का भी निरीक्षण किया।

# अमृतसर में बंद पुलिस चौकी के बाहर धमाका

**चण्डीगढ़ ( हिंस )।** अमृतसर में शुक्रवार की सुबह एक बन्द हो चुकी पुलिस चौकी के बाहर धमाका हुआ है। इससे पहले पिछले सप्ताह ही अजनाला पुलिस थाने के बाहर से आईईडी बरामद किया गया था। वहां पर भी धमाके की योजना थी। अमृतसर की गुरबख्श नगर चौकी को पिछले साल बन्द कर दिया गया था। इस चौकी में संबंधित थाने का सामान रखा जाता है। आज यहां सुबह एक धमाका हुआ। धमाके से कोई नुकसान नहीं हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब तीन बजे बम धमाके की आवाज से पूरा इलाका दहल गया। लोग घरों से बाहर निकल आये और चारों तरफ अफरा तफरी फैल गई। धमाके के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। एडीसीपी शहरी विशालजीत सिंह के अनुसार, धमाके से किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# पृष्ठ तीन का शेष

### मंगलदै को मिलेगा ...

इसके अतिरिक्त, 2 लाख करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय वाली पीएम इंटर्नशिप योजना का लक्ष्य 1 करोड़ इंटर्नशिप प्रदान करना है, जिससे युवा भारतीयों की रोजगार क्षमता बढ़ेगी। मंगलदै में बनने वाले सरकारी कौशल विश्वविद्यालय से पूर्वोत्तर में व्यावसायिक प्रशिक्षण और उन्नत कौशल विकास का केंद्र बनने की उम्मीद है। मार्गेरिटा ने कहा कि भारत के युवा, जिनकी औसत आयु 28.7 वर्ष है, आर्थिक विकास और वैश्विक नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करते हैं। मंत्री के संबोधन ने भारत को वैश्विक कौशल राजधानी में बदलने और कपड़ा क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हासिल करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। इन पहलों का उद्देश्य एक मजबूत और समावेशी कौशल पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है, जो भारत के आर्थिक और सामाजिक विकास को और आगे बढ़ाए।

### प्रदेश भाजपा ने...

तलाशने पर विशेष ध्यान दिया गया। असमिया युवाओं और पेशेवरों के लिए वैश्विक संपर्क बढ़ाने के लिए शिक्षा और रोजगार में सीमा पार साझेदारी के अवसरों पर विचार किया गया। पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया खातों के प्रबंधन के लिए हितेश कलिता, मनोज कुमार दास और इशांतोर शोभापंडित सहित एक समर्पित समिति का गठन किया गया, जिसका उद्देश्य वैश्विक जुड़ाव और पहुंच को बढ़ाना था। विभागीय पहलों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाले नियमित समाचार-पत्रों के निर्माण और वितरण के लिए डॉ. बुधिन गोगोई, रवि अग्रवाल, जयंत तालुकदार और अंशुमान दास की अध्यक्षता में एक अन्य समिति गठित की गई। वावनी सरमाह (अमेरिका), मनोज कुमार दास (नई दिल्ली), देबजीत डेका (हैदराबाद) और बिपुल दास (गुवाहाटी) की एक टीम को विदेशों में असमिया व्यक्तियों और संगठनों का एक व्यापक डेटाबेस विकसित करने का काम सौंपा गया था ताकि संचार और सहयोग को कारगर बनाया जा सके।

### जवाबदेही तय करनी...

पार्टी की जीत हमारी जीत है और पार्टी की हार हमारी हार है। हमारी ताकत पार्टी की ताकत में है। बैठक में ईवीएम पर भी सवाल उठाया गया। खड़गे ने कहा कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया। देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आई.एन.डी.आई.ए. के दलों ने चार में से दो राज्यों पर सरकार बनाई है। मगर कांग्रेस का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। यह चुनाव रिजल्ट एक संदेश हैं। हमें चुनाव परिणामों से तुरंत सीख लेने और संगठनात्मक स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और कमियों को दूर करने की जरूरत है। खड़गे ने कहा कि चुनाव के दौरान माहौल कांग्रेस के पक्ष में था। मगर सिर्फ माहौल का कांग्रेस के पक्ष में होना जीत की गारंटी नहीं है। हमें माहौल को नतीजों में बदलना सीखना होगा। क्या कारण है कि हम माहौल का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं? उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करनी होगी। समय पर रणनीति बनानी होगी। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा। मतदाता सूची बनाने से मतगणना तक सतर्क और सावधान रहना होगा।

### अमित शाह के साथ...

एक और बैठक में *एक या दो दिन में* लिया जाएगा। भाजपा गृह सहित प्रमुख विभागों पर महत्वपूर्ण रूप से बातचीत कर रही है, जो उसके चुनावी प्रभुत्व के बाद नियंत्रण को मजबूत करने के इरादे का संकेत देता है। अभी तक आधिकारिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं है कि महाराष्ट्र कैबिनेट में किसे क्या मिलेगा। दिल्ली में देवेंद्र फड़णवीस, एकनाथ शिंदे, अजीत पवार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच एक निर्णायक बैठक का उद्देश्य लंबित मुद्दों को हल करना था। यह बैठक, जिसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंजूरी के लिए लंबित एक आसन्न घोषणा की उम्मीदों के साथ संपन्न हुई। नई व्यवस्था में शिंदे की भूमिका अनिश्चित बनी हुई है। कई रिपोर्टों से पता चलता है कि उन्हें उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया जा सकता है या केंद्रीय भूमिका की पेशकश की जा सकती है। हालांकि, शिवसेना सूत्रों के हवाले से अन्य रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि वह राज्य मंत्रिमंडल में बने रह सकते हैं। भाजपा का मुख्यमंत्री पद के लिए फड़नवीस पर जोर हाल के विधानसभा चुनावों में उसके मजबूत प्रदर्शन के बाद आया है, जहां उसने 288 में से 132 सीटें हासिल की थीं। हालांकि, यह निर्णय चुनौतियों से रहित नहीं है।

### बरपेटा से गिरफ्तार ...

थी। वह भारतीय और दुबई के मोबाइल नंबरों से लॉरेंस विश्नोई के नाम पर फोन कर रंगदारी देने और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देता था। एसपी बोगटी ने बताया कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति हरि प्रसाद फुयांल नेपाल के झापा जिले का रहने वाला है, लेकिन पिछले कुछ साल से वह असम के बरपेटा में नवीन पोखरेल के नाम से रह रहा था। उसने वहां पर भारतीय आधार कार्ड और चुनाव आयोग का मतदाता पहचान पत्र भी बनवा लिया था। सीआईबी इस बात की जांच कर रही है कि आखिर इसके पास दुबई का सिमकार्ड कहां से और किसने उपलब्ध कराया।

### महाराष्ट्र के गोंदिया ...

एसटी प्रशासन, स्थानीय पुलिस की टीम और राहत और बचाव दल तत्काल मौके पर पहुंचा और मौके पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया है। पुलिस के अनुसार एसटी बस में से खबर लिखे जाने तक 10 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। जानकारी मिलते ही कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उक्त दुर्घटना के संबंध में स्थानीय प्रशासन से स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने घायलों को तत्काल और उचित इलाज देने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री शिंदे ने भी मृतकों के आश्रितों को 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का भी आदेश दिया है। भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गोंदिया में शिवशाही बस दुर्घटना को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया है।

### दिल्ली विस चुनाव ...

स्तर पर एक संबोधन में कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव एक धर्मयुद्ध की तरह है। उनके पास कौरवों की तरह अपार धन और शक्ति है, लेकिन भगवान और लोग पांडवों की तरह हमारे साथ हैं। इस बीच, दिल्ली भाजपा ने गुरुवार (28 नवंबर) को विधानसभा चुनाव से संबंधित कार्यों के लिए 43 समितियों की घोषणा की, जिनमें महिलाओं, युवाओं, एससी, ओबीसी और केंद्रीय योजना के लाभार्थियों से संपर्क के लिए अभियान शामिल हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के निर्देशानुसार समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा की गई। समितियों का गठन विभिन्न चुनाव-संबंधी कार्यों के लिए किया गया था, जिनमें नामांकन, मीडिया संबंध, अभियान कथा का सुझाव देना, सोशल मीडिया, दस्तावेजीकरण, डेटा प्रबंधन, विशेष संपर्क और लॉजिस्टिक्स आदि शामिल थे। दिल्ली के सभी 70 निर्वाचन क्षेत्रों के विधान सभा चुनाव फरवरी 2025 को या उससे पहले होने वाले हैं। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में हुआ था। चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी ने राज्य में सरकार बनाई और अरविंद केजरीवाल तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। 7वीं दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 15 फरवरी 2025 को समाप्त होने वाला है।

### पहले ही दिन ...

खोदने, या आतंकवादी ढांचे को पुनर्निर्माण करने की कोशिश करता है, तो हम हमला करेंगे। लगभग 13 महीने तक चले भीषण संघर्ष के बाद, इस सप्ताह इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच युद्धविराम समझौता लागू हुआ। यह समझौता अमेरिका और लेबनान की मध्यस्थता से हुआ है। लेबनान के विदेश मंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी सेना इजरायली सैनिकों के वापस जाने के बाद 5,000 सैनिकों को तैनात करने के लिए तैयार है। हिज्बुल्लाह को भी लिटानी नदी के दक्षिणी इलाकों से अपनी सशस्त्र उपस्थिति खत्म करनी होगी। हालांकि, यह समझौता क्षेत्र में शांति की उम्मीदें जगाता है, लेकिन इसके टिकाऊ होने पर सवाल खड़े हो गए हैं। युद्धविराम लागू होने के दो दिन बाद ही इजरायल ने लेबनान में हवाई हमला किया है।

### चटगांव में मंदिरों ...

सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त में शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने की कई घटनाएं हुई हैं। अब तक 200 से अधिक मंदिरों को निशाना बनाया गया है। इस घटना के बाद, हिंदू साधु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से भी हिंसा बढ़ी है, जिसके बाद समुदाय में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए और सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़पें भी हुईं। इस्कॉन के खिलाफ भी कट्टरपंथियों द्वारा प्रतिबंध की मांग की जा रही है। बांग्लादेश सरकार ने इस्कॉन को *धार्मिक कट्टरपंथी संगठन* बताया है, हालांकि अदालत ने इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया है।

### रंग घर और ...

कम बॉटनिकल गार्डन को 97.12 करोड़ रुपए की सहायता मिली, जबकि शिवसागर में रंग घर के सौंदर्यीकरण के लिए 94.76 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री शर्मा ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि इन स्थलों को वैश्विक मानकों के अनुसार विकसित किया जाएगा। रंग घर असम के शिव सागर जिले में स्थित है। यह एक दो मंजिला इमारत है। इस इमारत का एक समृद्ध इतिहास है और अहोम राजाओं शासनकाल के दौरान एक शाही खेल मंडप के रूप में कार्य करता था। यह एम्फीथिएटर असम ट्रंक रोड के किनारे शिवसागर शहर के केंद्र से तीन किलोमीटर दूर स्थित है। रंग घर को एशिया के सबसे प्राचीन एम्फीथिएटर्स में से एक माना जाता है जो समय के साथ जीवित रहने में कामयाब रहा है। यह मूल रूप से स्वर्गदेव रुद्र सिंहा के युग के दौरान बनाया गया था। इसका निर्माण बांस और लकड़ी से किया गया था। जैसा कि लोग बताते हैं बाद में, स्वर्गदेव प्रमत्त सिंहा ने 1744-1751 ईस्वी के बीच ईंट से इस संरचना का पुनर्निर्माण किया। रंग घर की अनूठी निर्माण तकनीक और प्रमुख वास्तुशिल्प विशेषताएं असमिया संस्कृति और वास्तुकला की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करती हैं।


**GOVERNMENT OF ASSAM**
**DIRECTORATE OF WELFARE OF SC & BC, ASSAM,**
**SARUMOTORIA, DISPUR, GUWAHATI-06**

Applications are invited from intending candidates for "Finance Incentive to SC Meritorious Boy Students in the year 2024-25" as per prescribed format given below. The applications must have passed the HSSLC Examination held during 2024-25.

The application duly filled with all relevant self-attested documents must reach the Directorate of Welfare of SC & BC, Assam, Sarumotoria, Guwahati-06 on or before 20/12/2024 or mail at assamdirectorateofwelfareofsc@gmail.com.

| **Application Format for Financial Incentive to SC Meritorious Boy Student for the year 2024-25** | | Recent Photograph of candidate duly attested |
|---|---|---|
| Sl. No. | All fields are to be provided in Block letters only | |
| 1 | Name of Applicant | |
| 2 | Name of Father / Mother / Guardian | |
| 3 | Gender | |
| 4 | Caste (Enclose self-attested copy of Caste Certificate) | |
| 5 | Date of Birth (Enclose self-attested age proof document) | |
| 6 | Mobile Number | |
| 7 | E-mail ID | |
| 8 | Year of HSSLC | |
| 9 | Roll No. of HSSLC (Enclose copy of Admit Card) | |
| 10 | Marks in HSSLC (Enclose Mark sheet of HSSLC Exam) | |
| 11 | Marks in HSLC (Enclose Mark sheet of HSLC Exam) | |
| 12 | Annual Income of Parent (below 5 lakh) (From concerned Circle Officer) | |
| 13 | Address (Enclose address proof document /certificate) | Village / City :-<br>P.O. :-<br>District :-<br>State :-<br>PIN :- |
| 14 | ID Proof (Enclose copy of Aadhaar Card / Pan Card) | |
| 15 | Bank Details (Enclose front copy of Bank Pass Book) | Name of Bank :-<br>IFSC :-<br>Account No. :-<br>Account No (in word): |
| 16 | **Declaration :** **I declare that the above information are true and correct to the best of my knowledge and belief. I have not availed any financial incentive under the scheme from this Directorate.**<br>**Place :-**<br>**Dated :-** **(Signature of applicant)** | |

****Note Below:–**
1. Applicants who have already availed the benefit of the scheme or financial incentive earlier will not be eligible for the benefit again.
2. Grant of financial assistance under this scheme to any SC candidate is not a matter of right. Financial Assistance would be extended depending on the applicant satisfying the eligibility and also keeping in view the budget provision available for the purpose. The Selection Committee reserves the right to reject any application without assigning any reason and for wrong information provided by the applicant.

Director,
Welfare of SC & BC, Assam,
Dispur, Ghy-6

*-- Janasanyog /D/9497/24/30-Nov-24*

संपादकीय

# प्रियंका का डंका

**केरल** के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश है। निश्चित रूप से उनके राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। शायद यह पहली बार है कि संसद में गांधी परिवार के तीन लोग सदस्य हैं। उनसे पहले राज्यसभा में मां सोनिया गांधी और लोकसभा में भाई राहुल गांधी की सक्रिय उपस्थिति बनी हुई है। उनकी इस जीत से निश्चित रूप से संसद में गांधी परिवार के प्रभाव को मजबूती मिलेगी। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि यह आज भी वंशवादी नेतृत्व पर पार्टी की निर्भरता को रेखांकित करता है। निस्संदेह, प्रियंका गांधी अपने आकर्षक व्यक्तित्व व प्रभावी कुशल वक्ता के रूप में पहचान रखती हैं। वह कांग्रेस पार्टी के लिए भविष्य की बड़ी उम्मीद हैं। उनकी उपस्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करती है। एक ओर जहां राहुल गांधी के नेतृत्व व अभिव्यक्ति को लेकर आलोचना की जाती रही है, मगर प्रियंका गांधी वाड्रा अपने नपे-तुले शब्दों में मुद्दों को तार्किक ढंग से उठाने के लिये भी जानी जाती हैं। उनका यह राजनीतिक कौशल वायनाड में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बखूबी देखा गया। अपने इसी गुण के चलते वह चुनाव अभियान के दौरान तमाम मतदाताओं, खासकर महिलाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने में कामयाब रहीं। लोगों को साथ जोड़ने की यही क्षमता उनकी निर्णायक जीत में खासी मददगार साबित भी हुई। उनके चुनाव अभियान ने कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार किया। यही वजह है कि पार्टी के भीतर उनकी सफलता को लेकर खासा जोश भी है। पार्टी के भीतर भी कई लोगों को उम्मीद है कि उनकी इस रिकॉर्ड जीत से कांग्रेस पार्टी संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सकेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो देश में पार्टी की अपील में आशातीत विस्तार की संभावनाओं को बल मिल सकेगा। फलतः पार्टी को मौजूदा संकट से उबरने में मदद मिलेगी। यह निर्विवाद सत्य है कि राजनीतिक समय की दृष्टि से प्रियंका गांधी वाड्रा की सफलता के खास मायने हैं। उनकी संसद में दस्तक ऐसे समय में हुई जब देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी बेहद चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना कर रही है। पार्टी को हाल के दिनों में महत्वपूर्ण चुनावी झटकों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा में सत्ता की चाबी पार्टी के हाथ से फिसलकर भाजपा की झोली में जा गिरी है। राजनीतिक पंडित इन असफलताओं को पार्टी की घटती प्रासंगिकता के रूप में देखते रहे हैं। साथ ही कहा जाता है कि पार्टी भाजपा की संगठनात्मक ताकत को चुनौती दे पाने में विफल रही है। दूसरे शब्दों में, पार्टी भाजपा के राजनीतिक विमर्श का विकल्प नहीं दे पा रही है। साथ ही यह अहम सवाल भी उठाया जा रहा है कि सक्रिय राजनीति में प्रियंका का उदय क्या संघर्षरत कांग्रेस में नई जान फूंक सकने में कामयाब होगा? दरअसल, वायनाड में उनकी जीत को स्थानीय सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर दमदार उपस्थिति के लिये उन्हें अभी और मेहनत करनी होगी। इस जीत को राष्ट्रीय गति में बदलने के लिये रणनीतिक सुधारों, गठबंधनों और भविष्य के लिये स्पष्ट दृष्टिकोण की जरूरत होगी। अभी यह देखना बाकी है कि क्या भविष्य के लिये वे एक स्पष्ट दृष्टिकोण का लाभ पार्टी का जनाधार विकसित करने के लिये दे पाएंगी। या फिर वह कांग्रेस की वंशवादी राजनीति की निरंतरता के रूप में उभरती हैं। निस्संदेह, जैसे ही वह राष्ट्रीय सुर्खियों में कदम रखेंगी, उन्हें पार्टी में नई प्राणवायु का संचार करने के लिये कठिन चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।

निश्चित रूप से उनके राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। शायद यह पहली बार है कि संसद में गांधी परिवार के तीन लोग सदस्य हैं। उनसे पहले राज्यसभा में मां सोनिया गांधी और लोकसभा में भाई राहुल गांधी की सक्रिय उपस्थिति बनी हुई है। उनकी इस जीत से निश्चित रूप से संसद में गांधी परिवार के प्रभाव को मजबूती मिलेगी। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि यह आज भी वंशवादी नेतृत्व पर पार्टी की निर्भरता को रेखांकित करता है। निस्संदेह, प्रियंका गांधी अपने आकर्षक व्यक्तित्व व प्रभावी कुशल वक्ता के रूप में पहचान रखती हैं। वह कांग्रेस पार्टी के लिए भविष्य की बड़ी उम्मीद हैं। उनकी उपस्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करती है। एक ओर जहां राहुल गांधी के नेतृत्व व अभिव्यक्ति को लेकर आलोचना की जाती रही है, मगर प्रियंका गांधी वाड्रा अपने नपे-तुले शब्दों में मुद्दों को तार्किक ढंग से उठाने के लिये भी जानी जाती हैं। उनका यह राजनीतिक कौशल वायनाड में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बखूबी देखा गया।

### गुरु जी ने उसे विजय का आश्वासन तो दिया लेकिन सैनिक सहायता दी या नहीं, इसका निश्चित प्रमाण नहीं मिलता

# गुरु गोबिंद सिंह जी के दक्षिण भ्रमण का फल

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

गुरु ग्रन्थ का आज जो रूप उपलब्ध होता है, उसे वर्तमान रूप यहीं दिया गया था। इसी स्थान पर से गुरु जी ने औरंगजेब को दक्षिण में एक पत्र लिखकर भेजा जो जफरनामा के नाम से प्रसिद्ध है। भाई व्यासिंह के हाथ जफरनामा औरंगजेब के नाम प्रेषित करके गुरु जी पंजाब से दक्षिण की ओर चल पड़े। मार्ग में ही उन्हें औरंगजेब की मृत्यु की सूचना मिली। औरंगजेब की मृत्यु ने स्थिति को एकदम बदलकर रख दिया। अतः गुरु जी तुरन्त दिल्ली की ओर चल पड़े। औरंगजेब की मृत्यु के उपरान्त उसके पुत्रों मुअज्जम तथा आजम में सत्ता प्राप्ति के लिए युद्ध की तैयारियां होने लगीं।

**खिदराणा** के युद्ध के बाद गुरु जी भ्रमण करते-करते तलवण्डी साबो पहुंचे। इस स्थान पर गुरु जी कुछ देर के लिए स्थायी रूप से रहे। गुरु जी का यह निवास साहित्यिक दृष्टि से अत्यन्त महत्व रखता है। गुरु ग्रन्थ का आज जो रूप उपलब्ध होता है, उसे वर्तमान रूप यहीं दिया गया था। इसी स्थान पर से गुरु जी ने औरंगजेब को दक्षिण में एक पत्र लिखकर भेजा जो जफरनामा के नाम से प्रसिद्ध है। भाई व्यासिंह के हाथ जफरनामा औरंगजेब के नाम प्रेषित करके गुरु जी पंजाब से दक्षिण की ओर चल पड़े। मार्ग में ही उन्हें औरंगजेब की मृत्यु की सूचना मिली। औरंगजेब की मृत्यु ने स्थिति को एकदम बदलकर रख दिया। अतः गुरु जी तुरन्त दिल्ली की ओर चल पड़े। औरंगजेब की मृत्यु के उपरान्त उसके पुत्रों मुअज्जम तथा आजम में सत्ता प्राप्ति के लिए युद्ध की तैयारियां होने लगीं। औरंगजेब का ज्येष्ठ पुत्र मुअज्जम गुरु जी का पूर्व परिचित था। उसने गुरु जी से सहायता की प्रार्थना की। गुरु जी ने उसे विजय का आश्वासन तो दिया लेकिन सैनिक सहायता दी या नहीं, इसका निश्चित प्रमाण नहीं मिलता। अस्तु दोनों भाईयों का आगरे के निकट जमकर युद्ध हुआ और मुअज्जम बहादुरशाह के नाम से गद्दी पर बैठा। इस सारे कांड के बाद गुरु जी दिल्ली से आगरे की ओर चल पड़े और वहीं रहकर धर्म प्रचार करने लगे। बहादुर शाह ने एक दिन गुरु गोबिंद सिंह जी को मिलने के लिए बुलाया और एक मूल्यवान खिलअत, एक घुगधुगी और एक कलगी भेंट की। गुरु जी आगरे में टिके रहे। 1707 को बहादुर शाह राजपूतों का विद्रोह दबाने के लिए राजस्थान की ओर चल दिया और वहीं से दक्षिण में अपने छोटे भाई के विद्रोह को कुचलने के लिए दक्षिण की ओर चल दिया। कुछ समय के बाद गुरु जी नान्देड़ पहुंच गए। नान्देड़ में रहते हुए गुरु जी को एक महन्त-वैरागी के बारे में पता चला, जिसके बारे में कहा जाता था कि उसने जिन्न भूत अपने अधीन में किए हुए हैं। गुरु जी उस विलक्षण व्यक्ति को देखने उसके डेरे पर गए। बैरागी बाहर गया हुआ था। गुरु जी उसके आसन पर बैठ गए। बैरागी ने बाहर से आकर गुरु जी को आसन से गिराने के लिए तान्त्रिक विद्या के अनेक प्रयोग किए, लेकिन सफलता न मिली। वह गुरु जी के चरणों पर गिर पड़ा। गुरु जी ने उसे कर्म का उपदेश दिया। मातृभूमि की दयनीय अवस्था का चित्रण किया। विदेशियों के



अत्याचारों से अवगत कराया। बैरागी पर इसका अद्भुत प्रभाव पड़ा। गुरु जी ने उसे अपना उत्तराधिकारी बनाकर अपने कार्य को बढ़ाने के लिए पंजाब भेजा। यही साधु आगे चलकर बन्दावैरागी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। नान्देड़ पहुंचने के एक मास उपरान्त ही गुरु जी का देहावसान हो गया। गुरु शौर्य में लिखा है- कि एक पठान कुछ दांव लेकर प्रभु के पास आया और दो-तीन घड़ी वहां बैठा रहा, परन्तु उसका दांव न लगा क्योंकि वहां बहुत लोग उपस्थित थे। उस दिन वह चला गया और दूसरे दिन फिर आया। उस दिन भी वह दो-तीन घड़ी बैठकर घात लगाता रहा, परन्तु उस दिन भी उसे सफलता नहीं मिली, और वह घर चला गया। इस प्रकार वह कई दिन आता रहा। परन्तु उसका दांव न लगा। परन्तु अनेक बार आने के कारण उसने इस भेद का पता पा लिया कि उसके काम का समय संध्या का है। वह दुष्ट एक दिन शाम के समय आया। गुरु जी ने उसे निकट बुलाया और अपने पास बैठाकर प्रसाद दिया, जिसे उस दुष्ट ने हाथ में लेकर मुंह में डाल लिया। उस समय वहां कोई सिंह नहीं था। केवल एक रक्षक था, वह भी ऊंघ गया था। इतने में प्रभु स्वयं विश्राम करने लगे। अवसर देखकर उस पठान ने उन पर छुरे से आक्रमण कर दिया। उसने उन पर दो वार किए कि गुरु जी ने निकट रखी अपनी तलवार के एक ही वार से उस दुष्ट को वहीं मार गिराया। फिर उन्होंने आवाज देकर शिष्यों को बुलाया। झटपट बहुत से लोग वहां आ गए और उसके दो साथियों को जो डेरे से बाहर खड़े उसकी प्रतीक्षा कर रहे थे, मार डाला। डेरे के अन्दर पड़े तीसरे पठान के शव को देखकर सिक्ख उस पर तलवार चलाने ही वाले थे कि गुरु जी ने कहा, यह तो कभी का मर चुका, इसे यहां से हटाओ। अभी तक किसी को यह पता नहीं लगा था कि गुरु स्वयं जख्मी हो गए हैं। परंतु जब वे उठे और लडख़ड़ाए, तब उन्हें इस दुःखद घटना का पता लगा और वे दुःख में डूब गए। गुरु ने सबको सान्त्वना दी कि भय की कोई बात नहीं है। अकाल ने उनकी रक्षा की है। इसी समय घाव धोकर सी दिए गए। परन्तु जब उन्होंने उठने का प्रयास किया तो धागे टूट गए। घाव फिर सी दिए गए और उन पर मरहम लगा दी गई। तीन-चार दिन व्यतीत हुए। बहुत से सिक्ख उनके दर्शन के लिए आ रहे थे। उनकी प्रार्थना पर गुरु जी दरबार में आए। फिर कुछ दिन व्यतीत हुए। सिक्खों में आनन्द छा गया। परन्तु वे समझ गए थे कि उनका अन्त समय निकट आ गया है। एक रात्रि को थोड़ा भोजन करके वे लेट रहे थे। आधी रात से चार घड़ी समय अधिक व्यतीत हुआ कि उन्होंने सब सिक्खों को बुलाया। सभी सिक्ख उनके निकट एकत्र हो गए और गुरु गोबिन्द सिंह जी ने उनसे अन्तिम बार 'वाहि गुरु जी की फतेह' कही और उनकी आत्मा ने अपनी नश्वर देह को छोड़ दिया। आक्रमणकारी कौन थे? किसलिए गुरु जी को मारना चाहते थे? इस सम्बन्ध में इतिहासकारों में मतभेद पाया जाता है, परन्तु प्रायः कहा जाता है कि पठान सरहिन्द के नवाब ने गुरु जी की हत्या के लिए भेजे थे। देहावसान के समय गुरु जी की आयु 42 वर्ष की थी और विक्रमी 1765 की शुचि पंचमी थी। गुरु गोबिंद सिंह जी के दक्षिण भ्रमण से भारतीय इतिहास ने नई करवट ली। उन्होंने बंदा बैरागी को जो सीख दी, उससे बंदा बैरागी ने स्वाधीनता के संघर्ष का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरित करता है। इसी तरह गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान भी आज भी भारतवासियों को सीख देता है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। बलिदानों की यह परंपरा जारी रखते हुए उनके पुत्र गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी भारतीय समाज, हिंदू धर्म और भारतीय राष्ट्र के लिए काफी कुछ किया। उनके दो पुत्र मुगलों से लड़ाई में शहीद हो गए, तो दो को जिंदा ही दिवारों में चिनवा दिया गया। राष्ट्र के लिए, भारत के लिए, भारतीय समाज के लिए, और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए यह बलिदान सचमुच ही अविस्मरणीय है। पहले सिख गुरु, गुरु नानक देव जी ने जहां सिक्ख धर्म की स्थापना की, वहीं उन्होंने लंगर प्रथा को भी शुरू करवाया, ताकि समाज में समानता का भाव बना रहे, एकता बनी रहे। दूसरे गुरु, गुरु अंगद देव जी ने गुरुमुखी का विकास किया।

दृष्टि कोण

# खिलाड़ियों को नौकरी नहीं, तो वजीफा दो

**सरकारें** प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सीधा वजीफा क्यों नहीं दे सकती हैं? हिमाचल प्रदेश के कुछ एथलीट हैं जो 2026 की एशियाई खेलों में देश के लिए खेल कर पदक दे सकते हैं। उनमें सावन और दिनेश सेना व सीमा भी राष्ट्रीय कैंप में रह कर राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। दूसरी तरफ कुछ उभरते हुए जूनियर एथलीट हैं, जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले सत्र गोहाटी में आयोजित खेलो इंडिया अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स में राजकीय महाविद्यालय मंडी की धाविका कुसुम ठाकुर ने सौ मीटर की फर्राटा दौड़ में रजत व दो सौ मीटर में स्वर्ण पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। हमीरपुर के सरकारी महाविद्यालय की धाविका प्रिय ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की चार गुणा चार सौ मीटर दौड़ में भी लड़कियों ने कांस्य पदक जीता है। इस वर्ष पंजाब विश्वविद्यालय की एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमीरपुर की मनीषा ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ को 53.1 सेकेंड में दौड़ कर स्वर्ण पदक जीता है। तेज गति की दौड़ों में हिमाचल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन पहले कमजोर ही रहा है। यह अलग बात है कि पुष्पा ठाकुर ने जरूर इस मिथक को तोड़ कर भविष्य के एथलीटों को राह दिखाई है। मानव शरीर ईश्वर द्वारा बनाई गई बहुत ही अद्भुत मशीन है। इसे चलाने के लिए भी ईंधन की जरूरत होती है। मानव शरीर के ऊर्जा चक्र को समझने के लिए हमें एटीपी से लेकर सीपीए लैक्टिक एसिड, शरीर से ऑक्सीजन की उधारी व सांस द्वारा ऑक्सीजन का फेफड़ों में पहुंच कर खून के साथ मिलकर फिर सैल का पहुंच कर शरीर को गतिशील बनाए रखने का गहन अध्ययन जरूरी है। सौ से लेकर चार सौ मीटर की दौड़ों को तेज गति में गिना जाता है। गति ही सभी स्पर्धाओं व खेलों की जीत का मूल मंत्र है। यह खिलाड़ी में जन्मजात होती है। प्रशिक्षण द्वारा भी इसमें बहुत ही कम एक उम्र तक विकास होता है। ओलंपिक खेलों में विभिन्न खेलों की कई स्पर्धाएं आयोजित होती हैं, मगर एथलेटिक्स का आकर्षण सबसे अधिक होता है। ओलंपिक में जो धावक सौ मीटर की दौड़ में विजेता बनता है, वह पृथ्वी का तीव्रतम इनसान बनता है। सौ मीटर की दौड़ का अद्भुत रोमांच होता है। हिमाचल प्रदेश में तेज गति के बहुत कम धावक व धाविकाएं आज तक सामने आए हैं। सौ मीटर से लेकर चार सौ मीटर की स्पर्धाओं को स्परिंट यानी तेज गति की दौड़ों में रखा है। इन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जहां जन्मजात स्पीड चाहिए होती है, वहीं पर बहुत अधिक स्पीड, इंडोरैंस व स्ट्रैंथ ट्रेनिंग की जरूरत होती है। जहां उच्च कोटि का प्रोटीन आम आदमी को असानी से उपलब्ध होता है, वहीं के लोगों में अच्छी स्पीड जन्म से ही होती है। स्पीड को बहुत छोटी उम्र से ही विकसित करना पड़ता है। इसलिए स्पीड पर प्रशिक्षण दस वर्ष से भी कम आयु में शुरू करना पड़ता है। अगले पांच सालों में स्पीड अपने उच्च स्तर तक विकसित हो जाती है। यह भी कहा जाता है कि स्परिंटर पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते। भारत के अधिकतर स्परिंटर समुद्र तट से संबंध रखते हैं। मछली इन लोगों का मुख्य आहार है। मछली में अच्छी गुणवत्ता का प्रोटीन मिलता है। उत्तर भारत में शाकाहारी अधिक हैं, मगर गेहूं, दूध व उससे बने पदार्थों में भी अच्छी क्वालिटी का प्रोटीन मिलता है। यह भी कारण है कि पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी समय-समय पर अच्छे स्परिंटर मिलते रहते हैं। हिमाचल प्रदेश से वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुष्पा ठाकुर ही एकमात्र धाविका है, जो हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 400 मीटर में पदक विजेता है। एशिया व ओलंपिक खेलों के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों तक पहुंचने वाली इस धाविका के बाद अभी तक कोई भी पुरुष या महिला हिमाचल प्रदेश के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर पदक जीत नहीं पाया है। भविष्य में उभरते हुए कुसुम, प्रिय व मनीषा आदि तेज गति के एथलीट हैं जिनको वजीफे की बहुत जरूरत है। इनके पास नौकरी नहीं है। सामान्य परिवारों से इनका संबंध है, जो इतना खर्च नहीं कर सकते हैं। लंबी दूरी की दौड़ों में हिमाचल का इतिहास अच्छा रहा है। सुमन रावत 1982 एशियाड में तीन हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर अर्जुन अवार्डी है। स्वर्गीय कमलेश व अमन सैनी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। हाल ही में आयोजित अखिल भारतीय अतंर राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सीमा ने पांच व दस मीटर की दौड़ों में रजत पदक जीते हैं।

कुछ अलग

# आप भी करिए प्रेम...

**नायिका** की मांग 'नीट एंड क्लीन' प्रेम की थी और मैं इस बात को लेकर ऊहापोह में था। कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था कि ऐसी स्थिति में क्या किया जाए? प्रेम व्यवहार चल तो रहा था, लेकिन बिल्कुल 'नीट एंड क्लीन।' बाल्यकाल में जब मैं आठवीं-नवीं कक्षा में पढ़ता था, उस समय तो यह बात सौ-फीसदी लागू होती थी। जैसे कि लडक़ी को देखकर दिन भर मुस्कराते रहो तो उसी से प्रेमाभिव्यक्ति अत्यंत सघन और सशक्त हो जाती थी। वैसे हमारे यहां प्रेम की परम्परा अनादि काल से चली आ रही है। वैदिक काल में ऋषि-मुनि इसकी अभिव्यक्ति नाना प्रकार से करके हमारे लिए मार्ग प्रशस्त करते रहे हैं। वह प्रेम भी सर्वथा पवित्रता के साथ किया जाता था तथा उसमें समाज की एनओसी की आवश्यकता नहीं थी। अपितु उस काल की नायिकाएं अपना प्रेम पाकर धन्य हो जाती थी तथा पुलकित होकर समाती नहीं थी। आजकल प्रेम के रंग न्यारे हैं। अब भी उसका प्रचलन नाना प्रकार से हो रहा है। समाज की एनओसी को तो अब के प्रेमियों ने अंगूठा दिखा दिया है। प्रेमिका से जो अनापत्ति प्रमाणपत्र चाहिए, उसमें भी दो प्रकार का फलसफा प्रचलित है। एक बिना एनओसी के तथा दूसरा बाकायदा प्रेमिका से एनओसी लेकर। कुछ मामलों में 'वन साइडेड गेम' भी चल रहा है। यानी सामने वाले को पता ही नहीं और प्रेम परवान चढ़ रहा है। ऐसे मामलों को 'दीवाना' कहकर, 'पागल' कहकर टाल दिया जाता है। उसकी साधना को कोई तवोज्जौह नहीं दी जाती। फिल्मी गानों को सुनें तो नायिकाएं नायक को पागल और दीवाना कहकर उसकी खिल्ली उड़ाती हैं। अब यह बात दीगर है कि अंत में वही दीवाना और पागल उसका असली मजनूं साबित होता है। मजनूं बनने के बाद तो खेल और भी जोखिम भरा होता जाता है। दीवानगी चरम पर होती है और नायिका को प्राप्त करने के नायाब नुस्खे काम में लेने पड़ जाते हैं, हालांकि पहले वाले मजनूं को प्रेम में विफल रहकर जान से हाथ धोना पड़ गया था, लेकिन अब के मजनूं 'दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे' की तर्ज पर अपनी नायिका को प्राप्त करके ही रहते हैं। मेरे कहने का आशय यह है कि पहले प्रेम 'नीट एंड क्लीन' था, लेकिन इस जमाने के प्रेमी तो देह गंध में भीगे हुए हैं। उनसे 'नीट एंड क्लीन' की आशा करना व्यर्थ है। परंतु नायिकाओं की प्रारम्भिक मांग यही होती है, किया भी क्या जा सकता है। इसी जटिलता का शिकार मैं था। मैंने तर्क दिया भी कि बिना पास बैठे या छुए बिना यह आध्यात्मिक निर्गुण निर्विकार प्रेम मेरे बस में नहीं है, तो इसका उत्तर नायिका ने कुछ नहीं दिया, अपितु मुझे नादान कहकर चली गई। दरअसल मैं उसकी उत्तर आधुनिकता समझ नहीं पाया था। मैंने इस संबंध में अनुभवी जोगियों और प्रेम पुजारियों से सम्पर्क किया तो उन्होंने मर्म समझाया कि मूर्ख वह तो यही कहेगी, तुम जो कर सकते हो, वह करना चाहिए। उन्होंने मुझसे ही पूछा-'बताओ, तुम्हें उसने 'नादान' क्यों कहा?' फिर उन्होंने उत्तर दिया- 'बच्चू, यह' 'नादान' भी 'दीवाना' और 'पागल' होता है। नायिकाएं प्रेम में तुमसे पचास कदम आगे निकल गयी हैं और तुम अभी 'नीट एंड क्लीन' के भय की सीमा रेखा को पार करने में उलझे हुए हो। जाओ और अपने प्रेम का बेखौफ इजहार कर दो। कुछ नहीं होगा, तुम्हारी बिगड़ी बात बन जाएगी।

देश दुनीया से

# समय रहते जांच और उपचार से जीवन रक्षा

**फ्लोरोसिस** एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जो दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इसका मुख्य कारण पानी में फ्लोराइड की अधिकता है, जिसके चलते हड्डियां, दांत, किडनी और अन्य शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस रोग से प्रभावित लोग, विशेष रूप से गर्म जलवायु वाले क्षेत्रों में हैं, जहां पानी की खपत अधिक होती है। भारत में राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है, जहां लोग हैंडपंप या कुओं का पानी उपयोग करते हैं। फ्लोरोसिस के कारण लोगों की हड्डियां कमजोर हो रही हैं, जिससे रीढ़ और शरीर के अन्य हिस्सों की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी हो गई हैं। बच्चों के दांतों में पीलापन, छेद या टूटने की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा, हड्डियों में सूजन, जोड़ों में दर्द, घुटनों में सूजन और झुकने या बैठने में कठिनाई जैसे लक्षण भी देखे जा रहे हैं। इसके साथ ही पेट भारी रहना, कब्ज, प्यास न बुझना और किडनी के रोग भी बढ़ रहे हैं। अक्सर लोग हड्डियों के दर्द को गठिया समझ लेते हैं, लेकिन ये फ्लोरोसिस के लक्षण हो सकते हैं। फ्लोरोसिस मुख्य रूप से दांतों को प्रभावित करने वाली एक कास्मेटिक स्थिति है, जो जीवन के पहले आठ वर्षों में फ्लोराइड के अधिक सेवन के कारण होती है, जब दांत बन रहे होते हैं। भारत के कई राज्य भूजल में फ्लोराइड की अधिक मात्रा से प्रभावित हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु प्रमुख हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, पानी के अलावा गेहूं, चावल और आलू जैसे खाद्य पदार्थों से भी फ्लोरोसिस हो सकता है। दिल्ली के कुछ इलाकों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भी फ्लोराइड की अधिक मात्रा से लोग प्रभावित हैं। फ्लोरोसिस के बारे में जागरूकता का अभाव इसके बढ़ने का मुख्य कारण है। जल प्रदूषण, भूमिगत जल के अत्यधिक उपयोग और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही ने इस बीमारी को फैलने का मौका दिया है। शोध से पुष्टि हुई है कि फ्लोरोसिस किसी भी उम्र में हो सकता है, और यदि समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाए तो यह गंभीर हो सकता है। बच्चों में डेंटल फ्लोरोसिस अधिक होता है, जिसके कारण उनके दांत कमजोर, पीलापन, छेद, धब्बे और गैप की समस्या उत्पन्न होती है। फ्लोरोसिस शरीर में पोटेशियम की वृद्धि और कैल्शियम की कमी का कारण बनता है। विशेषज्ञों के अनुसार फ्लोरोसिस होने के बाद किसी भी व्यक्ति का सामान्य जीवन जीना मुश्किल हो जाता है। इसलिए कोशिश की जानी चाहिए कि फ्लोरोसिस होने ही नहीं दिया जाए।



यह ध्यान देने वाली बात है कि यह केवल दूषित पानी से ही नहीं होता, पानी के अलावा भी बहुत सारी चीजों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। बीते दिनों नयी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में क्लिनिकल ईकोटैक्सियोलॉजी फेसिलिटी की ओर से तीन दिवसीय 36वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंटरनेशनल सोसायटी फॉर फ्लोरोसिस रिसर्च का आयोजन हुआ। इसमें भारत के अलावा जापान, थाईलैंड, चीन, ईरान और अन्य देशों के वैज्ञानिक शामिल हुए, जिन्होंने भूजल स्तर नीचे खिसकने समेत बहुतेरे कारणों की वजह से पानी में फ्लोराइड की मात्रा बढ़ने के चलते फ्लोरोसिस की व्यापकता और बीमारी से निपटने के उपायों पर गहनता से विचार-विमर्श किया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और राजधानी क्षेत्र में भी फ्लोराइड की निर्धारित मात्रा मानक से कहीं बहुत ज्यादा है। यहां रहने वाले फ्लोराइड जनित बीमारियों से परेशान हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि पानी में फ्लोराइड की मात्रा बढ़ने से न तो रंग में कोई बदलाव आता है और न ही स्वाद में कोई अंतर ही आता है। ऐसी स्थिति में इसकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है। उनके अनुसार ज्यादातर जलस्रोतों में प्राकृतिक रूप से भी फ्लोराइड पाया जाता है। यह भूजल में चट्टानों के कटाव से भी आता है। यही नहीं, आग या विस्फोट से पानी अत्यधिक गंदा होने से भी पानी में फ्लोराइड बढ़ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि बचाव ही फ्लोरोसिस का सबसे बेहतर इलाज है। पानी में ज्यादा मात्रा में फ्लोराइड है तो उसमें फिल्टर लगाया जाना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति में प्राथमिक स्तर पर बीमारी का पता चल जाता है तो एक्सरसाइज या दूसरे तरीकों से आसानी से उसका इलाज किया जा सकता है। डॉक्टरों के मुताबिक कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन-सी युक्त भोजन के अभाव में भी फ्लोरोसिस की आशंका बढ़ जाती है। इससे बचाव हेतु एंटीऑक्सीडेंट्स आदि की प्रचुरता वाला भोजन लें। विशेषज्ञों का मानना है कि फिल्टर करके पानी उपयोग करें। बारिश का पानी जमा करके इस्तेमाल में लाएं। खून की जांच कराएं, जिससे फ्लोराइड की मौजूदगी का पता चल जाता है। यदि पानी में फ्लोराइड की मात्रा 0.05 एमजी/लीटर है, तो यह सेहत के लिए खतरनाक है। एक्सरे की मदद से स्केलेटल फ्लोरोसिस का पता लग जाता है। हमें खासकर हड्डियों का भी एक्सरे कराना चाहिए, जिससे बीमारी का पता लग जाता है। कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि जागरूक रहना फ्लोरोसिस को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है।

आप का नजरीया

# ईवीएम का भूत

**महाराष्ट्र** चुनाव में करारी पराजय के बाद कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों ने चीखना शुरू कर दिया है-ईवीएम में भूत है, जो भाजपा को ही वोट भेजता है।' अब विपक्षी राग इतना उग्र हो चुका है कि राहुल गांधी की 'बैलेट पेपर यात्रा' की खबर सुर्खियों में है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने भी कहा है कि बैलेट पेपर की वापसी के लिए हमें अब आंदोलन करना चाहिए। यह कांग्रेस की संवैधानिक इच्छा है कि वह 'ईवीएम बनाम बैलेट पेपर' का जनांदोलन शुरू करे, लेकिन भारत के चुनाव आयोग को यूं ही नहीं कोसा जा सकता। चुनाव आयोग की स्थापना संविधान लागू होने से पूर्व ही कर दी गई थी। संविधान और लोकतंत्र की गरिमा और सफलता तभी है, जब देश में स्वतंत्र, निर्भीक, मुक्त और निष्पक्ष चुनाव हों। संविधान सभा में चुनाव आयोग के प्रारूप पर लंबी बहसें हुई थीं। उन्हीं के बाद संविधान में चुनाव आयोग तथा चुनाव प्रक्रिया से संबंधित 16 अनुच्छेद जोड़े गए थे। उनमें बुनियादी अनुच्छेद 324 भी शामिल था। अब इन तर्कों के कोई भी मायने नहीं रहे कि कांग्रेस जब किसी राज्य में अथवा लोकसभा चुनाव में 100 सीटें जीतती है, तो ईवीएम का भूत 'कांग्रेसमय' हो जाता है। जब हरियाणा और महाराष्ट्र सरीखे महत्वपूर्ण चुनाव हारती है, तो फिर 'भाजपा का भूत' चिल्लाने लगती है। हालांकि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने झारखंड का चुनाव जीता है और वहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शपथ भी ग्रहण कर चुके हैं। कांग्रेस के ईवीएम पूर्वाग्रह और भूतैले आरोपों पर सर्वोच्च अदालत ने हाल ही में फटकार लगाई है। सर्वोच्च अदालत ईवीएम को दोषमुक्त मानते हुए 'हरी झंडी' भी दे चुकी है। सवाल यह है कि चुनाव आयोग कांग्रेस समेत विपक्ष को आश्वस्त कैसे करे कि ईवीएम में कोई भूत नहीं है, उसे हैक नहीं किया जा सकता अथवा ईवीएम में विसंगतियां नगण्य हैं? अब कांग्रेस ईवीएम के बजाय 'बैलेट पेपर' से मतदान कराने पर अड़ी है। चुनाव-प्रक्रिया के 'पाषाण-काल' में लौटने की जिद की जा रही है। बैलेट पेपर से मतदान वाले दिन और दौर हमने भी देखे हैं। कब, कितने बूथ लूट लिए गए अथवा अवैध मतदान किया गया, अवैध बूथ छाप दिए गए या मतदान से पहले ही 'बैलेट पेपर' लीक हो गए और घरों पर बैठ कर उन पर मुहर लगा दी गई? ऐसे असंख्य दृश्य बिहार, उप्र, पश्चिम बंगाल चुनावों के हमें आज भी याद हैं और कौंधते रहते हैं। कांग्रेस ने अधिकतर चुनाव बैलेट युग में ही जीते हैं। क्या अब देश को भी पाषाण-काल में लौट जाना चाहिए? ईवीएम 2004 से भारत में लागू है। तब लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। अगला 2009 का आम चुनाव भी कांग्रेस के पक्ष में रहा था, हालांकि किसी भी पक्ष को बहुमत हासिल नहीं हुआ था। भारत की चुनाव-व्यवस्था विश्व भर में विख्यात और प्रशंसनीय है। बीते 12 सालों से 130 से ज्यादा देशों के चुनाव आयुक्त हमारे चुनाव आयोग से सीख रहे हैं। इतना व्यापक मतदान देख कर और उसकी प्रक्रिया जान कर वे विदेशी आयुक्त अचंभित होते हैं। क्या अच्छी तरह चुनाव सम्पन्न कराना 'महान लोकतंत्र' का हिस्सा नहीं है? बेशक हमारे चुनावों पर भ्रष्टाचार, अनपढ़ता, खराब लैंगिक भागीदारी, नागरिक मुक्ति पर हमले और देश की राजनीतिक संस्कृति सरीखे कुछ कलंक भी चस्पा किए जाते रहे हैं। बहरहाल अब मुद्दा ईवीएम का है।



# उत्तरी सीरिया के अलेप्पो शहर पर दागे गए रॉकेट, कई लोगों की मौत

दमिश्क

उत्तरी सीरिया के प्रमुख अलेप्पो शहर में कई स्थानों पर रॉकेट दागे गए। इस हमले में विश्वविद्यालय की आवासीय इमारत और न्यू अलेप्पो क्षेत्र की एक इमारत को निशाना बनाया गया। इस घटना में कई लोगों की जान चली गई। अपेल्लो शहर को चार साल बाद रॉकेट के गोले दागकर निशाना बनाया गया।

एक स्थानीय सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि दो रॉकेट गोले अलेप्पो के पड़ोस में विश्वविद्यालय आवास की यूनिट 15 पर गिरे। यह स्थान लाफरकान और न्यू अलेप्पो क्षेत्र में लाना जेनो स्कूल के पास है। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दारा गवर्नरेट के दो छात्र भी शामिल हैं। इससे भयभीत विश्वविद्यालय की आवासीय इमारत में रहने वाले अधिकांश छात्र वहां से चले गए। वेबसाइट के अनुसार गुरुवार को भी अलेप्पो शहर के अल-हमदानिया इलाके में तीन गोले गिरे। हालांकि, इस गोलाबारी में कोई घायल नहीं हुआ। यह घटना अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में हयात तहरीर अल-शम (पुराना नाम अल-नुसरा फ्रंट) और तुर्किये समर्थित राष्ट्रीय सेना के गुटों के आगे बढ़ने के बाद की गई।

एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया कि हयात तहरीर अल-शम को अल कायदा का समर्थन है। यह आतंकी संगठन अलेप्पो शहर में साढ़े नौ किलोमीटर तक घुस चुका है। इसके लड़ाकों ने बशर अल असद की सरकार के समर्थन वाली सेना के हथियारों और वाहनों पर कब्जा कर लिया है। अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में कुछ और गांवों पर नियंत्रण कर लिया। इनमें शेख अली, अर्नाज और काफर बेसिन के कस्बे भी शामिल हैं। आतंकी आतंकी संगठन ने दादिख पहाड़ी से गुजर रही अलेप्पो-लताकिया अंतरराष्ट्रीय सड़क को काट दिया है। इससे यह इलाका सीरिया से कट गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सुनीता विलियम्स ने सेहत को लेकर दिया बयान, पूरी तरह फिट और खुश हूं.....फरवरी में मिलते हैं

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की वापसी अब अगले साल फरवरी में होगी। कुछ दिन पहले उनकी तस्वीर ने दुनियाभर में हड़कंप मचा दिया था। तस्वीर में सुनीता काफी कमजोर दिखाई दे रही थीं। उसमें उनके गाल बहुत धंस से गए थे और वजन भी कम लग रहा था। इसके बाद सुनीता ने कहा था कि खराब हेल्थ की बातें सिर्फ अफवाहें ही हैं और वह पूरी तरह से ठीक हैं। सुनीता ने अपनी हेल्थ को लेकर बताया है। एक इंटरव्यू में सुनीता विलियम्स ने कहा है कि वह अच्छे से खा पी रही हैं और अपना फिटनेस रूटीन मेनटेन कर रहीं। जब सुनीता से पूछा गया कि वह और विल्मोर बुच अंतरिक्ष में खुद को कैसे मैनेज कर रहे हैं। इस पर सुनीता ने कहा, अंतरिक्ष में होने का एक हिस्सा वर्क आउट करना भी है। हम दिन में दो घंटे वर्क आउट करते हैं। हमारे शरीर में थोड़ा बहुत बदलाव आया है, और इसीलिए हमें इतना व्यायाम करना पड़ता है, कुछ लोग इस स्पेस बफ कहते हैं। विलियम्स ने अपने स्वास्थ्य और वजन के बारे में कहा कि वह और साथी अंतरिक्ष यात्री बुच अच्छा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम अच्छा महसूस कर रहे हैं, कसरत कर रहे हैं, सही खा रहे हैं, यह बहुत बढ़िया है। हम यहां भी बहुत मजे करते हैं। इसलिए, आप जानते हैं, लोग हमारे बारे में चिंतित हैं। वास्तव में, हमारे बारे में चिंता न करें। वहीं, अपने धन्यवाद संदेश में, विलियम्स ने कहा कि यहां हमारा दल हमारे सभी दोस्तों और परिवार को हैप्पी थैंक्सगिविंग कहना चाहता था जो पृथ्वी पर हैं और हर कोई जो हमारा समर्थन कर रहा है।



### भारत फिर बना संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग का सदस्य



**न्यूयॉर्क।** भारत को संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर चुन लिया गया। आयोग में भारत का मौजूदा कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पीबीसी) के लिए फिर से चुना गया है। संस्थापक सदस्य और प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भारत वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के लिए पीबीसी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग में 31 सदस्य देश हैं। ये संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद से चुने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में शीर्ष वित्तीय योगदान देने वाले देश और शीर्ष सैन्य योगदान देने वाले देश भी इसके सदस्य हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कर्मियों के रूप में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। संयुक्त राष्ट्र के अभियानों के तहत इस समय भारत के लगभग 6,000 सैन्य और पुलिसकर्मी अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, पश्चिम एशिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा में तैनात हैं। शांति अभियानों में लगभग 180 भारतीय शांति सैनिकों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है, जो योगदानकर्ता के रूप में किसी अन्य देश के मुकाबले अब तक की सबसे अधिक संख्या है।

### जीएमआर और सतलज के बीच हुए शेयर बंटवारे को नेपाल सरकार की मंजूरी

**काठमांडू।** अपर कर्णाली हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में भारतीय कंपनी गांधी मल्लिकार्जुन राव (जीएमआर) की हिस्सेदारी भारत सरकार के स्वामित्व वाले सतलज हाइड्रोपावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को बेचने की प्रक्रिया को नेपाल सरकार ने स्वीकृति दे दी है। इस प्रोजेक्ट में सतलज और आईआरडीए ने भी वित्तीय निवेश करने पर सहमति जताई है। इस परियोजना में नेपाल विद्युत प्राधिकरण को मुफ्त में 27 प्रतिशत स्वामित्व दिया गया है। अनुमान है कि इस प्रोजेक्ट पर 1620 करोड़ रुपये की लागत आएगी। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई निवेश बोर्ड की बैठक में 900 मेगावाट की अपर कर्णाली जलविद्युत परियोजना की शेयर संरचना और अनुबंध संशोधन को बदलने का निर्णय लिया गया। संशोधित ढांचे के मुताबिक अब इस परियोजना में जीएमआर की 34 फीसदी और सतलज की 34 फीसदी हिस्सेदारी होगी। इसी तरह, भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास संगठन (आईआरईडीए) लिमिटेड को 5 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। निवेश बोर्ड के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी सुशील ज्ञवाली ने बताया कि नेपाल और भारत सरकार के बीच 2014 में हुए समझौते के तहत सतलज को अरुण-3 हाइड्रोपावर और जीएमआर को अपर कर्णाली बनाने की अनुमति दी गई थी। इसके बावजूद जीएमआर ने 10 वर्षों के बाद भी वित्तीय प्रबंधन नहीं मिल पाने के कारण अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया।

# पाकिस्तान के कुर्रम में शिया-सुन्नी हिंसा, 12 की मौत, 18 घायल

कुर्रम

पाकिस्तान के कुर्रम जिले में शिया-सुन्नी का खूनी टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा। ताजा टकराव में 12 लोगों की मौत हो गई और कम-से-कम 18 लोग घायल हो गए। जिसके बाद सप्ताह भर में ऐसे संघर्षों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 90 हो गई। जनजातीय बाहुल्य कुर्रम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट डिवीजन का एक जिला है।



संघर्ष विराम समझौता विफलडॉन समाचार पत्र के अनुसार, कुर्रम जिले में झड़पों में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 90 हो गई। एक सप्ताह से अधिक समय से जारी खूनी टकराव को रोकने में संघर्ष विराम समझौता विफल रहा। अधिकारियों ने बताया कि ताजा झड़प में 12 और लोगों की जान चली गई और 18 अन्य घायल हो गए। जिले के ऊपरी और निचले हिस्सों में रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। लोअर कुर्रम के पारचिनार इलाके में पिछले सप्ताह शिया समुदाय के यात्री वाहनों के एक काफिले पर हमले के बाद सशस्त्र झड़पें शुरू हुई हैं। इस हमले में 40 से अधिक लोग मारे गए थे। गुरुवार को लोअर कुर्रम के जलमय, चद्रेवाल गांवों और तालो कुंज लोगों के के बीच गोलीबारी हुई।

खाइयों पर कब्जाइसके अलावा ऊपरी कुर्रम के घोजघरी में हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घोजगाहरी, मातासांगर, मकबल और कुंज अलीजई इलाकों में छिटपुट गोलीबारी जारी रही। ऊपरी कुर्रम में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (116 विंग) के बस्सू कैंप पर भी मोर्टार का एक गोला गिरने से दो जवान घायल हो गए। कल दिन में कुर्रम के उपायुक्त जावेदुल्लाह महसूद, स्थानीय बुजुर्गों और पुलिस ने बालेश खेल और संगीना में युद्धविराम लागू करने के प्रयास में अपने वाहनों पर सफेद झंडे फहराए। हालांकि, लगातार गोलीबारी के कारण युद्धरत पक्षों के कब्जे वाली खाइयों में पुलिसकर्मियों को तैनात करने का प्रशासन का मंसूबा विफल हो गया।

आती रही गोलियों की आवाजनिचले कुर्रम में सहायक आयुक्त हफीजुर रहमान, पुलिस अधीक्षक जहानजेब, पूर्व एमएनए फखर जमान बंगश, जेयूआई-एफ एमपीए रियाज शाहीन, विंग कमांडर और स्थानीय बुजुर्गों ने खार कलाय और मार्गनाय चीना क्षेत्रों में युद्धविराम लागू करने का प्रयास किया। यह प्रयास भी गोलीबारी को रोकने में विफल रहे। बागान, अलीजई, खार कलाय और बालीचखेल क्षेत्रों में गोलियों की आवाज आती रही।

जिरगा के बाद सौंपे शवकोहाट डिवीजन कमिश्नर, कोहाट, हंगू और ओरकजई जिलों के सदस्यों के नेतृत्व में आयोजित जिरगा में गुरुवार को बातचीत हुई। इस दौरान 30 नवंबर को समाप्त होने वाले सप्ताह भर के युद्ध विराम को अगले 10 दिनों के लिए बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई। युद्धविराम समझौते में इस बात पर सहमति बनी कि दोनों पक्ष खाइयों को खाली कर देंगे। दुश्मनी खत्म करने के लिए शवों और बंधकों का आदान-प्रदान भी करेंगे। आधिकारिक रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बाद युद्धरत पक्षों ने बंधकों की अदला-बदली की और शवों को सौंप दिया।

दवाओं की भारी कमी पूर्व एमएनए बंगश सहित स्थानीय बुजुर्गों ने विंग कमांडर और लोअर कुर्रम एसी की उपस्थिति में चार बंधक महिलाओं और एक पुरुष को कुर्रम मिलिशिया (113 विंग) को सौंप दिया। बंधक गोडुर इलाके के थे। उनका अपहरण कर उन्हें सैटेन (लोअर कुर्रम) ले जाया गया था। युद्धरत पक्षों में से एक ने अजीजुल्लाह पुत्र एस्सा खान के शव को जिला प्रशासन को सौंप दिया। बाद में इसे परिजनों को दे दिया गया। कुर्रम जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कैसर अब्बास ने कहा है कि सड़क बंद होने के कारण निचले और ऊपरी कुर्रम में दवाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच नेशनल असेंबली के सदस्य हमीद हुसैन ने चेतावनी दी है कि अगर सशस्त्र झड़पों को रोकने के लिए कदम नहीं उठाए गए तो संघर्ष पूरे देश में फैल जाएगा।

300 परिवारों ने किया पलायनअब तक कुर्रम से कई परिवार पलायन कर चुके हैं। करीब 300 परिवारों ने हिंसा और झड़पों के डर की वजह से अपना घर छोड़ दिया है। कुर्रम में शिया और सुन्नी के विवादों के निपटारे के लिए खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री उच्चस्तरीय बैठक कर चुके हैं। दोनों समुदायों के बीच पहले हुए जमीन के बंटवारे और झगड़े को कैसे सुलझाया जाए इस पर भी चर्चा की जा चुकी है। 2023 की जनगणना के मुताबिक, कुर्रम की 7.85 लाख आबादी में से 99 प्रतिशत से अधिक पश्तून हैं। यह तुरी, बंगाश, ज़ैमुश्त, मंगल, मुकबाल, मसूजई और पराचमकनी जनजातियों से जुड़े हुए हैं। इनमें से तुरी और बंगाश के कुछ मुसलमान शिया हैं, बाकी सभी सुन्नी हैं। पाकिस्तान के चुनाव आयोग के सामने 2018 में दी गई एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुर्रम में शिया मुसलमान जिले की आबादी का लगभग 45 प्रतिशत हैं। यह पाकिस्तान की कुल आबादी में 10-15 प्रतिशत से ज्यादा हैं।

जमीन विवाद अहम वजह इस इलाके की सीमा अफगानिस्तान से मिलती है। यहां इस लड़ाई में कबीलों के अलावा अलग-अलग लड़ाके भी शामिल हैं।

# बांग्लादेश में गिरफ्तार हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का बैंक खाता फ्रीज



ढाका

**बांग्लादेश में हाल ही में गिरफ्तार किए गए हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का बैंक खाता फ्रीज कर दिया गया है। बांग्लादेश फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (बीएफआईयू) ने इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) बांग्लादेश से जुड़े 17 व्यक्तियों के बैंक खातों को 30 दिन के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है।**

इस आदेश में चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का नाम भी शामिल है।

बीएफआईयू ने यह आदेश गुरुवार को जारी किया। बीएफआईयू ने इसकी सूचना देश के विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को भेज दी है। अब यह लोग खातों से 30 दिन तक लेनदेन नहीं कर सकेंगे।

जिन 16 लोगों के खाते फ्रीज किये गए गई हैं, उनमें कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, बिस्वा कुमार सिंघा, चंडीदास बाला, जयदेव कर्मकार, लिपि रानी कर्मकार, सुधामा गौड़ दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और सजल दास हैं।

बीएफआईयू ने बैंकों से इन व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों के लिए खाता खोलने के फॉर्म, केवाईसी फॉर्म और अब तक किए गए लेनदेन विस्तृत विवरण भी मांगा है। यह जानकारी तीन कार्य दिवसों के भीतर उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है।

# लेबनान लौट रहे विस्थापित रो पड़ते हैं सूरत-ए-हाल देख

बेरूत

संयुक्त राज्य अमेरिका और फ्रांस की कोशिशों से लेबनान में बुधवार तड़के चार बजे से प्रभावी युद्ध विराम ने विस्थापन के टीस की चुभन और बढ़ा दी है। संघर्ष विराम के समझौते की डोर में बंधे इजराइल के सुरक्षा बलों और हिजबुल्लाह के आतंकवादियों की मिसाइलों और रॉकेटों का गरजना बंद हो चुका है। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में इस संघर्ष विराम को असहज कहा गया है। ऐसा इसलिए कि इजराइल ने संघर्ष विराम समझौते की शर्तों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया और उसने आतंकवादियों को पलक झपकते ही हवाई हमला कर उनके मंसूबों को जमींदोज कर दिया। इसके बाद हिजबुल्लाह की तोपखाना शांत हो गया। मगर लेबनान की सेना ने कल इजराइल पर कई बार संघर्ष विराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाकर युद्ध की शांत हो चुकी लपटों पर घी छिड़कने का काम किया है। इस बीच लेबनान के लगभग सभी हिस्सों में लोगों ने संघर्ष विराम का स्वागत किया। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही जिंदगी पटरी पर लौटेगी। युद्ध की विभीषिका के बीच अपने घर-द्वार छोड़कर कस्बों और गांवों से भागे लोगों की वापसी शुरू हो चुकी है। कुछ को तो कोई घर ही नहीं मिला।



कंक्रीट और मुड़ी हुई धातु के ढेर देखकर लोग रो पड़े।लेबनान की सेना ने गुरुवार को कहा कि लोगों की वापसी का मार्ग प्रशस्त करने के लिए बेरूत के बाहर और देश के दक्षिण और पूर्व में हिजबुल्लाह के गढ़ों में सेना भेजी गई है। मगर इजराइल की सेना ने लोगों को चेताया है। उसने कहा है कि सीमा के पास के गांवों में लौटना अभी खतरे से खाली नहीं है।

## भूस्खलन



उत्तरी सुमात्रा में हुए भूस्खलन के बाद राहत व बचाव टीम से जुड़े सदस्य संभाहे गांव में अपना काम करते हुए।

# राणा फैयाज ने पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पंजाब विधानसभा सचिवालय को सौंपा

लाहौर

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नेता और प्रांतीय विधानसभा (एमपीए) के सदस्य राणा मोहम्मद फैयाज ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने इस आशय का प्रस्ताव पंजाब विधानसभा सचिवालय को सौंपा है। प्रस्ताव में पीटीआई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

पीटीआई को राजनीतिक दल की आड़ में काम करने वाला विघटनकारी समूह करार दिया गया है। प्रस्ताव में यह भी मांग की गई है कि 24 नवंबर की घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाए।फैयाज राणा के प्रस्ताव में मुल्क की स्थिरता को कमजोर करने में पीटीआई की कथित भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई है। उस पर अराजकतावादी एजेंडे को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है।

यह प्रस्ताव पीएमएल-एन के गुरुवार को बलूचिस्तान विधानसभा में पारित एक ऐसे ही प्रस्ताव के बाद पंजाब विधानसभा सचिवालय को सौंपा गया है। बलूचिस्तान विधानसभा के प्रस्ताव में पीटीआई पर न्यायपालिका, मीडिया और अर्थव्यवस्था सहित प्रमुख संस्थानों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया। प्रस्ताव में पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने और उसके नेतृत्व को उसके कथित कदाचारों के लिए जवाबदेह ठहराने के लिए संघीय हस्तक्षेप का आह्वान किया गया था।



बलूचिस्तान के प्रांतीय मंत्रियों समर्थित प्रस्ताव में पीटीआई पर पिछले साल नौ मई के विरोध प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक और सैन्य संपत्तियों पर हमले सहित हिंसक प्रदर्शन आयोजित करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही खैबर पख्तूनख्वा सरकार की संघीय प्राधिकार को चुनौती देने के लिए राज्य मशीनरी के कथित उपयोग की आलोचना की गई है। बलूचिस्तान विधानसभा में विपक्ष ने पीटीआई के साथ दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए विरोध स्वरूप वाकआउट किया।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पीटीआई की हालिया गतिविधियों के लिए उसकी निंदा कर चुके हैं। कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए गुरुवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री ने भविष्य में अशांति रोकने के लिए पेशेवर दंगा विरोधी बलों की स्थापना का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री ने पीटीआई पर अरबों रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कानूनी रास्ता अपनाने के बजाय इस्लामाबाद पर मार्च करके देशभर में अराजकता फैलाने की बार-बार कोशिश की गई।इस्लामाबाद में अधिकारियों ने कहा कि पीटीआई के आंदोलन के दौरान 64 अफगान नागरिकों सहित कुल 1,151 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए अफगान नागरिकों से हथियार, बॉल बेयरिंग और नुकीले हथियार जब्त किए गए। इस बीच पीटीआई नेता सलमान अकरम राजा ने दावा किया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान 20 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया।

# व्यापारियों को जीएसटी में हुई पुरानी गलतियों पर जुर्माने और ब्याज से जल्द ही राहत मिलेगी

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश जीएसटी ग्रीवांस रिड्रेसल कमेटी की शुक्रवार को छठवीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रधान मुख्य आयुक्त केन्द्रीय वस्तु–एवं–सेवा कर प्रमोद कुमार व आयुक्त राज्य कर डॉ. नितिन बंसल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के व्यापारियों को जीएसटी में हुई पुरानी गलतियों पर जुर्माने और ब्याज से जल्द ही राहत मिलेगी। जीएसटी ग्रीवांस रिड्रेसल कमेटी के सदस्य मनीष खेमका के एक सवाल का जवाब देते हुए आयुक्त राज्य कर डॉ. नितिन बंसल ने बताया कि प्रदेश सरकार वर्ष 2017 से 2020 तक बकाया टैक्स पर ब्याज और पेनाल्टी को सशर्त माफ करने के लिए अध्यादेश जारी कर चुकी है।



इसका शासनादेश उपलब्ध है और इस सम्बंध में जीएसटीएन जरूरी तकनीकी प्रावधान कर रहा है। इससे व्यापारियों को शीघ्र ही एक ऑनलाइन फॉर्म उपलब्ध होगा। वे इस छूट के लिए आवेदन कर सकते हैं। खेमका ने इस फैसले और इसके शीघ्र अनुपालन का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी-योगी सरकार के इस कदम से व्यापारियों के बीच भरोसा और सहयोग बढ़ेगा, जिससे उत्तर प्रदेश में एक ट्रिलियन डॉलर इकनॉमी के लक्ष्य को हासिल करने में सरलता होगी। समिति की सदस्य सीए रीना भार्गव ने अनेक तकनीकी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि स्टील एवं पान मसाले की इकाइयों पर विभाग के अधिकारी 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं, उन्हें इसके साथ ही अन्य प्रदेशों से आ रहे माल की जाँच भी करनी चाहिए। इससे प्रदेश में बिना बिल का माल न बेचा जा सके। बैठक में जीएसटी से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई, जिसके समाधान का आश्वासन मौजूद अधिकारियों ने दिया। बैठक में मुख्य रूप से सीजीएसटी के अपर आयुक्त रितुराज गुप्ता, एसजीएसटी के संयुक्त आयुक्त हरिलाल प्रजापति, सहायक अमर अग्रवाल, मनीष कटारिया व सीए ऋषभ मिश्रा समेत अनेक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्ष भयभीत : योगी

## –नवनिर्वाचित विधायकों का पार्टी मुख्यालय में मुख्यमंत्री योगी ने किया अभिनंदन

**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में आयोजित उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों, पार्टी कार्यकताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उपचुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गये हैं। वे अब बस आरोप ही लगा सकते हैं। योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी।




**चुनाव से पहले ही बना ली थी जीत की रणनीति(**– मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने चुनाव से पहले ही सात सीटें जीतने की रणनीति बनाई थी, जिसे संगठन और कार्यकताओं ने जमीन पर उतारकर सफल बनाया। योगी ने कुंदरकी और कटेहरी जैसी कठिन सीटों पर जीत को पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है।

**जनता से बेहतर संवाद और संगठन के साथ मिलकर काम करें** – योगी आदित्यनाथ ने नवनिर्वाचित विधायकों का आह्वान किया कि, चूंकि अब उनके पास दो-ढाई साल का ही समय है, ऐसे में वह सभी अपने कार्यकाल में जनता से बेहतर संवाद स्थापित करें और संगठन के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सफलता से प्रेरणा और असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ना है। यदि हम इसी सामूहिक भावना से कार्य करते रहे, तो 2027 में प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा।

अभिनंदन समारोह में भाजपा और सहयोगी दल रालोद के विजयी विधायकों को बधाई दी गई। इनमें मीरापुर से मिथिलेश पाल (रालोद), कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र दिलेर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिष्मिता मौर्य शामिल रहीं। उल्लेखनीय है कि यह सभी विधायकों ने पहले विधान भवन में विधान सभा सदस्यता की शपथ ग्रहण की। इसके बाद पार्टी मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, संजय निषाद, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# संभल हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन, दो माह में रिपोर्ट सौंपी जाएगी सरकार को

**लखनऊ, (हि. स.)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने संभल हिंसा की न्यायिक जांच कराने का फैसला किया है। सरकार ने इसके लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई। जस्टिस (रिटायर्ड) डीके अरोड़ा के नेतृत्व में आयोग दो माह में अपनी जांच रिपोर्ट शासन को सौंपेगा। आयोग में जस्टिस अरोड़ा के अलावा सेवानिवृत आ-ईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद और पूर्व डीजीपी एक जैन शामिल हैं। संभल में जामा मस्जिद का सर्वे करने के लिए गई टीम के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की तरफ से क्या व्यवस्था की गई, इसकी भी जांच की जाएगी। आयोग से यह सुझाव भी मांगा गया है कि भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना न होने पाए, इसके लिए क्या किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर को उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद का सर्वे के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर उपद्रव किया। सर्वे टीम पर हमला किया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तक इसमें घायल हुए। कथित गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और कई वाहन जला दिए गए।



# उप्र में राज कुंद्रा के करीबियों के कई ठिकानों पर ईडी का छापा

**लखनऊ, (हि.स.)।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और कारोबारी राज कुंद्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर छापा मारा। सूत्रों के मुताबिक ईडी की टीम ने कानपुर, गोरखपुर और कुशीनगर के साथ ही कम से कम 15 ठिकानों पर छापेमारी की। गोरखपुर से एक युवक को हिरासत में लिया गया है। मोबाइल एप के जरिए अश्लील सामग्रियों को तैयार करने और प्रसारित करने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच को लेकर ईडी ने यह कार्रवाई की है। खबर लिखे जाने तक छापेमारी जारी थी। लखनऊ में आवासीय फ्लैट कुर्कईडी ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित एक आवासीय फ्लैट को कुर्क किया। उसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। ईडी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत धोखाधड़ी के एक मामले में मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी की लखनऊ में स्थित आवासीय फ्लैट के रूप में 1.5 करोड़ रुपये की 01 अचल संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क किया है।




# दुकानदारों को भेजा गया जल का बिल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जतायी आपत्ति


**लखनऊ, (हि.स.)।** लखनऊ में जलकल विभाग ने कई दुकानदारों को जल का बिल भेज दिया है। इसमें बिल पाने वाले दुकानदारों के यहां कोई नल का कनेक्शन नहीं है। इसके बाद व्यापारियों की आवाज उठने पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने नगर आयुक्त से मिलकर बिल पर आपत्ति जतायी है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी ने कहा कि जलकल विभाग के कर्मचारियों ने व्यापारियों को परेशान करने की ठान ली है। इसके लिए आयेदिन दुकानों पर जलकल बिल के बकाया की नोटिस चस्पा कर जाते है। अमीनाबाद जैसे बड़े बाजारों सहित तमाम बाजार के दुकानदारों को बिना नल के कनेक्शन के ही बिल दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुकानदारों को हाऊस टैक्स के नाम पर बड़े बिल भेज कर भी परेशान किया गया है। इसकी शिकायत करने के बाद हमारे व्यापारी संगठन के अध्यक्ष संदीप बंसल ने महापौर से फर्जी बकाया बिल को लेकर आपत्ति दर्ज करायी थी। इसके बाद अब दुकानों पर जल के बिल मिलने पर उनके साथ में नगर आयुक्त से मिलकर आपत्ति दर्ज करायी गयी है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि लखनऊ में बहुत सारे मकान नम्बरों पर जलकल का बकाया है। इसमें कुछ मकानों में दुकानें बन चुकी है। इसके लिए वहां जलकल के कर्मचारी एवं अधिकारी निरीक्षण को गये थे और उन्होंने वहां पुराना बकाया पाया है। कुछ मकानों में नल का कनेक्शन नहीं पाये गये है, अगर ऐसी जगहों पर बिल गया है तो उसे पुराना बकाया ही माना जाये।



# सड़क पर गिरे बालू से अनियंत्रित होकर बाइक पलटी, एक की मौत

## –कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम

**पलामू, (हि.स.)।** पलामू में एक व्यक्ति की गुरुवार की रात सड़क हादसे में मौत हो गई। जिसके बाद लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। घटना जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में पुलिस लाईन के पास मुख्य सड़क पर हुआ। सड़क पर बालू गिरे होने के कारण मोटरसाइकिल फिसल गई और इस पर सवार चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा निवासी मुखराम दुबे (60) सड़क पर गिरकर जख्मी हो गए। सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से एमआरएमसीएच में मुखराम दुबे की इलाज के क्रम में मौत हो गई। मुखराम दुबे अघोर आश्रम रोड में नाइट गार्ड का काम करते थे। वह न्यू एरिया हमीदगंज के रहने वाले नीरज कुमार ठाकुर के साथ गुरुवार देर रात 12 बजे के करीब पुलिस लाइन की ओर से बाइक पर सवार होकर ड्यूटी स्थल पर जा रहे थे। मोटरसाइकिल नीरज चला रहा था। रात में ही मेदिनीनगर-बिसफुट्टा मार्ग में डॉ एमपी सिंह के घर के सामने रोड पर बालू गिराया गया था। बाइक का बैलेंस बालू में जाते ही बिगड़ गया। इस घटना में नीरज को भी चोट आई है। मुखराम दुबे की मौत के बाद उनके गांव के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मुखराम के शव के साथ बालू गिराए गए जगह पर शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे पहुंचकर लोग हंगामा करने लगे। पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सड़क पर बालू गिरवाने वाले पर कारवाई और मृतक के परिजन के लिए मुआवजा की मांग करने लगे। शहर थाना से पुलिस बल मौके पर पहुंची और सड़क जाम करने वाले को समझाना चाहा, लेकिन प्रदर्शनकारी दोषी पर कार्रवाई को लेकर अड़े हुए हैं। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे से बालू गिराने वाले वाहन की पड़ताल कर रही है। लोग अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। बालू की तस्करी में पुलिस प्रशासन के साथ मिली भगत का आरोप लगाया।



# मुख्यमंत्री पहुंचे रिम्स, बिरसा मुंडा के वंशज को दी श्रद्धांजलि



**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री सोरेन शुक्रवार को रिम्स पहुंचकर दिवंगत मंगल मुंडा के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री सोरेन ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत मंगल मुंडा के परिजनों को राज्य सरकार के स्तर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

# अनुराग गुप्ता ने झारखंड डीजीपी का प्रभार ग्रहण किया

**रांची, (हि. स.)।** अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचकर झारखंड डीजीपी का प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर पदभार संभालने के बाद डीजीपी ने कहा कि पुलिस की आंतरिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर होगा। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाना, विधि व्यवस्था संधारण, आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास जगाना, पुलिस की आंतरिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर होगा। साथ ही पुलिस बहाली, समय पर प्रोन्नति और विशेष प्रशिक्षण कराने पर बल दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जहां पुलिस फोर्स की जितनी जरूरत होगी, वहां उतनी प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जायेगी। गुप्ता ने कहा कि पुलिस का आमलोगों के साथ अच्छा व्यवहार, उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन, बुजुर्ग, कमजोर एवं महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। उनकी पूरी कोशिश होगी कि किसी भी तरह के आपराधिक घटना होने पर पुलिस का क्विक रिस्पॉन्स हो। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गुरुवार की रात सरकार ने सीआईडी एवं एसीबी डीजी के पद पर पदस्थापित अनुराग गुप्ता को झारखंड डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दिया था। आईपीएस अनुराग गुप्ता झारखंड पुलिस में महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। वह गढ़वा एवं हजारीबाग एसपी और रांची के एसएसपी के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। इसके अलावा वह बोकारो रेंज के डीआईजी के पद पर लंबे समय तक काम कर चुके हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय में उन्हें लंबे समय तक एडीजी स्पेशल ब्रांच के पद पर काम करने का भी अनुभव है। गुप्ता 1990 बेच के तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी है।



# बिहार विधानपरिषद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, शीतकालीन सत्र में पांच बिल पारित

**पटना, (हि.स.)।** बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान शुक्रवार को पांचवें दिन विधान परिषद की कार्यवाही दोपहर बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सदन को बताया कि वर्तमान सत्र में पांच विधेयक पारित किए गए हैं। इसमें बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024, बेतिया राज की संपत्तियों को निहित करने बाला विधेयक, 2024, बिहार सरकारी परिसर (आवंटन, किराया, वसूली एवं बेदखली) (संशोधन) विधेयक, 2024, बिहार खेल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024, बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2024 शामिल हैं।



सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सदन को बताया कि परिषद के 208वें सत्र में कुल पांच बैठकें आयोजित हुईं। इस सत्र के लिए ध्यानाकर्षण की कुल 64 सूचनाएं प्राप्त हुई। 30 ध्यानाकर्षण सूचनाएं सदन के कार्यक्रम पर लाए जाने के लिए स्वीकृत हुईं। 19 सूचनाएं उत्तरित हुई, शेष 2 सूचनाएं व्यपगत हुईं। सदन में 9 सूचनाएं प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के विचारार्थ सुपुर्द किए गए। शून्यकाल के दौरान 43 सूचनाएं प्राप्त हुईं जिनमें 35 सूचनाओं के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया एवं 8 सूचना अस्वीकृत की गई। इसके अलावा 57 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 53 सूचनाएं स्वीकृत और 4 सूचनाएं अस्वीकृत हुईं। सभी स्वीकृत 53 निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति को सुपुर्द किया गया। सभापति सिंह ने बताया कि इस सत्र में नेशनल ई-विधान (नेवा) के माध्यम से सदस्यों ने 331 तारांकित प्रश्न एवं 88 अल्पसूचित प्रश्न दिए गए तथा इसके माध्यम से कुल 300 तारांकित एवं अल्पसूचित प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान सदस्यों ने अपने संसदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसामान्य की समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दशार्यी है। सदन में महत्वूपर्ण विषयों पर वाद-विवाद में सहभागिता के लिए उन्होंने सदन के सभी सदस्यों को बधाई दी।

# डाकघर की सुविधाये घर की जैसी : मंत्री श्रवण कुमार

**पटना, (हि.स.)।** पटना में भारतीय डाक विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय बिहार डाक टिकट प्रदर्शनी के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने डाक विभाग के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के लिए पूरे विभाग को धन्यवाद दिया। उन्होंने समाज के विकास के लिए किये जाने वाले इस प्रकार के प्रदर्शनी की जम कर तारीफ की। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि वे डाकघर से बहुत करीब से जुड़े हुए है एवं इसकी सुविधाए वास्तव में इस प्रकार लगती है कि किसी कार्यालय के द्वारा नहीं बल्कि घर की सुविधाये है। मंत्री ने कहा कि यदि किसी भी नेक कार्य को मन से किया जाये तो सफलता जरुर मिलती है। विलीन होती परम्पराओं को पुनः जीवित करने के लगातार पहल के लिए उन्होंने डाक विभाग की सराहन की। मंत्री ने कहा कि हमें अपने कला को निखारने के लिए बहुत परिश्रम करना चाहिए। कंप्यूटर एवं मोबाइल का प्रयोग केवल आवश्यकता पर ही करना चाहिए। उन्हें अपने कला पर कभी हावी नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने यह भी इच्छा जारी की कि विभाग नालंदा के गिलास ब्रिज पर भी डाक टिकट जारी करे। मौके पर मुख्य अतिथि आचार्य किशोर कुनाल ने भी डाक विभाग के द्वार दी जाने वाली सुविधाओं को सराहा तथा विभाग द्वारा सनातन धर्म की विशेषताओं को प्रमाणिकताओं के साथ आगे बढ़ाने के किये धन्यवाद दिया । उन्होंने हमारे प्राचीन वेद और उपनिषद के वर्तमान समय में वैज्ञानिक पहलुओं की भी चर्चा की तथा बताया की आज विश्व के कई देशों में इन पर लगातार शोध हो रहा है। उन्होंने बताया कि वेद उपनिषदों के अनेकों रचनाओं का उद्गम हमारे बिहार ही रहा है। गायत्री मंत के रचयिता महर्षि विश्वामित्र बिहार के ही थे।



# जदयू महिला प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर दूसरी बार काबिज हुई रेणु झा

**सहरसा, (हि.स.)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए नए लोगों को नए दायित्व सौपा गया है। इसी कड़ी में जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ का भी पुनर्गठन एवं संगठन विस्तार कर महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है।जदयू महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भारती मेहता ने राज्य के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी में जुझारू एवं कर्मठ कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंप गई है। इसी कड़ी में रेनू झा को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इनके मनोनयन पर जिला जदयू कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। वही नव मनोनीत रेनू झा ने बताया कि जनता दल यूनाइटेड के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लगातार दुसरी बार हम लोगों को जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इसका निर्वहन हम लोग इमानदारी पूर्वक करेंगे।उन्होंने बताया कि वे नगर जिला एवं प्रदेश के विभिन्न पदो पर कुशलतापूर्वक दायित्व का निर्वहन किया हूं। साथ ही आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर पार्टी एवं संगठन को मजबूत बनाऊंगा। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय कुमार झा,प्रदेश अध्यक्ष उमेश प्रसाद कुशवाहा,सांसद दिनेश चंद्र यादव, मंत्री रत्नेश सादा, विधायक गुंजेश्वर शाह, जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। वही हर्ष व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष सीमा गुप्ता, अनुजा मिश्रा, स्मिता सिंहा,निशा पांडेय,डॉक्टर लुतफुल्लाह,डा कुलानंद झा, अक्षय झा, मोइनुद्दीन राईन, गणेश गौरव, अमर यादव, विनय कुमार, आनंदी मेहता, सुशील यादव, सोहन झा सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।





# एयर इंडिया की ब्लैक फ्राइडे सेल: हवाई टिकट में मिलेगी छूट

नई दिल्ली

एयर इंडिया ने शुक्रवार को ब्लैक फ्राइडे सेल शुरू की है, जिसमें यात्रियों को बड़ी छूट दी जा रही है। इस सेल के तहत घरेलू उड़ानों के लिए 20 फीसदी तक की छूट और इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 12 फीसदी तक की छूट पेशकश की जा रही है। यह ऑफर 2 दिसंबर तक है। इस ब्लैक फ्राइडे सेल के तहत

**एयर इंडिया का ऑफर 2 दिसंबर तक**

यूपीआई या इंटरनेट बैंकिंग के जरिए भुगतान करने पर यात्रियों को अतिरिक्त छूट भी मिल रही है।

घरेलू उड़ानों पर 400 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 1200 रुपये तक की बचत के साथ सभी बुकिंगों के लिए कन्वीनियंस शुल्क भी माफ किया जाएगा।

इस ऑफर का उपयोग करने के लिए यात्री एयर इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर जा सकते हैं। कंपनी ने सीटों की संख्या में सीमाएं बताई हैं, इसलिए जल्दी करें और इस मौके का फायदा उठाएं।

एयर इंडिया की इस ब्लैक फ्राइडे सेल में स्टूडेंट्स और सीनियर सिटीजन्स के लिए भी विशेष छूट का एलान किया गया है।

स्टूडेंट्स 25 फीसदी और सीनियर सिटीजन्स 50 फीसदी तक की छूट पा सकते हैं। इस ब्लैक फ्राइडे सेल के दौरान एयर इंडिया ने यात्रियों को हवाई टिकट में सबसे कम कीमत पर यात्रा करने का मौका दिया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ट्रिनिटी गेमिंग का 24 करोड़ में अधिग्रहण करेगी नोडविन गेमिंग

NODWIN GAMING

**नई दिल्ली** । गेमिंग और ईस्पोर्ट्स कंपनी नोडविन गेमिंग ने शुक्रवार को 24 करोड़ रुपये की कीमत पर ट्रिनिटी गेमिंग का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। नोडविन ने यह समाचार बयान करते हुए कहा कि इस लेन-देन का मौल्य 24 करोड़ रुपये है। ट्रिनिटी गेमिंग की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी का अधिग्रहण एक द्वितीयक बिक्री तथा नोडविन गेमिंग के शेयरों की अदला-बदली के साथ होगा। इसका अनुमानित भुगतान क्षमता है कि लगभग 4.8 करोड़ रुपये नकद भुगतान के रूप में किया जाएगा, जबकि शेष 19.2 करोड़ रुपये की देयता नोडविन गेमिंग के शेयरों की अदला-बदली के जरिये होगी। नोडविन गेमिंग ने 2014 में अपनी स्थापना की थी और वर्तमान में यह टेक्नोलॉजी कंपनी नाजारा की अनुषंगी है। ट्रिनिटी गेमिंग भारत में सीएसपी के साथ काम करता है जो मेटा के लिए क्रिएटर सर्विस प्रोवाइड करता है, और गेमिंग एमसीएन के रूप में यूट्यूब पर एक मल्टी-चैनल नेटवर्क है। इसके साथ ही नोडविन गेमिंग ने सैमसंग, रियलमी, आईक्यूओओओ, और क्राफ्टन जैसी बड़ी कंपनियों के साथ भी साझेदारी की है ।

### एंवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स की बाजार में अच्छी शुरुआत, लिस्टिंग के पहले दिन निवेशकों को हुआ फायदा



**नई दिल्ली** । शेयर बाजार में शुक्रवार को एंवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स की लिस्टिंग के पहले दिन ही अच्छी शुरुआत हुई। उन निवेशकों को खुशखबरी मिली है जिन्होंने इस कंपनी के आईपीओ में निवेश किया था। इश्यू प्राइस के मुकाबले यह 48 फीसदी प्रीमियम पर लिस्ट हुई है। एंवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स के आईपीओ को बहुत ही धमाकेदार रिस्पॉन्स मिला। रिटेल, क्यूआईबी और एनआईआई कैटेगरी में सब्सक्राइब किया गया था और एंकर निवेशकों से भी बड़ी रकम जुटाई गई थी। कंपनी का प्रमुख क्षेत्र वेस्ट-वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट है और इसे खुदरा वॉटर और इंडस्ट्री ऑटोमेटिव सेक्टर में काम करने का विशेष ज्ञान है। कंपनी के वित्तीय वर्ष 2023 और 2024 में काफी अच्छी वृद्धि की गई है, जिससे निवेशकों को भविष्य में भी अच्छी रिटर्न मिल सकते हैं। इस आईपीओ के साथ कंपनी के प्रमोटरों की हिस्सेदारी 72.7 फीसदी तक घटकर 93.66 फीसदी रह गई है, जो कंपनी की विश्वासयों पर और भी सुधार करता है।

### वर्ष 2032 तक बिजली पारेषण ढांचे पर 9.12 लाख करोड़ खर्च करने की योजना



**नई दिल्ली।** देश में 2032 तक बिजली पारेषण बुनियादी ढांचे की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार ने कुल 9.12 लाख करोड़ रुपए का योजना बनाई है। बिजली राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने संसद में इसकी जानकारी दी। राष्ट्रीय विद्युत योजना (पारेषण) के अनुसार 10 साल की अवधि में 1,91,474 सीकेएम पारेषण लाइन और 1274 जीवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता जोड़ी जाएगी। इसके साथ ही 33.25 गीगावाट एचवीडीसी बाइ-पोल लिंक की भी योजना है। नाइक ने बताया कि कुल 9,16,142 करोड़ रुपए का खर्च योजना पर होने की संभावना है। परमाणु ऊर्जा क्षमता निर्माणाधीन है और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं भी चल रही हैं। 2031-32 तक 7,300 मेगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता निर्माणाधीन है, जबकि 31 अक्टूबर, 2024 तक 1,27,050 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता कार्यान्वयन के अधीन है। सरकार ने वर्ष 2022-23 से वर्ष 2031-32 तक देश में बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए यह कदम उठाया है।

# किआ इंडिया की सीकेडी वाहन निर्यात दोगुना करने की योजना

नई दिल्ली

कारें बनाने वाली कंपनी किआ इंडिया ने 2030 तक पूरी तरह से नॉक-डाउन (सीकेडी) वाहन इकाइयों के अपने निर्यात को दोगुना करने की योजना की घोषणा की है। कंपनी किआ ने बताया कि यह कदम उसकी दीर्घकालिक वैश्विक रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य वैश्विक ऑटोमोटिव आपूर्ति श्रृंखला में अपनी स्थिति मजबूत करना है।

कंपनी ने खुलासा किया कि उसने आंध्र प्रदेश के अनंतपुर स्थित विनिर्माण संयंत्र से जून 2020 में शिपमेंट शुरू होने के बाद से 100,000 सीकेडी वाहन इकाइयों का निर्यात पूरा कर लिया है। वर्तमान में, किआ इंडिया किआ कॉर्पोरेशन के वैश्विक सीकेडी निर्यात का 50 प्रतिशत योगदान करती है। यह भारतीय परिचालन की वैश्विक बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। किआ इंडियाने अब तक कुल 367,000 वाहनों का निर्यात किया है। इनमें सेल्टोस, सोनेट और कैरेंस जैसे लोकप्रिय मॉडल शामिल हैं। कंपनी का 2024 में लक्ष्य उज्बेकिस्तान, इक्वाडोर और वियतनाम जैसे नए बाजारों में 38,000 से अधिक सीकेडी इकाइयों का निर्यात करना है। किआ का अनंतपुर प्लांट उन्नत विनिर्माण तकनीकों से लैस है और यह रणनीतिक रूप से प्रमुख बंदरगाहों के पास स्थित है। इससे निर्यात के लिए कुशल और लागत-प्रभावी रसद सुनिश्चित होती है। किआ इंडिया की विकास रणनीति के तहत मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजार महत्वपूर्ण हैं, जहां किफायती और विश्वसनीय वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। किआ ने यह स्पष्ट किया कि सीकेडी निर्यात पर उसका ध्यान घरेलू मांग को पूरा करने की उसकी प्रतिबद्धता के साथ सामंजस्य रखता है।

यह रणनीति भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक साबित होगी।कंपनी के मुख्य बिक्री अधिकारी, जूनसू चो ने कहा, हमारा लक्ष्य 2030 तक सीकेडी निर्यात की मात्रा को दोगुना करना है और मध्य पूर्व और अफ्रीका में अपने पदचिह्न का विस्तार करना है। उन्होंने भारत सरकार की निर्यात-अनुकूल नीतियों की भी सराहना की और वैश्विक ऑटोमोटिव आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका को मजबूत करने में उनके महत्व को रेखांकित किया।




### होंडा ने पेश किए दो इलेक्ट्रिक स्कूटर

**नई दिल्ली** । हाल ही में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने दो इलेक्ट्रिक स्कूटर भारतीय बाजार में पश किए। ये स्कूटर होंडा एक्टिवा-ई और क्यूसी-1 हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि ओला के एस-1 को बाजार में होंडा एक्टिवा-ई, टक्कर देगा। होंडा एक्टिवा-ई में 102 किलोमीटर की रेंज मिलेगी और इसमें दो स्वेपेबल बैटरी दी गई हैं। इसकी कीमत कितनी होगी, इसका खुलासा अभी कंपनी ने नहीं किया है। एक्टिवा-ई और होंडा क्यूसीआई में रोड सिंक ड्यो ऐप दिया गया है। होंडा क्यूसी-1 में 80 किलोमीटर की रेंज मिलेगी और यह इलेक्ट्रिक स्कूटर एक फिक्स्ड 1.5 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ पेश किया गया है। इसमें 7.0 इंच की टीएफटी स्क्रीन मिलती है जो होंडा रोड सिंक ड्यो ऐप के साथ रियल-टाइम कनेक्टिविटी देती है। एक्टिवा-ई में बड़ी सीट, स्मार्ट की, यूएसबी सी और हुक, स्मार्ट कनेक्टिवटी, इनबिल्ट जीपीएस, डे और नाइट मोड और नेविगेशन जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके दोनों तरफ टर्न इंडिकेटर्स के साथ एलईडी हेडलैंप लगे हैं। यह डुअल-टोन सीट, 12-इंच डायमंड कट एलॉय व्हील, फ्लैट फुटबोर्ड और मजबूत ग्रैबरेल जैसी खासियतों से भी लैस है। इसमें 7.0 इंच की टीएफटी स्क्रीन भी लगी है। होंडा एक्टिवा ई में एक स्वैपेबल बैटरी सेटअप है जिसमें दो 1.5 केडब्ल्यूएच बैटरी हैं। इसका पावर आउटपुट 4.2 केडब्ल्यू (5.6 बीएचपी) है जिसे अधिकतम 6.0 केडब्ल्यू तक बढ़ाया जा सकता है। इसमें तीन राइडिंग मोड स्टैंडर्ड, स्पोर्ट और इकॉन दिया गया है। इलेक्ट्रिक स्कूटर पर्ल जुबली व्हाइट, मैट गनपाउडर ब्लैक मेटैलिक और प्रीमियम सिल्वर मेटालिक कलर ऑप्शन में आएगा। होंडा क्यूसी-1 में मिलेगी 80 किलोमीटर की रेंज मिलेगी।

## सोना और चांदी के भाव में तेजी

# सोना फिर 76 हजार पार, चांदी भी चमकी




नई दिल्ली

**सोने-चांदी के वायदा भाव में शुक्रवार को तेजी देखी जा रही है। शुक्रवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 76,250 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 89,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की वायदा कीमतों में भी तेजी देखने को मिल रही है।**

सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 610 रुपये की तेजी के साथ 76,334 रुपये के भाव पर खुला।

सोने के वायदा भाव ने इस साल 79,775 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 697 रुपये की तेजी के साथ 88,699 रुपये पर खुला। इस समय यह 988 रुपये की तेजी के साथ 88,990 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।

वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,636.39 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,639.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 18.20 डॉलर की तेजी के साथ 2,658.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 30.13 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 30.11 डॉलर था। इस समय यह 0.55 डॉलर की तेजी के साथ 30.66 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने पटना में पूर्वी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा की



पटना/नई दिल्ली


केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बिहार की राजधानी पटना के होटल ताज में पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की समीक्षा की। वह इस समय बिहार के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। सीतारमण के पटना और दरभंगा में कई कार्यक्रम हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अध्यक्ष और डीएफएस के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पटना में बिहार के उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ कई मुद्दों पर बातचीत की।

# चिप डिजाइन के क्षेत्र में भारत एक बड़े देश के रूप में उभरेगा: जापान

नई दिल्ली

जियो-पॉलिटिकल टेंशन की वजह से चिप डिजाइन के क्षेत्र में भारत एक बड़े देश के रूप में उभर सकता है। ये कहना है जापान के सॉफ्टबैंक समूह के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी मासायोशी सोन का। अरबपति सीईओ ने अपनी यात्रा के दूसरे दिन सॉफ्टबैंक की पोर्टफोलियो कंपनियों के संस्थापकों से मुलाकात की। इनमें पेटीएम के सीईओ विजय शेखर शर्मा, मीशो के सीईओ विदित आत्रे, ओयो के सीईओ रितेश अग्रवाल, ओला कंज्यूमर और ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ भाविश अग्रवाल, फ्लिपकार्ट के सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति और अनएकेडमी के सीईओ गौरव मुंजाल समेत अन्य शामिल थे।



सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने भारत में अपनी पोर्टफोलियो कंपनियों के संस्थापकों से 10 साल के संबंध में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर काम करने के लिए कहा है। अपनी दो दिन की भारत यात्रा के दौरान सोन ने पहले दिन मुंबई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी से तथा दूसरे दिन राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। सूत्र ने कहा, संस्थापकों के साथ बैठक के दौरान सोन ने कहा कि भारत की इंजीनियरिंग प्रतिभा दुनिया में सबसे बड़ी है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक कारणों से भारत चिप डिजाइन में एक बड़ा खिलाड़ी हो सकता है। दरअसल, सेमीकंडक्टर या चिप निर्माण चीन व ताइवान की दुनियाभर में बादशाहत है। सॉफ्टबैंक ने पिछले 10 साल में 15 अरब डॉलर का निवेश किया है और भारत में सॉफ्टबैंक का निवेश इससे अधिक हो सकता है। सॉफ्टबैंक समूह के संस्थापक ने कहा कि चिप डिजायनिंग एआई अर्थव्यवस्था की धड़कन होगी। संस्थापकों के साथ चर्चा के दौरान सोन ने एआई के इर्द-गिर्द कारोबार के विकास पर जोर दिया।

# महाकुंभ में 92 लाख में बिकी कचौड़ी की दुकान, लड्डू की दुकान 75 लाख की

इलाहाबाद

**उत्तर प्रदेश महाकुंभ-2025 के निकट होने के साथ ही यहां के व्यवसायिक धंधे में भी चर्चा है। संगम के पास कचौड़ी की दुकान का एक साल का किराया 92 लाख है। यह दुकान महाकुंभ-2025 में स्थापित होने वाली है। संगम के निकट कचौड़ी के एक और किनारे लड्डू की दुकान भी है जो 75 लाख में बिकी है।**




इसके बावजूद यहां की दुकानों के लिए महाकुंभ के डेढ़ महीने और मेलों में ही खरीदारों की भीड़ होती है।

महाकुंभ में तैयारियां अपने जोर-शोर से चल रही हैं। कुल 4 हजार हेक्टेयर में मेला क्षेत्र बनाया जा रहा है, जिसमें 40 करोड़ लोगों की संभावना है। ऐसे में हर व्यवसायी चाहता है कि वह महाकुंभ में अपना व्यवसाय शुरू करे, क्योंकि उन्हें कमाई की बड़ी संभावनाएं हैं। मेला क्षेत्र में एक प्रसाद और पूजन सामग्री की दुकान पर गए, जिसका किराया पहले के मुकाबले कहीं अधिक है। 15 बाई 30 की एक जमीन के लिए पहले 3-4 लाख रुपए देने पड़ते थे, लेकिन अब 16 लाख रुपए की बोली लगानी पड़ी है। संगम के पास प्रसाद-माला बेचने की दुकान के लिए भी लगभग समान ही राशि चुकानी पड़ रही है। यहां भी जमीन की मांग पर भारी कीमत पड़ रही है। महाकुंभ के स्थानांतरण और व्यवसायिक मोड के साथ, दुकानदारों को विश्वास और उत्साह से काम करना होगा। इन दुकानों की लोकेशन चुनने पर जानकारों की पूरी तरह से निर्भरता है कि उनका व्यवसाय सफल होगा या नहीं।

### बीएमडब्ल्यू मोटरराड कीमतों में 2.5 फीसदी तक करेगी इजाफा, नई दरें जनवरी से लागू




**नई दिल्ली।** जर्मनी की कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू की दोपहिया इकाई बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने अपने सभी वाहनों की कीमतों में 2.5 फीसदी तक इजाफा करने का ऐलान किया है। नई दरें एक जनवरी, 2025 से लागू होंगी। कंपनी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने अपने सभी वाहनों की कीमतों में एक जनवरी, 2025 से 2.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने कहा कि समग्र कच्चे माल की लागत में वृद्धि और महंगाई के दबाव की वजह से मूल्य में बढ़ोतरी का फैसला किया गया है। इससे पहले बीएमडब्ल्यू इंडिया ने जनवरी से अपनी सभी कारों की कीमतों में तीन फीसदी तक की इजाफा करने की घोषणा पहले कर चुकी है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने भी नए साल से भारत में अपने वाहनों की कीमतों में तीन फीसदी तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने आधिकारिक तौर पर अप्रैल, 2017 में बीएमडब्ल्यू समूह की भारतीय अनुषंगी के तौर पर अपना परिचालन शुरू किया था। यह ब्रांड देश में प्रीमियम मोटरसाइकिल और स्कूटर की श्रृंखला बेचता है।

# सफलता की राह हमेशा आसान नहीं होती : मौनी



अभिनेत्री मौनी रॉय के मनोरंजन इंडस्ट्री में 6 वर्ष पूरे हो गए है। वे अपनी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का सेलिब्रेट कर रही हैं। मौनी ने इन वर्षों में इंडस्ट्री में हासिल किए अपने अनुभवों का सांझा किया है। मौनी ने इस दौरान न केवल स्क्रीन पर एक मजबूत उपस्थिति बनाई है, बल्कि टेलीविजन और फिल्मों के बीच सहजता से आगे बढ़ते हुए, अपनी एक अनूठी छवि भी स्थापित की है। अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, मौनी ने इंडस्ट्री के साथ आने वाली चुनौतियों और विकास को अपनाने के अपने अनुभव को साझा किया। इंडस्ट्री ने मुझे धैर्य रखना सिखाया, उन्होंने स्वीकार किया कि सफलता की राह हमेशा आसान नहीं होती, लेकिन आत्म-विश्वास उनके विकास की कुंजी रही है। हालांकि मौनी ने अपने पूरे करियर में उतार-चढ़ाव दोनों देखे हैं, लेकिन वह एक अभिनेत्री के रूप में विकसित होने के लिए समर्पित हैं। उनका मानना है कि इस प्रतिस्पर्धी इंडस्ट्री में सीखने और बढ़ने की क्षमता ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बताया, हर उद्योग में उतार-चढ़ाव आते हैं। जो मायने रखता है वह यह है कि हम अभिनेता के रूप में विकसित होते रहें और ऐसी कहानियां पेश करें जो दर्शकों से जुड़ें। यह उनके संकल्प दशार्ता है कि वह हमेशा सुधार और विकास की दिशा में काम करती रहेंगी, चाहे रास्ते में कोई भी रुकावट क्यों न हो। छह साल पूरे करने पर, मौनी ने सिर्फ एक माध्यम या प्रारूप से परे देखने और भूमिकाओं और कहानियों की एक विस्तृत श्रृंखला पर काम करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा, मेरा ध्यान हमेशा ऐसी भूमिकाएं चुनने पर रहता है जो सच में मुझसे जुड़ते है, चाहे वह किसी भी शैली में हो। यह मानसिकता एक अभिनेता के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और विभिन्न पात्रों को चित्रित करने के प्रति उनकी समर्पण को दशार्ती है जो उन्हें रचनात्मक रूप से चुनौती देती हैं।


# रवीना की तस्वीरें सोशल मीडिया में छायीं



अभिनेत्री रवीना टंडन ने एक थ्रोबैक तस्वीरों की सीरीज शेयर की, जिसमें वह ब्लैक आउटफिट में गॉर्जियस और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। रवीना द्वारा शेयर की गई इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर एक बार फिर से तहलका मचा दिया है, और उनके फैंस और फिल्म इंडस्ट्री के सितारे जमकर उनकी तारीफ कर रहे हैं। रवीना ने अपनी पोस्ट में कैप्शन लिखा, पुरानी तस्वीरें, फरवरी 2024। इन 12 तस्वीरों में से हर एक तस्वीर में रवीना की खूबसूरती और स्टाइल को देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए। तस्वीरों में रवीना का आत्मविश्वास और आकर्षण बखूबी झलकता है, और यह साबित करता है कि उम्र सिर्फ एक नंबर है। पोस्ट पर फिल्म डायरेक्टर फराह खान ने रवीना की तारीफ करते हुए कमेंट सेक्शन में फायर इमोजी डाला। एक फैन ने लिखा, वाह, चार्मिंग, तो दूसरे ने कहा, आप एवरग्रीन हैं।


एक और फैन ने लिखा, आप स्टनिंग हैं। रवीना की यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, और फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। रवीना टंडन सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अपनी लेटेस्ट पोस्ट के जरिए फैंस से जुड़ी रहती हैं। वह कभी ट्रेडिशनल लुक में तो कभी वेस्टर्न आउटफिट में अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने कॉटन सलवार सूट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिनमें वह सादगी और खूबसूरती से भरी हुई नजर आईं। इसके अलावा, रवीना टंडन हाल ही में अपनी बेटी राशा थडानी के साथ झारखंड के वैद्यनाथ बाबा के दर्शन करने पहुंची थीं। वह द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए निकली थीं, और इसके बाद उन्होंने मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में भी दर्शन किए। रवीना की बेटी राशा बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत करने जा रही हैं, और उनकी डेब्यू फिल्म आजाद है। इस फिल्म में राशा के साथ अजय देवगन के भांजे अमन देवगन नजर आएंगे, और इसका निर्देशन अभिषेक कपूर करेंगे। बता दें कि बॉलीवुड की एवरग्रीन अभिनेत्री रवीना टंडन अपनी खूबसूरती और स्टाइल के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं।

# भावुक अभिनेता हैं बॉलीवुड सुपरस्टार वरुण धवन



हाल ही में बॉलीवुड सुपरस्टार वरुण धवन ने पेशेवर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर अपनी यात्रा शुरू की है। वरुण ने अपने बायो में लिखा है कि वह एक भावुक अभिनेता हैं, जो सीमाओं से आगे बढ़ने में विश्वास रखते हैं और सिनेमाई उत्कृष्टता को हासिल करने के लिए लगातार मेहनत करते हैं। इस नए अध्याय को लेकर वह काफी उत्साहित हैं और उन्होंने इसे एक बड़े कदम के रूप में लिया है। अपनी पहचान के बारे में वरुण ने लिखा, अभिनेता निवेशक सहायक निर्देशक। उन्होंने बताया कि उनका करियर एक दशक से अधिक का रहा है और उन्होंने 300 करोड़ की मेगा हिट फिल्मों से लेकर विशिष्ट और विषय-वस्तु आधारित फिल्मों तक का सफर तय किया है। इसके अलावा, वह हमेशा अपनी यात्रा को रचनात्मकता को दर्शकों की अपेक्षाओं के अनुरूप ढालने की ओर देखते हैं। वरुण ने यह भी कहा कि वह सीमाओं को तोड़कर और एंटरटेनमेंट इकोसिस्टम के प्रत्येक हितधारक की कीमत समझ कर आगे बढ़ने में विश्वास रखते हैं। वरुण की पहली पोस्ट को नया अध्याय के रूप में लेबल किया गया था, जिसमें उन्होंने लिखा, एक नया अध्याय - लिंक्डइन पर अपनी यात्रा को शुरू कर रहा हूं, सबको नमस्कार। वह इस प्लेटफॉर्म पर जुड़ने को लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि यह उन्हें अन्य उद्योगों के पेशेवरों से जुड़ने का एक अनोखा अवसर प्रदान करता है। वरुण ने अपनी पोस्ट में यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने सेट पर अपने निर्देशकों, निमार्ताओं और सह-अभिनेताओं से जो सबक सीखा है, वह आज भी उन्हें चुनौतियों का सामना करने, सहयोग करने और खुद को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। वरुण धवन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और उनके फॉलोअर्स की संख्या काफी ज्यादा है। इंस्टाग्राम पर उनके 46.7 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जबकि एक्स (पूर्व ट्विटर) पर उनके 11.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

# अथिया शेट्टी का ट्रेडिशनल लुक



एक्ट्रेस अथिया शेट्टी इन दिनों प्रेग्नेंसी फेज को एंजॉय कर रही हैं। वो जल्द ही में क्रिकेटर पति केएल राहुल के पहले बच्चे को जन्म देंगी। ऐसे में वो अपने इस सफर को खास और यादगार बनाते हुए जी रही हैं। इसी बीच मॉम-टू-बी एक्ट्रेस ने अपने बेबी बंप के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की, जो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गईं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को फैंस खूब लाइक कर रहे हैं। अथिया शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर अपने एथनिक लुक की दो तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वो क्रीम कलर के आउटफिट में बेहद स्टनिंग लग रही हैं। इस लुक को उन्होंने बड़े झूमके, मिनिमल मेकअप और लो बन के साथ कंप्लीट किया है और बालकनी की दीवार से सटकर बड़े ही स्टाइल के साथ बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही है। इन तस्वीरों में मॉम-टू-बी अथिया का स्टाइल देखते ही बन रहा है। बता दें, अथिया और क्रिकेटर केएल राहुल ने इसी महीने की शुरूआत में प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी और गुड न्यूज के साथ कैप्शन में लिखा था, हमारा सुंदर आशीर्वाद जल्द आ रहा है।

# अगले साल की शुरूआत में तमन्ना और विजय कर सकते हैं शादी



बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और एक्टर विजय वर्मा जल्द ही अपने रिश्ते को अगले स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। खबरों की मानें तो यह जोड़ा 2025 में शादी करने की योजना बना रहा है। बताया जा रहा है कि वे शादी के बाद रहने के लिए एक शानदार अपार्टमेंट की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, इस बारे में दोनों की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन फैंस इस खबर को लेकर काफी उत्साहित हैं। तमन्ना और विजय ने 2023 में लस्ट स्टोरीज 2 की रिलीज के दौरान अपने रिश्ते की पुष्टि की थी। यह उनके साथ काम करने का पहला मौका था, और यहीं से उनकी केमिस्ट्री की शुरूआत हुई। अभिनेता विजय वर्मा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि वह अपने रिश्ते को गुप्त नहीं रखना चाहते, लेकिन कुछ निजी पलों को निजी रखना उनकी प्राथमिकता है। विजय ने खुलासा किया कि उनके पास तमन्ना और उनकी पांच हजार से ज्यादा तस्वीरें हैं। हालांकि, वह इन्हें सोशल मीडिया पर साझा नहीं करना चाहते, क्योंकि यह उनके लिए बेहद खास और व्यक्तिगत हैं। विजय ने यह भी कहा कि उनका रिश्ता गहरा और मजबूत है, और वह इसे केवल अपने और तमन्ना के बीच रखना पसंद करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कपल ने अपने भविष्य के लिए योजनाएं बनानी शुरू कर दी हैं। हालांकि, इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन फैंस को उम्मीद है कि तमन्ना और विजय जल्द ही अपनी शादी की खबर से सबको खुशखबरी देंगे। तमन्ना और विजय के इस कदम को लेकर इंडस्ट्री में भी खासा उत्साह है, और हर कोई उनकी शादी की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। बता दें कि तमन्ना और विजय इन दिनों अपने रिश्ते को लेकर फिर से सुर्खियों में हैं। दोनों को उनके फैंस न सिर्फ साथ में पसंद करते हैं, बल्कि उनकी केमिस्ट्री की भी खूब तारीफ करते हैं।

# प्रियंका चोपड़ा ने शेयर की तस्वीर

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस इस समय अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, जो फिलहाल लंदन में हो रही है। हाल ही में प्रियंका ने शूटिंग के दौरान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसमें वह बारिश के मौसम में ठंड से बचने के लिए जैकेट पहने हुए हैं और हाथों में हॉट वाटर बॉटल पकड़े हुए दिख रही हैं। कैमरे की तरफ मुस्कराते हुए प्रियंका का चेहरा ठंड की झलक से भरा हुआ नजर आ रहा है। प्रियंका ने इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा, जब नवंबर में लंदन में बारिश होती है। इसके अलावा, प्रियंका ने एक और तस्वीर पोस्ट की, जिसमें खून से सना हुआ एक हॉल दिख रहा था, और इसके साथ ही उन्होंने सवाल पूछा, आपको क्या लगता है कि सिटाडेल 2 के इस एपिसोड में क्या हो रहा है? प्रियंका चोपड़ा सैम ह्यूगन और सेलीन डायोन-स्टारर लव अगेन में भी नजर आई थीं। अब वह सिटाडेल 2 सीरीज में रिचर्ड मैडेन के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हालांकि, सीजन 2 से संबंधित जानकारी फिलहाल गुप्त रखी गई है।

# थलपति 69 में नजर आएंगी पूजा हेगड़े



अभिनेत्री पूजा हेगड़े फिल्म थलपति 69 में नजर आएंगी। हाल ही में पूजा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर चेन्नई में शूटिंग का एक दृश्य शेयर किया। इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल चेन्नई में चल रही है। अभिनेत्री इसमें थलपति विजय के साथ अभिनय करती नजर आएंगी। तमिल, तेलुगु और हिंदी सहित कई भाषाओं में अक्टूबर 2025 में रिलीज होने वाली फिल्म थलपति 69 विजय की विरासत को समर्पित होगी। फिल्म का निर्देशन एच. विनोद करेंगे और केवीएन प्रोडक्शंस के तहत वेंकट के. नारायण इसे प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की शूटिंग पारंपरिक पूजा समारोह के साथ शुरू हुई। निमार्ताओं ने कलाकारों और क्रू की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इस कार्यक्रम में कास्ट और क्रू की टीम शामिल हुई, जिसमें थलपति विजय, बॉबी देओल और पूजा हेगड़े शामिल थे। थलपति 69 में फिल्म निमार्ता-अभिनेता गौतम वासुदेव मेनन, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री प्रियामणि, अनुभवी अभिनेता प्रकाश राज और प्रेमलु की प्रसिद्ध अभिनेत्री ममिता बैजू भी हैं। इस बीच पूजा हेगड़े इसके अलावा अपकमिंग फिल्म देवा और सूर्या 44 में भी नजर आएंगी। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित देवा में अभिनेत्री शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इस साल जुलाई में फिल्म का पहला लुक जारी किया गया था, जिसमें निमार्ताओं ने घोषणा की थी, देवा के रोमांचक रोमांच का अनुभव करें। यह पावर-पैक एक्शन थ्रिलर 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म में पावेल गुलाटी भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इसे कार्तिक सुब्बाराज ने लिखा और निर्देशित किया है।

# कुब्रा सैत और काजोल का नया प्रोजेक्ट




हाल ही में, बॉलीवुड एक्ट्रेसेस कुब्रा सैत और काजोल ने अपनी आगामी अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट की शूटिंग पूरी कर ली है। शूटिंग का शेड्यूल समाप्त होने पर काजोल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें कुब्रा सैत और पूरी टीम नजर आ रही है। इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर धमाल मचाया और फैंस में उत्सुकता पैदा कर दी है, जिससे सभी यह जानने के लिए बेचैन हैं कि ये दोनों टैलेंटेड एक्ट्रेस क्या नया लेकर आ रही हैं। काजोल की बात करें तो वह जल्द ही सरजमीन, मां, और कई अन्य दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाली हैं। वहीं, कुब्रा सैत को लेकर खबर है कि वह शाहिद कपूर के साथ देवा में दिखाई देंगी। इसके अलावा, वह अजय देवगन के साथ सन ऑफ सरदार 2 और डेविड धवन की अनटाइटल्ड कॉमेडी एंटरटेनर में वरुण धवन और मृणाल ठाकुर के साथ नजर आएंगी। इन दोनों एक्ट्रेसेस की आगामी परियोजनाएं निश्चित रूप से दर्शकों को रोमांचित करने वाली हैं।

# एक वीडियों में नहीं दिखा ऐश्वर्या राय के नाम के आगे 'बच्चन' सरनेम, अटकलें फिर शुरू




बॉलीवुड की खूबसूरत और प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक ऐश्वर्या राय एक्टिंग और खूबसूरती के लिए दुनियाभर में लाखों प्रशंसकों की धड़कन अभी भी बनी हुई हैं। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। पिछले कुछ महीनों से ऐश्वर्या अपने काम की वजह से नहीं बल्कि अपनी निजी जिंदगी की वजह से खबरों में हैं। कहा जा रहा है कि उनके और अभिषेक बच्चन के बीच अनबन चल रही है। ऐसे में दुबई के एक इवेंट का वीडियो वायरल हो रहा है। ऐश्वर्या का इस वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा हो रही है कि उन्होंने बच्चन सरनेम हटा दिया है। ऐश्वर्या राय ने हाल ही में दुबई में हुए कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार शेयर किए। इस इवेंट में ऐश्वर्या ने नीले रंग की ड्रेस पर कढ़ाईदार जैकेट पहन रखी थी। इस इवेंट से ऐश्वर्या का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें स्टेज पर आते ही ऐश्वर्या का नाम बड़ी स्क्रीन पर दिखाई देता है, लेकिन स्क्रीन पर दिख रहे उनके नाम के आगे बच्चन नहीं लिखा था। स्क्रीन पर केवल 'ऐश्वर्या राय' और उसके आगे 'इंटरनेशनल स्टार' लिखा था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों का ध्यान इस बात पर गया कि क्या ऐश्वर्या ने अपने नाम से सरनेम बच्चन हटा दिया है। ऐश्वर्या राय का इंस्टाग्राम नाम ऐश्वर्या राय बच्चन है। वह इंस्टाग्राम पर पति अभिषेक बच्चन को भी फॉलो करती हैं। अमिताभ बच्चन के जन्मदिन के मौके पर उन्होंने अपनी बेटी आराध्या की एक तस्वीर उसके दादा अमिताभ के साथ शेयर की थी।

**अभिषेक और ऐश्वर्या के तलाक की चर्चा** - दुबई के इवेंट में उनके नाम के साथ बच्चन सरनेम का न होना चर्चा का विषय बना हुआ औ। उनके और अभिषेक के तलाक की भी चचाएं हो रही हैं। ऐसी चचाएं पिछले कई महीनों से लगातार चल रही हैं। अभिषेक बच्चन अपने परिवार के साथ अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में शामिल हुए थे, उस समय ऐश्वर्या राय उनके साथ नहीं थी। कुछ देर बाद ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या के साथ वहां पहुंची थीं। इसके बाद दोनों के रिश्ते में सबकुछ ठीक नहीं की चचाओं को बल मिला था। आराध्या ने हाल ही में अपना 13वां जन्मदिन मनाया। इस बर्थडे सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें ऐश्वर्या ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। हालांकि, इन तस्वीरों में अभिषेक बच्चन या परिवार का कोई अन्य सदस्य नहीं दिखा था। जिससे एक बार फिर इस जोड़े के तलाक की चर्चा छिड़ गई थीं।

## सूडोकु नवताल- 6988

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6987 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7735

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | ज | मी | दा | र | तू | ग | झ | क | कि |
| सू | ल | दा | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | रा |
| बे | पु | वे | मु | दा | ल | सिं | बे | ला | ल | ये |
| दा | दा | दा | धा | हा | क | प | हा | दा | र | दा |
| र | श | र | ष | उ | व | री | ग | स | र | र |
| रं | रि | प | व | दा | त | रे | ती | प | न | ती |
| गा | ल | ख | अं | र | म | प | दा | ला | व | क |
| बा | जी | वा | री | क | छ | सौ | न | र | जू | क |
| स | थो | तें | व | द | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | दा | ऐ | बें | न | रु | थो |
| कां | टे | दा | र | ग | कु | र | जा | एं | प | क |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे दार शब्द लगा हो. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

जमीदार, सूबेदार, दावेदार, दानेदार, उदार, खरीददार, किरायेदार, कांटेदार, मुहावरेदार, ताबेदार

### शब्दजाल - 7734 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | ज | गा | र | ग | ब | ज | क | प | ल | क |
| दें | वा | ज | क | या | ज | का | मौ | स | जि | ड़ |
| क | ह | या | य | र्म | छ | स | या | ता | य | क |
| क | र | ल | र | दे | वी | स | न | ल | श | क |
| ज | इ | ल | म | सं | व | ज | श | र | ला | ल |
| क | ज | दा | ई | र | ब | ज | फ | लो | श | ज |
| क | ज | चे | दा | ई | क | स | री | ग | प | न |
| द | र | मी | प | व | ज | ना | र्द | न | ज | स |
| क | ज | ल | ज | न | व | री | ऐ | ना | प | हो |
| क | मी | ल | प | द | या | स | मा | ज | स | य |
| का | न | चे | न्न | ई | क | ज | री | ग | प | ग |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6688

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 3 | | | 1 |
| 2 | 34 | 7 | 30 | | 28 | |
| | | 1 | 6 | | 5 | 4 |
| 3 | 31 | | 32 | 6 | 33 | |
| | 5 | 3 | | | 2 | 7 |
| 5 | 28 | | 33 | 7 | 38 | |
| 1 | | 2 | | 5 | | 6 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6687 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 5 | 32 | 7 | 32 | 1 | 30 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 2 | 35 | 3 | 35 | 7 | 32 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 6 | 34 | 1 | 34 | 5 | 28 | 4 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# सीजन की पहली जीत पाने के इरादे से ईस्ट बंगाल से घर पर भिड़ेगी नॉर्थईस्ट यूनाइटेड

कोलकाता

ईस्ट बंगाल एफसी अपने घरेलू मैदान युवा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबीके) में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की मेजबानी करेगी, तो मेजबान टीम का लक्ष्य इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में जीत का स्वाद चखना होगा, जबकि हाईलैंडर्स अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पूरे तीन अंक बटोरना चाहेंगे।

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी नौ मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और दो हार से 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 21 गोल दागे हैं और सिर्फ 15 गोल खाए हैं। वे पिछले पांच मैचों में एक हारे हैं।

ईस्ट बंगाल एफसी सात मैचों में एक ड्रा और छह हार से केवल एक अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे फिसड्डी टीम बनी हुई है। हालांकि उसने मोहम्मडन एससी के खिलाफ कोलकाता डर्बी में गोलरहित ड्रा अपना पहला अंक बटोरा था और अब वो अपने उत्साही घरेलू दर्शकों के सामने पूरे तीन अंक पाना चाहेंगी।

ईस्ट बंगाल का नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के विरुद्ध सकारात्मक रिकॉर्ड रहा है, जिसमें वो 10 फरवरी, 2024 को अपने सबसे हालिया मुकाबले में 2-3 के अंतर से हारी थी लेकिन उससे पहले वो दो बार जीती और एक ड्रा खेला।

रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने इस सीजन में अपने मैचों के शुरुआती 15 मिनट में केवल एक गोल खाया। लेकिन, वे इस अवधि में गोल नहीं कर पाए हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने अपने पिछले चार मुकाबलों में तीन जीत दर्ज की और एक ड्रा खेला। हाईलैंडर्स ने अपने मैचों में औसतन केवल 41प्रतिशत कब्जा रखा है, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने इस सीजन में सबसे ज्यादा 21 गोल किए हैंईस्ट बंगाल के स्पेनिश हेड कोच ऑस्कर ब्रुज़ोन ने भरोसा दिलाया कि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ घरेलू टीम ने अपना होमवर्क ठीक से किया है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की आक्रामक ताकत के सामने हम बेअसर रहेंगे, लेकिन वो अधिक गोल करने की कोशिश करने आ रही हैं। लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने की कोशिश करेंगे और मैच जीतेंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्विएटेक ने डोपिंग मामले में एक महीने का निलंबन स्वीकार किया

**नई दिल्ली।** पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्विएटेक को प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाजिडाइन



(टीएमजेड के नाम से जानी जाने वाली हृदय की दवा) के सेवन के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद एक महीने का निलंबन स्वीकार कर लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने गुरुवार को उक्त घोषणा की। स्विएटेक अगस्त में प्रतियोगिता से बाहर ड्रग टेस्ट में विफल रही थीं, और आईटीआईए ने उनके स्पष्टीकरण को स्वीकार कर लिया कि परिणाम अनजाने में हुआ था और यह एक गैर-पर्चे वाली दवा, मेलाटोनिन के संदूषण के कारण हुआ था, जिसे स्विएटेक जेट लैग और नींद की समस्याओं के लिए ले रही थीं। आईटीआईए ने कहा कि यह निर्धारित किया गया था कि उनकी गलती का स्तर बिना किसी महत्वपूर्ण गलती या लापरवाही के सीमा के सबसे निचले छोर पर था। पोलैंड की 23 वर्षीय स्विएटेक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह अनुभव, जो मेरे जीवन का अब तक का सबसे कठिन अनुभव था, ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। उन्होंने कहा, यह पूरी बात निश्चित रूप से मेरे जीवन के बाकी हिस्सों के लिए मेरे साथ रहेगी। इस स्थिति ने मेरा दिल लगभग तोड़ दिया था, जिसके बाद प्रशिक्षण पर वापस लौटने में बहुत समय लगा, इसलिए बहुत सारे आँसू थे और बहुत सारी रातें बिना सोए रहीं। स्विएटेक ने पोलिश भाषा में बात करते हुए कहा, जिसका अंग्रेजी अनुवाद पोस्ट के शीर्ष पर स्क्रॉल किया गया है, इसका सबसे बुरा हिस्सा अनिश्चितता थी। मुझे नहीं पता था कि मेरे करियर के साथ क्या होने वाला है, चीजें कैसे खत्म होंगी या मुझे टेनिस खेलने की अनुमति मिलेगी या नहीं। बता दें कि यह टेनिस में दूसरा हालिया हाई-प्रोफाइल डोपिंग मामला है, इससे पहले शीर्ष रैंक वाले जननिक सिनर, मार्च में स्टेरॉयड के लिए दो परीक्षणों में विफल रहे और अगस्त में यूएस ओपन की शुरुआत से ठीक पहले उन्हें मंजूरी दे दी गई, जिसे उन्होंने सीजन का अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए जीता। सिनर ने कोई प्रतियोगिता नहीं छोड़ी; विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी ने उन्हें दोषमुक्त करने वाले फैसले के खिलाफ अपील की है। स्विएटेक अप्रैल 2022 में पहली बार डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर 1 पर पहुंचीं और तब से वह ज्यादातर समय वहीं रहीं, लेकिन अक्टूबर में आर्यना सबालेंका से आगे निकलने के बाद अब वह नंबर 2 पर हैं। स्विएटेक ने जून में फ्रेंच ओपन जीता और वहां अपना चौथा खिताब और कुल मिलाकर पांचवीं मेजर चैंपियनशिप जीती, फिर अगस्त की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।स्विएटेक ने बुधवार को औपचारिक रूप से एंटी-डोपिंग नियम के उल्लंघन को स्वीकार किया और अपना दंड स्वीकार कर लिया। टीएमजेड 23 चीनी तैराकों से जुड़े मामले के केंद्र में दवा है, जो 2021 में प्रदर्शन बढ़ाने वाले पदार्थों के लिए सकारात्मक परीक्षण के बावजूद पात्र बने रहे। स्विएटेक ने कहा कि वह अपने परीक्षण के परिणाम से हैरान थीं और उन्होंने टीएमजेड के बारे में कभी नहीं सुना था। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से मेलाटोनिन का उपयोग कर रही हैं, और आगे कहा कि मेरी सारी यात्राएं, जेट लैग और काम से संबंधित तनाव का मतलब है कि कभी-कभी इसके बिना, मैं सो नहीं पाती।

### विराट के फार्म में ऑस्ट्रेलिया को हुआ नुकसान, हार सकती है सीरीज




**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलेन बॉर्डर ने कहा है कि पर्थ में पहले टेस्ट के दौरान विराट कोहली ने जिस प्रकार से शतक लगाया है उससे वह फार्म में आ गये हैं। बॉर्डर के अनुसार विराट इसी प्रकार खेलते रहे तो मेजबान टीम के हाथों से सीरीज निकल जाएगी। बॉर्डर ने कहा कि हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जिसके कारण ही विराट को फार्म में आने का अवसर मिला है। कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में फॉर्म में लौटे और नाबाद 100 रन बनाए जबकि वह पिछले काफी समय से रन नहीं बना पा रहे थे। भारतीय टीम ने पहला टेस्ट शानदार तरीके से जीता। बॉर्डर ने कहा, 'जिस तरह से उन्होंने कोहली को शतक बनाने दिया, मैं बहुत निराश हूं। हम नहीं चाहते कि पूरी सीरीज में विराट इस तरह से खेलें। बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की कप्तानी पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में संघर्ष करते नजर आए कोहली को उन्होंने फॉर्म मे लौटने का अवसर दिया। वहीं पूर्व सलामी बल्लेबाजी मैथ्यू हेडन ने भी कमिंस की जमकर आलोचना की। हेडन ने कहा, 'विराट को उसकी पारी की शुरूआत में ही आउट करना चाहिए था जिसमें टीम असफल रही। क्षेत्ररक्षण भी सही तरीके से नहीं लगा। इससे भी विराट को खुलकर खेलने का अवसर मिल जबकि शुरुआत में वह दबाव में थे।

# पर्थ की जीत भारत की सबसे बड़ी विदेशी जीतों में से एक : रिकी पोंटिंग

नई दिल्ली

**ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ के पहले मैच में पर्थ में भारत की हालिया जीत टीम की विदेश में सबसे बड़ी जीत है। पोंटिंग ने कहा, मुझे यकीन है कि यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी टेस्ट मैच जीत में से एक के रूप में दर्ज की जाएगी, और शायद ऐसा होना भी चाहिए।**




भारत ने विदेशों में कुछ व्यापक और अविश्वसनीय जीत हासिल की हैं, जिसमें गाबा 2021 का परिणाम भी शामिल है, जिसने उन्हें पीछे से आकर सीरीज़ जीतने के लिए प्रेरित किया। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान के पास इसके अपने कारण थे।

पोंटिंग ने कहा, उनके पास जो खिलाड़ी थे, उनके जाने के बाद...रोहित (शर्मा) नहीं खेल पाए, (शुभमन) गिल नहीं खेल पाए और (मोहम्मद) शमी नहीं खेल पाए...यह एक शानदार जीत है।

पहली पारी में मामूली स्कोर पर सिमटने के बाद भारत ने मैच 295 रन से जीत लिया।

चार दिन में खत्म हुए टेस्ट को याद करते हुए पोंटिंग ने क्रिकबज से कहा, 150 रन पर आउट होने के बाद, यह थोड़ी, चौंकाने वाली जीत थी। और उन्होंने 300 रन से जीत हासिल की। इसलिए यह एक अविश्वसनीय बदलाव है।

पोंटिंग ने यह विश्लेषण करने की कोशिश की कि पूरे टेस्ट में भारत ने बढ़त क्यों बनाए रखी और टॉस के महत्व का हवाला दिया।

उन्होंने कहा, टॉस जीतना एक बड़ा फायदा था। मैंने उस समय ऐसा कहा था। रिकॉर्ड यह है कि ऑप्टस स्टेडियम में जीतने वाली टीम ने हर बार पहले बल्लेबाजी की। संयोग से, ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाँच में से चार टेस्ट जीते।

मैच में भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया और टीम 50 से कम ओवरों में 150 रन पर ढेर हो गई। लेकिन उन्होंने पहले दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने केवल 67 रन पर 7 विकेट खो दिये थे, जिसमें से चार बुमराह ने लिए। कप्तान ने टेस्ट में कुल मिलाकर आठ विकेट लेकर आगे से नेतृत्व किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

पोंटिंग ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि बुमराह ने आगे से नेतृत्व किया। पहली पारी की शुरुआत में उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की वह अविश्वसनीय था। आप जानते हैं, शमी के न होने पर, उन्हें खड़े होकर नेतृत्व करना पड़ा। और कप्तान होने के नाते, उन्होंने ऐसा किया। उन्होंने मैदान पर अपनी नेतृत्व क्षमता के साथ ऐसा किया, और उन्होंने गेंद को हाथ में लेकर ऐसा किया। जाहिर है, विराट (कोहली, जिन्होंने नाबाद शतक बनाया) को वही करना था जो उन्होंने दूसरी पारी में किया और उन्होंने (यशस्वी) जायसवाल के साथ मिलकर खेल को सेट किया। लेकिन मुझे लगता है कि उनका पूरा गेंदबाजी समूह पहले दिन देर से खड़ा हुआ। पहले दिन का दूसरा भाग शायद वह था जहां खेल बदल गया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से मिली करारी हार के बाद भारतीय जीत खास थी। पोंटिंग ने कहा कि अगर उस सीरीज में विकेट अच्छे होते तो भारत को इतनी शर्मनाक हार का सामना नहीं करना पड़ता और उन्हें यकीन है कि वे घरेलू मैदान की तुलना में विदेशों में बेहतर टीम हैं।

उन्होंने कहा, मैंने एक बात कही, और मुझे लगता है कि यह सच है। मुझे नहीं पता कि इस बारे में यहाँ कितनी बात हुई है, लेकिन मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाज अब घर से बाहर बेहतर खेलते हैं, जितना वे घर पर खेलते हैं। मुझे लगता है कि वे अब स्पिन गेंदबाजी के मुकाबले तेज गेंदबाजी के बेहतर खिलाड़ी हैं। और मुझे लगता है कि यह पर्थ में साबित हो गया है। पर्थ जाने में सक्षम होना, जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी का उस विकेट पर 161 रन बनाना, यहाँ तक कि नितीश रेड्डी का पहली पारी में 41 रन बनाना... मुझे लगता है कि वे (भारत) उन विकेटों पर बेहतर खेलते हैं, जितना वे अपने घर में धीमी स्पिनिंग ट्रैक पर खेलते हैं। मेरा मतलब है, दुनिया में ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे न्यूजीलैंड उन्हें अच्छे विकेटों पर हरा सके।

पोंटिंग ने भविष्यवाणी की थी कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का अंतिम परिणाम 3-1 होगा। वह अभी भी उस पूर्वानुमान पर कायम हैं। उन्होंने कहा, नहीं, मैंने अपना दृष्टिकोण नहीं बदला है। मैं उसी पर कायम रहूँगा। भारत ने पहला (टेस्ट) जीता। मैंने शुरू में 3-1 से जीत की बात कही थी। हाँ, मैं उसी पर कायम रहूँगा। लेकिन यह बहुत पीछे है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अब काफी काम करना है।

# महिला प्रीमियर लीग के लिए 15 दिसंबर को होगी छोटी नीलामी




मुंबई

**भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसीआई) के अनुसार महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 सत्र के लिए छोटी नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी। इसमें टीम बनाने के लिए सभी पांचों फ्रैंचाइजी के पास 15 करोड़ रूपये का बजट रहेगा।**

छोटी नीलामी में उतरने वाली दिग्गज विदेशी खिलाड़ियों में इंग्लैंड की कप्तान हेदर नाइट, न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज लिया ताहुहु, वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर ड्रिएंड्रा डॉटिन जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं भारतीय खिलाड़ियों में स्नेह राणा, लेग स्पिनर पूनम यादव और बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति रहेंगी। पिछले दो सत्र से दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी मेग लैनिंग के पास है पर इनकी टीम के पास सबसे कम 2.5 करोड़ का बजट है। वहीं गुजरात जायंट्स ने सबसे अधिक सात खिलाड़ी बाहर किये हैं ऐसे में उसके पास सबसे अधिक 4.4 करोड़ रुपए बचे हैं। इसलिए वह कई खिलाड़ी खरीद सकती है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पास स्मृति मांधना और सोफी डिवाइन जैसी खिलाड़ी हैं। आरसीबी के पास 3.25 करोड़ का पर्स है। नवंबर की शुरुआत में प्री-सीजन ट्रेड विंडो के जरिये डैनी व्याट ही एक मात्र खिलाड़ी रही जो ट्रांसफर हुई। आरसीबी ने उनको यूपी वारियर्स से लिया। वह पिछले सत्र में यूपी वारियर्स में कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पायी थी। डब्ल्यूपीएल का तीसरा सत्र फरवरी-मार्च 2025 में खेला जाएगा।

# श्रीलंका के खिलाफ चल रहे टेस्ट सीरीज से बाहर हुए वियान मुल्डर

नई दिल्ली

**दक्षिण अफ्रीका की टीम डरबन में श्रीलंका के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट मैच के बाकी बचे समय के साथ-साथ गेकेबरहा में होने वाले अगले मैच में भी वियान मुल्डर के बिना खेलेगी, क्योंकि इस ऑलराउंडर के दाहिने हाथ की मध्यमा अंगुली में फ्रैक्चर हो गया है।**



क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने 5 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्ज़के को मुल्डर की जगह टीम में शामिल किया है। 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

डरबन में पहले टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते समय लाहिरू कुमारा की 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आई गेंद से मुल्डर को हाथ में चोट लग गई थी। मुल्डर को काफी दर्द हो रहा था और उन्हें फिर से बल्लेबाजी करने में कुछ समय लगा। लेकिन उन्होंने दर्द के कारण मैदान से बाहर जाने से पहले सिर्फ दो और गेंदों का सामना किया।

उसी सत्र में, जब दक्षिण अफ्रीका के 145 रन पर नौ विकेट गिर चुके थे, तब वे फिर से बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने और कागिसो रबाडा ने अंतिम विकेट के लिए 26 रन जोड़े, जिसमें मुल्डर ने धनंजय डी सिल्वा की गेंद पर छक्का भी लगाया। लंच ब्रेक के दौरान लिए गए एक्स-रे से पता चला कि चोट कितनी गंभीर है, जिसके कारण अब वे आगे नहीं खेल पाएंगे।

# पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 : भारत ने जापान को 3-2 से हराया

मस्कट




भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार रात मस्कट, ओमान में जापान के खिलाफ अपने दूसरे पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 मैच में 3-2 से कड़ी जीत दर्ज की। थोकचोम किंगसन सिंह (12) ने भारत के लिए खाता खोला, लेकिन जापान के नियो सातो (15, 38) ने जल्द ही गोल करके बराबरी हासिल कर ली। दूसरे हाफ में रोहित (36) ने भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन नियो सातो ने फिर से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। अरिजीत सिंह हुंडल (39) ने तीसरे क्वार्टर के अंत में फिर से भारत के लिए बढ़त हासिल की और भारत ने एक गोल की बढ़त को बरकरार रखते हुए अपनी जीत सुनिश्चित की।

दोनों टीमें शुरुआती सीटी से ही क्षेत्र के लिए एक दूसरे से भिड़ती रहीं, जिसके कारण खेल के तीन मिनट बाद जापान को पेनल्टी कॉर्नर मिला, हालांकि बिक्रमजीत सिंह सतर्क रहे और अपने गोल पर किसी भी तरह के खतरे को टाल दिया। जापान द्वारा उच्च दबाव का इस्तेमाल करने के बावजूद, भारत ने चतुर हवाई गेंदों और शानदार कौशल के साथ इसे कुशलता से पार कर लिया।

दोनों टीमों ने सार्थक कब्जे के लिए संघर्ष किया, और दिलराज सिंह ने पहले क्वार्टर में तीन मिनट शेष रहते भारत के लिए पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, जिसे थोकचोम किंगसन सिंह ने गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिला दी।

हालांकि, पहले क्वार्टर के अंतिम मिनट में जापान ने पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया और नियो सातो ने भारतीय रक्षा को पार करते हुए ड्रैग फ्लिक के साथ बराबरी हासिल की। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में, भारत ने मनमीत सिंह के साथ दो मिनट के भीतर दो बार गोलकीपर को परखने के साथ बढ़त हासिल करने का प्रयास किया, हालांकि, किशो कुरोदा दोनों मौकों पर गोल बचाने में कामयाब रहे। दोनों टीमों ने एक दूसरे पर वार किया लेकिन कोई स्पष्ट मौका नहीं मिला जब तक कि क्वार्टर में छह मिनट शेष रहते जापान को पेनल्टी कॉर्नर नहीं मिला।

भारत के पहले रशर रोहित ने जापान को इस अवसर का फायदा न उठाने देने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। क्वार्टर में दो मिनट शेष रहते जापानी फॉरवर्ड ने दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए। हालांकि, भारत ने हार नहीं मानी और अपने पेनल्टी कॉर्नर से जवाब दिया लेकिन जापान ने बेहतरीन बचाव किया, जिससे पहला हाफ 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत भी कुछ इसी तरह हुई और जापान ने चार मिनट के आसपास दो पेनल्टी कॉर्नर बनाए।

# एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में मुख्य आकर्षण होंगे फेलिक्स, पाओलिनी, नवारो

एडिलेड

फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे, जैस्मीन पाओलिनी उन बड़े सितारों में शामिल हैं, जो एटीपी 250 इवेंट एडिलेड इंटरनेशनल में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं, टूर्नामेंट निदेशक एलिसिया मोलिक 6 से 11 जनवरी 2025 तक होने वाले टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों की पुष्टि की।

फेलिक्स (पूर्व विश्व नंबर 6) और डब्ल्यूटीए की शीर्ष 10 रैंकिंग वाली खिलाड़ियों में से दो जैस्मीन पाओलिनी, एम्मा नवारो, साथ ही दुनिया की नंबर 13 डायना श्नाइडर अगले साल की शुरुआत में एडिलेड में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इनके अलावा पुरुष वर्ग में 2022 के चैंपियन थानासी कोकिनाकिस, विश्व नंबर 12 टॉमी पॉल, विश्व नंबर 22 सेबेस्टियन कोर्डा और जेसिका पेगुला और बारबोरा क्रेजिकोवा भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।



मोलिक ने कहा, अब तक हमने जिन प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा के लिए चुना है, वे असाधारण हैं और हमें विश्वास है कि प्रशंसकों को कुछ शानदार मैच देखने को मिलेंगे। इनमें से प्रत्येक खिलाड़ी कोर्ट में कुछ अनूठा लेकर आता है और हम उन्हें द ड्राइव में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा, फेलिक्स ने खुद को एटीपी टूर पर सबसे रोमांचक और प्रतिस्पर्धी युवा खिलाड़ियों में से एक साबित किया है और एडिलेड में उनकी मौजूदगी निश्चित रूप से इस आयोजन के रोमांच को बढ़ाएगी। जैस्मीन इस साल विंबलडन में एकल फाइनलिस्ट थीं और उन्होंने अपना सीजन शुरू करने के लिए 2024 दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में खिताब जीता। और एम्मा देखने लायक सबसे रोमांचक युवा खिलाड़ियों में से एक हैं। हमें उम्मीद है कि वह एक मजबूत दावेदार होंगी।

ऑगर-अलियासिमे ने 2022 में रॉटरडैम ओपन में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता, जो उनके करियर का एक बड़ा मील का पत्थर है। कनाडाई खिलाड़ी लगातार ग्रैंड स्लैम के दूसरे सप्ताह तक पहुँचते रहे हैं, उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम 2021 में यूएस ओपन सेमीफाइनल में पहुँचना रहा है।

दुनिया की नंबर 4 पाओलिनी अपनी प्रतिस्पर्धी भावना को दुनिया की नंबर 8 और अमेरिकी टेनिस के उभरते सितारों में से एक नवारो के साथ लेकर आएंगी।

2024 होबार्ट इंटरनेशनल में सम्मान पाने वाली नवारो ने अपने करियर में बहुत प्रगति की है, और उनका दमदार खेल निश्चित रूप से प्रभाव डालेगा।

पॉल, जो एटीपी रैंकिंग में नंबर 12 के करियर के उच्चतम स्थान पर हैं, ने 2024 में तीन खिताब जीतकर अपने सबसे सफल सत्र का आनंद लिया है। 2020 में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, अमेरिकी वापस आ गए हैं और 6-11 जनवरी तक होने वाले टूर्नामेंट में ऑगर-अलियासिमे के साथ खचाखच भरे मैदान में शामिल होंगे।

2022 के चैंपियन थानासी कोकिनाकिस, साथ ही दुनिया के नंबर 22 सेबेस्टियन कोर्डा भी द ड्राइव में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## इस कंपनी में कुत्ते करते हैं स्वागत

**चंडीगढ़** मनीमाजरा स्थित क्यू ब्लॉक्स टेक्नोलॉजी प्रा लि एक ऐसी कम्पनी है, जहां आने-जाने वालों का स्वागत कुत्ते करते हैं। आपको सुनकर थोड़ा अजीब लगेगा लेकिन यह सच है। दफ्तर में अच्छा माहौल और तनावग्रस्त को दूर करने के लिए इस कम्पनी ने 2 पालतू कुत्तों कार्लोस और चतुर का सहारा लिया है। ये कंपनी भी गूगल के नक्शेकदम पर चल पड़ी है। और अपने कर्मचारियों को कई तरह की सहूलियतें भी दे रही हैं। मनीमाजरा स्थित इस कम्पनी में कार्लोस और चतुर नाम के ये दोनों डॉग दफ्तर में घूमते रहते है और अन्दर आने-जाने वालों का स्वागत करते है। चतुर नाम का यह डॉग एक-एक कर सभी कर्मचारियों से मिलता है। जबकि कार्लोस नाम का यह डॉग दफ्तर के केबिन के पास बनी सीट पर बैठा रहता है। इस आफिस में दिन की शुरूआत इन दोनों डॉग से होती है कई कर्मचारी तो इनको अपनी गोद में बिठाने के लिए उतावले रहते है। इस कम्पनी में मिलने वाली सुविधाओं के कर्मचारी कायल है कर्मचारियों को घर जैसा खाना मुहैया करवाया जाता है। कम्पनी में स्नूकर, टेबल टेनिस भी है। काम से जब मर्जी ब्रेक लेकर इन सुविधाओं का मजा लिया जाता है।

## लैवेंडर तेल और बर्न्स के क्या फायदे हैं?

लैवेंडर तेल के उपयोग करने का मुख्य लाभ, प्राकृतिक रूप से त्वचा के जलने का उपचार है। हालांकि बाजार में कई तरह की बर्न क्रीम मिलती है, लेकिन उनमें से ज्यादातर में हानिकारक केमिकल मौजूद होते है। अगर आप अपने स्वास्थ्य और भलाई की परवाह करते हैं तो आवश्यक तेल जैसे लैवेंडर त्वचा के जलने के उपचार के लिए एक बढ़िया घरेलू उपाय हो सकता है।



# स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भरपूर है तुलसी



**तुलसी** में कई औषधीय गुण होते हैं। हृदय रोग हो या सर्दी जुकाम, भारत में सदियों से तुलसी का इस्तेमाल होता आ रहा है। और क्या-क्या हैं तुलसी की खूबियां, आइये इस पर एक नजर डालते हैं।

**सर्दी जुकाम में लाभप्रद:** सर्दी जुकाम होने पर तुलसी की पत्तियों को चाय में उबालकर पीने से राहत मिलती है। तुलसी का अर्क तेज बुखार को कम करने में भी कारगर साबित होता है। करीब सभी कफ सीरप को बनाने में तुलसी का इस्तेमाल किया जाता है। तुलसी की पत्तियां कफ साफ करने में मदद करती हैं। तुलसी के कोमल पत्तों को चबाने से खांसी और नजले से राहत मिलती है।

**गले की खराश:** तुलसी की पत्तियों को उबालकर पीने से गले की खराश दूर हो जाती है। इस पानी को आप गरारा करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बच्चों में बुखार, खांसी और उल्टी जैसी सामान्य समस्याओं में तुलसी बहुत फायदेमंद है।

**श्वांस की समस्या:** श्वांस संबंधी समस्याओं का उपचार करने में तुलसी बहुत उपयोगी साबित होती है। शहद, अदरक और तुलसी को मिलाकर बनाया गया काढ़ा पीने से ब्रोंकाइटिस, दमा, कफ और सर्दी में राहत मिलती है। नमक, लौंग और तुलसी के पत्तों से बनाया गया काढ़ा इंफ्लुएंजा (एक तरह का बुखार) में फौरन राहत देता है।

**गुर्दे की पथरी:** तुलसी गुर्दे को मजबूत बनाती है। यदि किसी के गुर्दे में पथरी हो गई हो तो उसे शहद में मिलाकर तुलसी के अर्क का नियमित सेवन करना चाहिए। छह महीने में फर्क दिखेगा।

**हृदय रोग:** तुलसी खून में कोलेस्ट्राल के स्तर को घटाती है। ऐसे में हृदय रोगियों के लिए यह खासी कारगर साबित होती है।

**तनाव:** तुलसी की पत्तियों में तनाव रोधीगुण भी पाए जाते हैं। हाल में हुए शोधों से पता चला है कि तुलसी तनाव से बचाती है। तनाव को खुद से दूर रखने के लिए कोई भी व्यक्ति तुलसी के 12 पत्तों का रोज दो बार सेवन कर सकता है।

**संक्रमण और त्वचा रोग:** अल्सर और मुंह के अन्य संक्रमण में तुलसी की पत्तियां फायदेमंद साबित होती हैं। रोजाना तुलसी की कुछ पत्तियों को चबाने से मुंह का संक्रमण दूर हो जाता है। दाद, खुजली और त्वचा की अन्य समस्याओं में तुलसी के अर्क को प्रभावित जगह पर लगाने से कुछ ही दिनों में रोग दूर हो जाता है। नैचुरोपैथों द्वारा ल्यूकोडर्मा का इलाज करने में तुलसी के पत्तों को सफलता पूर्वक इस्तेमाल किया गया है।

### सांसों की दुर्गंध

तुलसी की सूखी पत्तियों को सरसों के तेल में मिलाकर दांत साफ करने से सांसों की दुर्गंध चली जाती है। पायरिया जैसी समस्या में भी यह खासा कारगर साबित होती है। सिर के दर्द में तुलसी एक बढ़िया दवा के तौर पर काम करती है। तुलसी का काढ़ा पीने से सिर के दर्द में आराम मिलता है। आंखों की जलन में तुलसी का अर्क बहुत कारगर साबित होता है। रात में रोजाना श्यामा तुलसी के अर्क को दो बूंद आंखों में डालना चाहिए।

# शिशु को कब देना चाहिए सॉलिड आहार



**सामान्यतः** शिशु को 6 माह के बाद ही सोलिड यानी ठोस आहार देना चाहिए। इसके साथ ही कुछ बातों का ख्याल भी रखना आवश्यक है मसलन शिशु को खिलाते वक्त उसकी शारीरिक स्थिति कैसी हो। ध्यान रखें कि खाते वक्त शिशु का पोस्चर बहुत मायने रखता है। सुलाकर कतई न खिलाएं। ऐसे में उसके गले में खाना का ग्रास फंस सकता है। उसे परेशानी भी हो सकती है। जब भी उसके मुंह में खाने का निवाला दें तो उसके सिर को पीछे की ओर झुकाएं ताकि उसे निगलते हुए परेशानी न हो।

### ठोस आहार के साथ मां का दूध

यह भी एक सवाल होता है कि जब शिशु को ठोस आहार दिया जाए तो क्या उसे मां का दूध पिलाना सुरक्षित है? जी, बिल्कुल सुरक्षित है। जरूरी नहीं है कि शिशु को ठोस आहार देना शुरु कर दिया है तो उसे अपना दूध न पिलाएं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि कब अपना दूध और कब ठोस आहार देना आवश्यक है। इस संबंध में विशेषज्ञों की सलाह लें।

### कब-कब दें ठोस आहार

6 माह के शिशु को उठते ही ठोस आहार न दें। उनके लिए चाहिए कि उनके खानपान की शुरुआत मां अपने दूध से करें। लेकिन यही नियम 9 माह के शिशु के लिए लागू नहीं होता। उन्हें सुबह उठते ही दलिया, खिचड़ी आदि कोई भी ठोस आहार दे सकते हैं। इससे उन्हें आवश्यक पौष्टिक तत्व मिलते हैं जो उन्हें बढ़ने में मदद करता है। 9 माह के शिशु को दो से ढाई घंटे के बीच बीच में कुछ ठोस आहार देते रहें। जबकि 6 माह के शिशु को चूंकि मां का दूध भी चाहिए होता है तो उन्हें दोपहर, रात और सुबह ठोस आहार दिया जा सकता है।

### खिलाते वक्त रखें ध्यान

शिशु को खिलाते वक्त ध्यान रखें कि न सिर्फ आपके हाथ धुले हुए हों बल्कि शिशु के भी हाथ धुले हों। दरअसल मुंह में ठोस पदार्थ जाते ही शिशु उन्हें अपने हाथ से छूकर देखता है, उन्हें मुंह से निकालता है। यहां तक कि नीचे गिरे दाने भी वह उठा उठाकर खाने की कोशिश करता है। ऐसे में उसके हाथ धुले होना आवश्यक है। इसके अलावा यह भी ध्यान रखें कि शिशु के खाने के दौरान टीवी, म्यूजिक आदि चीजें चल न रही हों। इससे शिशु का फोकस भटक सकता है। एक बात और जान लें कि शिशु

खाते वक्त अकसर मुंह घुमाता है, न खाने की चाह प्रकट करता है। इससे आप यह न समझ बैठें कि उसे नहीं खाना। प्रत्येक शिशु इस तरह करते हैं। अतः उन्हें कोशिश खिलाएं।

### शिशु को क्या दें

**दाल:** छोटे यानी 6 माह के शिशु के लिए दाल उपयुक्त आहार है। वास्तव में दाल में आयरन और कुछ अन्य तत्व होते हैं जो कि 6 माह के शिशु को जरूरी आवश्यक तत्व के लिए पर्याप्त है। ध्यान रखें कि छूटते ही उसे थक्के वाली दाल न खिलाएं। कुछ समय पतली दाल खिलाएं ताकि उसे निगलने की प्रैक्टिस हो जाए। इसके बाद थक्के वाली दाल खिलाई जा सकती है।

**दलिया/खिचड़ी:** 9 माह के शिशु को सिर्फ दाल न दें। उन्हें विकास के लिए कुछ अन्य तत्व की भी जरूरत है। अतः खिचड़ी या दलिया दें। लेकिन जरूरी यह है कि दलिया या खिचड़ी में तमाम किस्म की सब्जियां दें। विशेषज्ञों के मुताबिक दलिया जितने रंगों से भरी होगी अर्थात जितनी ज्यादा उसमें सब्जियां होंगी, वह उतनी ही असरकारक और स्वास्थ्यकर होगी। अतः दलिया या खिचड़ी में विभिन्न किस्म की सब्जियां अवश्य डालें। इसके अलावा उन्हें फल भी जरूर दें। फल उन्हें भीतरी रूप से ठोस बनाता है।

**सब्जियां:** दलिया के अलावा आप चाहें तो उन्हें मैश की हुई सब्जियां भी दे सकते हैं। सब्जियों को उबाल लें। इसके बाद उसमें मक्खन और हल्का सा नमक लगाकर शिशु को खिलाएं। शिशु को चावल भी खिलाए जा सकते हैं। चावल के साथ दाल या सब्जी बेहतरीन विकल्प है।

### क्या नहीं देना चाहिए

जितना जरूरी यह जानना है कि शिशु को क्या दिया जाना चाहिए, उतना ही जरूरी यह जानना भी है कि शिशु को क्या नहीं दिया जाना चाहिए। शिशु को शहद, नींबू, संतरा, नट्स, पीनट बटर, किशमिश, बेर, सूखे बेर आदि न दें। इसके अलावा उनके हाथ में कोई भी बीज वाले फल न दें क्योंकि इससे उनके गले में बीज के अटकने का खतरा बना रहता है। यही नहीं उन्हें बहुत सूखी चीजें भी न खिलाएं जो उनके गले में फंस सकता है। अगर देते भी हैं तो साथ साथ पानी अवश्य पिलाएं।



# अस्थमा में मददगार है पासासन



**योग** रखे निरोग, यह कहावत ही नहीं बल्कि हकीकत भी है। योग के जरिए सामान्य और खतरनाक बीमारियों पर न केवल काबू पाया जा सकता है बल्कि इनके नियमित अभ्यास से उनका उपचार भी किया जा सकता है। अस्थमा सांस संबंधी बीमारी है, जिसके उपचार में पासासन बहुत ही प्रभावी और कारगर है। इस लेख में जानते हैं, पासासन करने की विधि और यह किस तरह से अस्थमा के उपचार में कारगर है।

### क्यों होता है अस्थमा

अस्थमा यानी दमा, यह सांसों की बीमारी है जिसका शिकार कोई भी हो सकता है, चाहे वह बच्चा हो या बूढ़ा। इस बीमारी के लिए जिम्मेदार कई कारण हैं, मौसम में बदलाव, प्रदूषण का बढ़ना, आनुवांशिक, आदि। इस बीमारी में म्यूकस के कारण फेफड़े काम करना तक बंद कर देते हैं। एक बार यह बीमारी किसी को हो गई तो उसका संपूर्ण उपचार नहीं हो सकता है। हालांकि इससे बचाव के तरीकों को आजमाकर इसे बढ़ने से रोका जा सकता है।

### पासासन से अस्थमा का उपचार

वर्तमान में अस्थमा के उपचार के लिए बाजार में कई तरह की दवाएं मौजूद हैं। अगर लंबे समय तक इन उपचारों के प्रयोग के बारे में देखा जाये तो इनसे अस्थमा को काबू में लाया तो जा सकता है, लेकिन इनके अधिक प्रयोग से दूसरी स्वास्थ्य समस्याएं भी होने लगती हैं। ऐसे में योगासन सुरक्षित और बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। पासासन ऐसा ही योग का आसन है जिससे अस्थमा का उपचार अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकता है। 'पास' एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है बंधन।

### पासासन करने की विधि

इस आसन को करने के लिए ताड़ासन की मुद्रा में सीधे खड़े हो जाएं। फिर घुटनों को स्क्वैट करने की स्थिति में झुकाएं। इस दौरान तलवों को जमीन पर स्थिर रखें और घुटनों को मोड़कर बैठ जाएं। फिर शरीर के ऊपरी हिस्से को दाईं तरफ मोड़ें, शरीर का ऊपरी हिस्सा दाहिने घुटनों तक लाने का प्रयास कीजिए। अपने हाथों और हथेलियों को भी मोड़ लीजिए। फिर पीठ की तरफ से हाथों को ले जाकर एक हाथ से दूसरे हाथ को कसकर पकड़ लीजिए। फिर अपने सिर को ऊपर की तरफ ले जाकर लंबी सांस लें। लंबी सांसें 4-5 बार लें। फिर आराम से सामान्य स्थिति में आएं। फिर शरीर के दूसरे तरफ से इस क्रिया को दोहराएं।

### पासासन के दूसरे लाभ

पासासन ऐसा योगासन है जो अस्थमा के साथ दूसरी बीमारियों को भी दूर करता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर को फिट रखा जा सकता है। मासिकधर्म, साइटिका, हल्का पीठ दर्द, कंधे का दर्द या फिर गर्दन के दर्द को ठीक करने में पासासन काफी अच्छा माना जाता है। यह पोज थोड़ा टेढ़ा-मेढ़ा जरुर है लेकिन लगातार अभ्यास करने से यह आसान हो जाता है। इस आसन से पीठ, कमर और एड़ियों की मसापेशियों में खिंचाव होता है। इससे पेट की समस्याएं भी ठीक हो जाती हैं।

# बाईपास सर्जरी के बाद कैसा हो मरीज का जीवन

**दिल** के रोगियों को कई बार एक बार बाईपास सर्जरी के बाद दोबारा सर्जरी कराने की जरूरत पड़ती है। ऐसा अक्सर सर्जरी के बाद सावधानी न लेने के परिणामस्वरूप होता है। बाईपास सर्जरी में हृदय की धमनी में आए ब्लॉकेज को निकाला नहीं जाता, बल्कि हृदय को ब्लड पहुंचाने की व्यवस्था की जाती है। बाईपास सर्जरी के बाद दवाएं लेने से ब्लॉकिंग की प्रक्रिया धीमी हो जाती है, लेकिन रूकती नहीं है। बाईपास सर्जरी एक निश्चित समय तक ही काम आती है, और अगर बाईपास सर्जरी के बाद सावधानी के अभाव में हृदय की धमनी का ब्लॉकिंग और भी बढ़ जाती है तो दोबारा बाईपास की जरूरत पड़ती है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए जोखिम कारकों को काबू में रखना जरूरी होता है। वजन, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल आदि को नियंत्रित कर इस स्थिति को टाला जा सकता है।

### बाईपास सर्जरी के बाद देखभाल


- अगर वजन ज्यादा है तो उसे कम करने की कोशिश करें। रोजाना कम से कम 4 किमी टहलें।
- अगर डायबिटीज की समस्या है तो शुगर को नियंत्रित में रखने की कोशिश करें।
- ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखें, अधिक वसा युक्त चीजों से बचें और कोलेस्ट्रॉल को काबू में रखें।

HEALTH

## प्रतिस्पर्धा भरी दुनिया में अस्वस्थ होने का जोखिम

# ये तनाव कहीं ले न ले आपकी जान

*बदलाव के प्रति होने वाली एक भावनात्मक और शारीरिक प्रतिक्रिया है तनाव। हर किसी को तनाव होता है। तनाव सकारात्मक और आपको ऊर्जा देने वाला भी हो सकता है या अस्वास्थ्यकर और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा करने वाला भी। हो सकता है कि कम समय-अंतरालों तक रहने वाला तनाव आपको प्रभावित न करे, लेकिन लंबे समय तक बना रहने वाला तनाव आप पर प्रभाव डाल सकता है या हृदय रोग, हृदयाघात, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, आंतों में गड़बड़ी, दमा या गठिया जैसी कुछ बीमारियों को और अधिक बिगाड़ सकता है।*



### टेंशन के कई कारण...

प्रत्येक व्यक्ति के लिए तनाव के अलग-अलग कारण होते हैं। तनाव के कुछ सामान्य कारणों में परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु, बीमारी, अपने परिवार की देखरेख करना, रिश्तों में बदलाव आना, काम, नौकरी बदलना, जगह बदलना और पैसा हो सकते हैं। यहां तक कि देर तक इंतजार करना, विलंब हो जाना या भारी ट्रैफिक होना जैसी छोटी-छोटी चीजें भी तनाव का कारण हो सकती हैं।

### काउंसलर की लें मदद

यदि आपको आवश्यकता हो तो किसी चिकित्सक से मदद प्राप्त करें। तनाव का सामना करने और समस्याओं से निपटने में काउंसलर आपकी मदद कर सकता है। उदासी के एहसास, घबराहट या सोने की समस्या दूर करने में सहायता के लिए आपका डाक्टर आपको दवाइयां लिखकर दे सकता है। कर्म पर ध्यान दें, परिणाम स्वतः ही उपयुक्त होगा। परिणाम चिंता का कारण है। अपने को श्रेष्ठ बनाएं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखें। दूसरों की तरह करने का प्रयत्न न करें। 'उसकी साड़ी मेरी साड़ी से सफेद कैसे' के चक्कर में न पड़ें। थोड़ा बहुत तनाव अच्छा है, इसको हम स्ट्रेस कहते हैं। इसके चलते हम प्रगति करते हैं।

### इस तरह करें सामना...

तनाव के लक्षणों पर ध्यान न दें। जब ये प्रकट हों तो इसके कारण से बचने या इनके प्रति अपनी प्रतिक्रिया को बदलने की कोशिश करें। कुछ ऐसा करें जो आपको तनावमुक्त करे, जैसे-धीरे-धीरे और गहरी सांसें लेना, हाथ-पैर फैलाकर किए जाने वाले व्यायाम, योग, मालिश, ध्यान, संगीत सुनना, पढ़ना, गुनगुने पानी से स्नान करना या शॉवर लेना। कोई शौक पालें या कुछ ऐसा करें, जिसमें आपको आनंद आता है। जिन चीजों को आप नहीं बदल सकते, उन्हें स्वीकार करना सीखें। सकारात्मक सोच रखें। सीमा तय करें। 'नहीं' कहना सीखें। एक समय पर एक काम करें। हर रात 8 घंटे की नींद लें।

रेसिपी

## आटे की रस मलाई



### सामग्री

250 ग्राम आटा, 1 बड़ा चम्मच घी, 50 ग्राम पिसी शक्कर, 1 छोटा चम्मच इलायची पावडर, 1 छोटी कटोरी बारीक कटी मेवा, 2 लीटर फुल क्रीम दूध, 2 टेबल स्पून शक्कर, केसर के धागे, 1 चम्मच बादाम पिस्ता कतरन, बादाम 8-10

### विधि

आटे को घी में गुलाबी होने तक भूनें। उसके बाद उसमें शक्कर और 1 गिलास पानी डालकर गाढ़ा हलवा तैयार करें। दूध को शक्कर और केसर के धागे डालकर आधा रहने तक उबालें। इसे ठंडा होने दें। एक बड़ा चम्मच हलवा लेकर हथेली पर फैलाएं और इसके अंदर एक चम्मच मेवा रखकर चारों ओर से बंद करके हाथ से हल्का-सा चपटा करें। गरम तवे पर एक चम्मच घी लगाकर दोनों ओर सुनहरा होने तक सेकें। इन्हें गरम-गरम ही तैयार रबड़ी में डालें। ऊपर से पिस्ता कतरन और बादाम से सजाकर सर्व करें। रसमलाई के दूध में अपनी पसंद के अनुसार मेवा कम या ज्यादा कर सकते हैं। यानि जो मेवा आपको पसंद हो उसे डाल दीजिए और जो ना पसंद हो उसे हटा दीजिए।

# ये कॅरियर आपको जल्द बनाएंगे अमीर

**हर इंसान अमीर बनने के ख्वाब देखता है। कॉलेज खत्म होने के बाद हम सबके सामने कॅरियर को चुनने का विकल्प होता है। हम उसी कॅरियर को चुनना चाहते हैं, जिसमें हम ज्यादा से ज्यादा पैसा कमा सकें और अपनी लाइफ को सही मायने में सैटल कर सकें। इस सबके लिए जरूरी है कि हम ऐसे कॅरियर का चुनाव करें जो हमें बहुत दूर तक ले जाए। इसी से संबंधित हम आज आपको बताने जा रहे हैं कुछ ऐसे कॅरियर विकल्पों के बारे में जो आपके गोल को सही तरीके से चुनने में आपकी मदद करेंगे।**

### कोडिंग-डिकोडिंग दिमाग की उपज

आज के जमाने में कोडिंग-डिकोडिंग, प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग सब सॉफ्टवेयर क्रिएटर की दिमाग की उपज हैं, जो आज हम रोजमर्रा के लिए फेसबुक व अन्य वेबसाइट के माध्यम से इस्तेमाल करते हैं। इस जॉब के लिए आप में मैनेजमेंट स्किल के साथ इंट्रपर्सनल स्किल का होना भी जरूरी है।

### बनें सॉफ्टवेयर क्रिएटर

सॉफ्टवेयर क्रिएटर सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स को डेवेलप करता है। अगर आप टेक्नोलॉजी में रुचि रखते हैं और नए-नए आइडिया सोचने में महारत हासिल रखते हैं तो यह जॉब आपके लिए है। मार्केट में हमेशा नए व हाई लेवल सॉफ्टवेयर की जरूरत रहती है। ऐसे में आपको अच्छी सैलरी पर जॉब मिल जाएगी। इस प्रोफेशन में आपके दिमाग का नए आइडिया के सोचने के लिए तेज होना जरूरी है साथ में आपके पास इंजीनियरिंग की डिग्री भी होनी चाहिए।

### सबक लेकर पाएं तरक्की की राह

हर वर्ष कोई न कोई सीख दे जाता है। वर्ष 2014 ने भी ऐसी कई बातें सिखाई हैं, जिनसे सबक लेकर वर्ष 2015 में आप तरक्की की राह पकड़ सकते हैं। अधिकतर बिजनेस प्रतिभाओं की कमी से जूझ रहे हैं, जिससे जूनियर लीडर्स को अधिक मौके मिल रहे हैं। यह रुझान अगले 4-5 साल कायम रहेगा। यानि इस साल भी अधिक जवान लोगों को तरक्की मिलेगी। इस मौके का लाभ लें। इस वर्ष कैंपस में मिलने वाले इंटर्नशिप के मौके 20 प्रतिशत बढ़ गए। यह रुझान भी जारी रहेगा। यदि आप छात्र हैं तो इस मौके का फायदा उठाएं। कई कंपनियों में जवान लोगों के लीडरशिप संभालने के बीच रिटायर हो रहे कर्मचारियों की सेवाएं जारी रखने के लिए भी कंपनियां कई प्रस्ताव दे रही हैं। यदि आप रिटायर हो रहे हैं तो पार्टटाइम काम करने का ऑफर भी हासिल कर सकते हैं। पारम्परिक नौकरी का ढंग तथा रिपोर्टिंग स्ट्रक्चर में बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में लोगों से मेल-मिलाप के कौशल को सुधारिए।

## पोटैटो स्टू



### सामग्री

2 आलू छीलकर काट लें, 2 गाजर छीलकर काट लें, एक कप मटर, 10 फ्रेंच बीन्स, कटी हुई एक प्याज, लहसुन की 4 कलियां, अदरक का एक इंच बड़ा टुकड़ा, 3 हरी मिर्च, एक टुकड़ा दालचीनी, 4 लौंग, एक चम्मच काली मिर्च, 4 इलायची, 2 कप नारियल का पतला दूध, एक कप नारियल का गाढ़ा दूध, 8 करी पत्ते, स्वादानुसार चीनीस्वादानुसार नमक,

### विधि

स्टू बनाने के लिए लहसुन और अदरक को पीस लें। अब एक बर्तन में तेल गर्म करें। फिर इसमें करी पत्ते, दालचीनी, लौंग, इलायची और काली मिर्च डालकर मध्यम आंच पर फ्राई करें। जब तेल से खड़े मसालों की खशबू आने लगे तो इसमें अदरक, लहसुन, हरी मिर्च और प्याज डालकर फ्राई करें। प्याज सुनहरा हो जाए तो पैन में आलू, गाजर, मटर और फ्रेंच बीन्स डालकर चलाएं। इसके बाद सब्जियों में नारियल का पतला दूध, चीनी और नमक डालकर मिलाएं और पैन को ढक दें। अब धीमी आंच पर सब्जियों को नर्म होने तक पकाएं। जब सब्जियां पक जाएं तो पैन से ढक्कन हटाकर इसमें नारियल का गाढ़ा दूध डालें। इसके बाद मध्यम आंच पर सब्जी को एक मिनट पकाकर गैस बंद कर दें। केरल की स्पेशल वेजिटेबल स्टू तैयार है। इसे रोटी या चावल के साथ सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)